आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.14
सूर्यास्त 06.25

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी 09:16 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

रविवार, 22 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 116, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 6 रुपये



▪ महंगी होगी हवाई यात्रा किराया बढ़ा सकती है एयरलाइंस - 12



▪ पेट्रोलियम मंत्रालय ने 50 फीसदी तक बढ़ाया वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन - 12



▪ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- मोदी सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाले - 13



▪ केकेआर को बड़ा झटका चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर - 14

# ईरान के परमाणु संयंत्र पर फिर हमला

## रेडियोएक्टिव रिसाव की सूचना नहीं, हिंद महासागर में अमेरिकी बेस पर ईरान ने दागी मिसाइल

- इजराइली रक्षा मंत्री बोले- अगले सप्ताह हमलों में होगी वृद्धि, रूस ने नतांज संयंत्र पर हमले की निंदा की


**दुबई, एजेंसी**

ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर शनिवार को दूसरी बार हवाई हमले किए गए। ईरान ने कहा कि संयंत्र से कोई रेडियोधर्मी विकिरण नहीं हुआ है। लेकिन उसने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को इसकी जानकारी देकर विरोध दर्ज कराया है। उपग्रह चित्रों के अनुसार कई इमारतें क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही थीं।

तेहरान से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित परमाणु संयंत्र को जून 2025 में ईरान और इजराइल के बीच 12 दिनों के युद्ध में इजराइली हवाई हमलों और अमेरिका द्वारा निशाना बनाया गया था। वहीं, ईरान ने हिंद महासागर में स्थित अमेरिकी-ब्रिटेन संयुक्त हवाई अड्डे पर हमला किया। ब्रिटेन ने हिंद महासागर में डिएगो गार्सिया द्वीप स्थित ब्रिटिश-अमेरिकी हवाई सैन्य प्रतिष्ठान पर ईरान की सेना द्वारा मिसाइलें दागे जाने की निंदा की है। ब्रिटिश अधिकारियों ने नाकाम हमले के प्रयास का विवरण नहीं दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि यह हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। ईरान ने इस हमले की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु एजेंसी को भी दी है।

इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि आने वाले सप्ताह में ईरान के खिलाफ हमलों में काफी वृद्धि होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को समाप्त करने पर विचार करने की घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद काट्ज ने शनिवार को यह टिप्पणी की। इजराइल ने कहा कि शनिवार सुबह भी ईरान उसकी ओर मिसाइलें दागता रहा, जबकि सऊदी अरब ने बताया कि उसने देश के पूर्वी हिस्से में कुछ ही घंटों में 20 ड्रोन मार गिराए।



ईरान के नतांज परमाणु संयंत्र पर हमले की सेटेलाइट तस्वीर।

### युद्ध में अब तक 2328 की गई जान

लड़ाई में अब तक ईरान में 1,300 से अधिक, लेबनान में 1,000 से ज्यादा, इजराइल में 15 और इस क्षेत्र में 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। लेबनान और ईरान में लाखों लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान ने शनिवार को रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रवक्ता अली मोहम्मद नैनी के लिए जनाजा निकाला, जिन्हें एक दिन पहले इजराइली हमले में मार दिया गया था।

### न्यूक्लियर क्षेत्र को नहीं बनाया निशाना: इजराइल

इजराइली आर्मी ने ईरान के नतांज न्यूक्लियर प्लांट पर हमले से इनकार किया है। आईडीएफ ने कहा कि हमने यह हमला नहीं किया है और हमें नहीं पता यह किसने किया। हम अमेरिकी कार्रवाई पर कोई टिप्पणी नहीं करते। वहीं, ईरान की न्यूज एजेंसी तसनीम के मुताबिक, जिस जगह पर हमला हुआ उसका नाम 'अहमदी रोशन' है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस हमले के बाद किसी भी तरह का खतरनाक रिसाव नहीं हुआ है और आसपास रहने वाले लोगों को कोई खतरा नहीं है।

### अमेरिका ने पैट्रियट मिसाइलों को प. एशिया भेजा

**लंदन।** ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में पैट्रियट मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है। संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि अमेरिका पश्चिम एशिया में तीन और हमलावर जहाज और लगभग 2,500 अतिरिक्त मरीन तैनात कर रहा है। दो अन्य अमेरिकी अधिकारियों ने भी जहाजों की तैनाती की पुष्टि की, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां जा रहे हैं।

### 22 देशों ने होर्मुज को खोलने की अपील की

**दुबई।** दुनिया के 22 देशों ने शनिवार को ईरान से हमले रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की अपील की। संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया समेत इन देशों ने पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों तथा तेल और गैस सुविधाओं पर ईरान के हमलों की निंदा की है। उन्होंने शनिवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा, ईरान की इन कार्रवाइयों का असर दुनिया के हर हिस्से के लोगों खासकर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

# अमेरिका ने ईरानी तेल से 30 दिन प्रतिबंध हटाया, ईरान बोला- नहीं है सरप्लस क्रूड

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका ने विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयास में समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटाने की घोषणा की है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि इस अस्थायी कदम से 14 करोड़ बैरल ईरानी तेल वैश्विक बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा।

बेसेंट ने कहा, यह अस्थायी, अल्पकालिक अनुमति केवल उस तेल तक सीमित है जो पहले से ही रास्ते में है और इसमें नयी खरीद या उत्पादन की अनुमति नहीं है। युद्ध शुरू होने से पहले ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस सप्ताह बढ़कर 119.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। उन्होंने कहा, आज वित्त विभाग एक सीमित, अल्पकालिक अनुमति जारी कर रहा है, जिसके तहत समुद्र में फंसे ईरानी तेल की बिक्री की इजाजत दी जा रही है। अमेरिकी अधिकारी ने दावा किया कि फिलहाल प्रतिबंधित ईरानी तेल को चीन सस्ते दामों पर जमा कर रहा है। इस मौजूदा आपूर्ति को अस्थायी रूप से वैश्विक बाजार के लिए खोलने से लगभग 14 करोड़ बैरल तेल तुरंत बाजार में आएगा, जिससे ऊर्जा आपूर्ति बढ़ेगी और ईरान के कारण तेल आपूर्ति पर पैदा हुए अस्थायी दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। बेसेंट ने कहा, असल में हम ऑपरेशन एपिक फ्यूरी जारी रखते हुए कीमतों को कम रखने के लिए ईरानी तेल का ही इस्तेमाल तेहरान के खिलाफ कर रहे हैं। तेल टैंकरों में लदे ईरानी तेल पर प्रतिबंधों में यह ढील शुक्रवार से लागू होगी और 19 अप्रैल तक जारी रहेगी। युद्ध से पहले अमेरिका में पेट्रोल की कीमतें तीन डॉलर प्रति गैलन थीं, जो शनिवार तक बढ़कर 3.99 डॉलर प्रति गैलन हो गईं। वहीं, अमेरिकी छूट पर ईरान ने कहा है कि उसके पास अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए कोई सरप्लस क्रूड उपलब्ध नहीं है। ईरान के बयान ने पहले से ही अस्थिर तेल बाजार में अनिश्चितता और बढ़ा दी है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण व्यापार प्रवाह बाधित है। कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई जब भारत और अन्य एशियाई देश अस्थायी छूट के तहत ईरानी तेल की खरीद दोबारा शुरू करने पर मंथन करने में जुटे थे।





- विश्वस्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 30 दिन की छूट दी

### ट्रंप बोले- उनका प्रशासन पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर कर रहा विचार

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया में सैन्य अभियानों को धीरे-धीरे कम करने पर विचार कर रहा है। हालांकि अमेरिका ने उस क्षेत्र में और युद्धपोत तथा मरीन सैनिक तैनात करने की घोषणा भी की है। ईरान ने भी दुनिया भर के पर्यटन स्थलों पर हमले की धमकी दी है। अमेरिका के ये मिले-जुले संकेत ऐसे समय में आए हैं जब तेल की कीमतों में फिर उछाल से अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वादियां ये फिजाएं बुला रही हैं तुम्हें... व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### चैत्र नवरात्र में भीड़ के बीच वैष्णो देवी यात्रा स्थगित की गई

**जम्मू।** चैत्र नवरात्र के कारण उमड़ी भीड़ के बीच शनिवार को वैष्णो देवी तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। शनिवार को शाम चार बजे तक 39,000 श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की। 19 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के कारण भीड़ बढ़ गई है। नवरात्र पर्व 27 मार्च तक चलेगा और इस दौरान मंदिर बोर्ड को देश भर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस वाहनों के जरिए यात्रा स्थगित करने की घोषणा की गई और रविवार को सुबह 4 बजे से नए सिरे से पंजीकरण शुरू होगा।

# पीएम मोदी ईरानी राष्ट्रपति से बोले- समुद्री मार्ग खुले और सुरक्षित रहने चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि जहाजरानी मार्ग खुले और सुरक्षित रहें। ईरानी राष्ट्रपति को मोदी ने ईद व नवरोज की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि त्योहार का यह मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाए।

प्रधानमंत्री ने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए ईरान के निरंतर समर्थन की भी सराहना की। मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच टेलीफोन पर यह दूसरी बातचीत थी। ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी को ईरान की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में उभर रही सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत के इस रुख को दोहराया कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने अपने पड़ोसी देशों और इजराइल को निशाना बनाया। ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को भी नियंत्रित करता है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री परिवहन मार्ग है। इसके माध्यम से विश्व के 20 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादों का परिवहन होता है। संघर्ष के बाद से, ईरान ने बहुत कम जहाजों को इससे गुजरने की अनुमति दी है।



- मसूद पेजेश्कियन को ईद और नवरोज की शुभकामनाएं दीं
- क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की

# मथुरा में गोरक्षक 'फरसा वाले बाबा' की मौत पर बवाल

- आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर राजमार्ग जाम किया, गोतस्करों पर ट्रक से कुचलने का आरोप

**मथुरा, एजेंसी**

मथुरा जिले में शनिवार तड़के हरियाणा बॉर्डर के समीप 'फरसा वाले बाबा' के नाम से मशहूर गौरक्षक बाबा चंद्रशेखर की राजमार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोशित भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियों पर पथराव भी किया। पुलिस ने इसके बाद दंगाइयों को काबू में करने के लिए पहले हल्का बल प्रयोग किया और फिर आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बाबा कोटवन बॉर्डर क्षेत्र में नबीपुर के समीप गोवंश से लदे एक ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे कि तभी गौ-तस्करों ने उन्हें कुचल दिया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि भीड़ में शामिल कुछ असामाजिक लोगों ने माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने बताया कि बाबा के समर्थक उनका दाह संस्कार करने के लिए ही शव को आजनौख गांव स्थित उनकी गौशाला लाए थे और अब अगर वे पोस्टमॉर्टम कराना चाहेंगे तो अवश्य कराया जाएगा। मामले में चार-पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश ने कहा कि बाबा शनिवार तड़के हरियाणा सीमा क्षेत्र कोसीकलां पर वाहन में गोवंश होने की सूचना पर शिष्यों के साथ नगालैण्ड नंबर के एक कंटेनर को रोककर जांच कर रहे थे। तभी घने कोहरे में पीछे से राजस्थान नंबर के एक ट्रक ने कंटेनर को टक्कर मार दी, जिससे बाबा की मौत हो गई।



फरसा वाले बाबा की मौत के बाद भड़के लोगों ने राजमार्ग पर प्रदर्शन कर लगाया जाम।



बाबा चंद्रशेखर (फाइल)

## राज्यसभा में सीएपीएफ से संबंधित विधेयक को कल पेश करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 पेश करेंगे जिसका उद्देश्य सीएपीएफ अधिकारियों की भर्ती, प्रतिनियुक्ति और पदोन्नति को विनियमित करना है। सभी सीएपीएफ -सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी अपने-अपने अधिनियमों द्वारा संचालित होते हैं। इन अधिनियमों के तहत बने नियम सीएपीएफ में समूह 'ए' सामान्य ड्यूटी अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कर्मियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों को नियंत्रित करते हैं।

# यूपी : 2584 महिला परिचालकों की होगी भर्ती

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद वाले डिपो में रखा जाएगा, संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा

**अमृत विचार:** सीएम के निर्देश पर परिवहन निगम में 2584 महिला अभ्यर्थियों को सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। अभ्यर्थियों के अनुबंध के लिए उनका उप्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं उप्र कौशल विकास मिशन का सदस्य होना अथवा एनसीसी बी प्रमाण पत्र, एनएसएस एवं स्काउट गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि भर्ती के लिए इण्टरमीडिएट की योग्यत के साथ सीसीसी प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। प्राप्तांकों की मेरिट निर्धारित करते हुए सीधे संविदा परिचालक के पद पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनसीसी बी प्रमाणपत्र, एनएसएस प्रमाणपत्र, भारत स्काउट एवं गाइड संस्था के राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थियों को इण्टरमीडिएट में प्राप्तांकों पर 5% का वेटेज भी दिया जाएगा। संविदा चालकों-परिचालकों हेतु अनुमन्य पारिश्रमिक दरों के समान दर से ही भुगतान किया जाएगा। अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के नजदीक डिपो में नियुक्त किया जाएगा। परिचालक पद पर भर्ती के लिए 25, 28 और 30 मार्च, एवं 1 अप्रैल, 2026 को रोजगार मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

### इन जिलों में आयोजित होंगे रोजगार मेले

- 25 मार्च को सहारनपुर, झांसी, कानपुर, चित्रकूट धाम-बांदा, प्रयागराज
- 28 मार्च को गाजियाबाद, अलीगढ़, बरेली, अयोध्या, वाराणसी,
- 30 मार्च को मेरठ, इटावा, हरदोई, देवीपाटन, आजमगढ़
- 01 अप्रैल को नोएडा, आगरा, मुरादाबाद, लखनऊ, गोरखपुर

# पंजाब: आप के मंत्री की प्रताड़ना से तंग अफसर ने की आत्महत्या

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री की प्रताड़ता से आकर एक विभागीय अफसर ने आत्महत्या कर ली। अपने ऊपर आरोप लगने के बाद कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। सीएम भगवंत मान ने अमृतसर में राज्य भंडारण निगम के अधिकारी द्वारा आत्महत्या करने के बाद भुल्लर से पद छोड़ने को कहा था। भुल्लर पर अधिकारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है।

अमृतसर में पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने शुक्रवार को कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी। सोशल मीडिया पर शनिवार को एक असत्यापित वीडियो सामने आया, जिसमें पट्टी का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे रंधावा को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने जहर खा लिया है और परिवहन मंत्री पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

रंधावा को वीडियो में यह कहते सुना गया, तुम्हारे दोस्त ने सल्फास खा लिया है, मंत्री लालजीत भुल्लर के डर से। अब मैं नहीं बचूंगा। तरनतारन के पट्टी से विधायक भुल्लर ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया है।

- आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगने के बाद मंत्री लालजीत भुल्लर ने दिया इस्तीफा

सख्ती

उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय, हर गोशाला में भूसा बैंक व किसानों से चारे का समन्वय पर योगी सरकार का फोकस

# गो आश्रयों को आत्मनिर्भर बनाने फील्ड में उतरें मंत्री-अधिकारी : योगी

- सीसीटीवी निगरानी, डीबीटी भुगतान और टेक्नोलॉजी से पारदर्शी होगी पूरी व्यवस्था

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में गो-रक्षा और गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्यापक रणनीति लागू करने के निर्देश दिए हैं। गोसेवा आयोग के साथ हुई शनिवार को समीक्षा बैठक में उन्होंने इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया और कहा कि गो-सेवा भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और प्राकृतिक खेती का महत्वपूर्ण आधार है।



लखनऊ में पशुधन मंत्री व अधिकारियों की बैठक लेते सीएम योगी।

मुख्यमंत्री ने प्रत्येक गोशाला में 'भूसा बैंक' स्थापित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि चारे की कमी किसी भी स्थिति में न हो। इसके लिए स्थानीय किसानों से सीधा समन्वय स्थापित किया जाए और गोचर भूमि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गो-आश्रयों को उससे जोड़ने के निर्देश भी दिए। व्यवस्थाओं की निगरानी को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और उन्हें कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके लिए सीएसआर फंड के उपयोग की संभावनाओं को भी तलाशने को कहा गया। साथ ही डीबीटी प्रणाली के माध्यम से समयबद्ध भुगतान, गोवंश की दैनिक गणना और रिकॉर्ड का डिजिटल संधारण अनिवार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों को 2-2 के समूह में मंडलवार भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दौरे की रिपोर्ट सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाएगी।

### गो-आश्रय व्यवस्था की झलक

- 7,527 गो-आश्रय स्थल, 12.39 लाख गोवंश संरक्षित
- 7,592 सीसीटीवी कैमरे, 52 जिलों में कंट्रोल रूम
- 61,118 हेक्टेयर गोचर भूमि, 7,364 हेक्टेयर में चारा विकास
- 97 बायोगैस संयंत्र, आय व ऊर्जा का स्रोत
- 1.83 लाख गोवंश लाभार्थियों को सुपुर्द (सहभागिता योजना)

### 7,527 गो-आश्रय स्थलों में 12.39 लाख गोवंश

योगी ने स्वयं सहायता समूहों और एनजीओ द्वारा गो-पेंट, वर्मी कम्पोस्ट, गो-दीप जैसे उत्पादों के निर्माण को आत्मनिर्भरता का सफल मॉडल बताते हुए इनके विस्तार पर जोर दिया। मुजफ्फरनगर का गो-अभयारण्य इस दिशा में एक आदर्श उदाहरण के रूप में सामने आया है। साथ ही पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए खुरपका-मुंहपका, गलाघोटू और लंपी स्किन डिजीज के खिलाफ व्यापक टीकाकरण अभियान चलाने और पशुपालकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए। प्रदेश में वर्तमान में 7,527 गो-आश्रय स्थलों में 12.39 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 1.14 लाख लाभार्थियों को 1.83 लाख गोवंश सौंपे गए हैं, जिनके सत्यापन और देखभाल के निर्देश दिए गए हैं।


ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। • अमृत विचार


ईदगाह से लौट रहे लोगों से गले मिलते सपा नेता यूसुफ कादरी। • अमृत विचार


मझोला में नमाजियों को मुबारकबाद देते नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह।

# ईदगाह में हुई नमाज...सजदे में झुके सिर, दुआ को उठे हजारों हाथ

## जिलेभर में शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद का त्यौहार, जनप्रतिनिधि और पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने दी मुबारकबाद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मुकद्दस रमजान में एक महीने की इबादतों के बाद शनिवार को जिलेभर में ईद का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। ईदगाह सहित अन्य मस्जिदों में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी। ईदगाह में शाही जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इजहार अहमद बरकाती ने नमाज अदा कराते हुए दुनिया में अमन-चैन की दुआ मांगी।

ईद के त्योहार को लेकर सुबह से ही मुस्लिम इलाकों में रौनक देखी गई। ईद की नमाज का वक्त होते ही लोगों ने नए कपड़े पहने और इत्र लगाकर ईदगाह की ओर रुख किया। ईदगाह जाने के दौरान लोग दुआ गुनगुनाते हुए आगे बढ़ रहे थे। तय समय पर ईदगाह सहित शहर की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज अदा होते ही लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। शहर स्थित ईदगाह में नमाज से पहले तकरीर हुई। नमाज के बाद एक साथ हजारों हाथ दुआओं के लिए उठे।

मुल्क की तरक्की और अमन व चैन की दुआ की गई। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इस दौरान ड्रोन से निगरानी भी की गई। ईदगाह के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। मेले में बच्चों ने जमकर खरीदारी भी की। इसके अलावा शहर की अन्य मस्जिदों में भी ईद नमाज सकुशल संपन्न हुई। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव, एडीएम प्रसून द्विवेदी, एएसपी विक्रम दहिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि अधिकारियों ने ईद-उल-फितर के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ भ्रमण कर धार्मिक स्थलों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर हालात परखते डीएम-एसपी व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार


गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते बच्चे। • अमृत विचार


ईदगाह के पास कैंप में नमाज के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को पुष्प भेंट करती बच्ची।


गले मिलकर ईद की बधाई देते सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू।

नमाज के बाद मुस्लिम धर्मगुरुओं व सम्भ्रांत व्यक्तियों, विशेषकर बच्चों को ईद-उल-फितर की बधाई दी गई।

समस्त थानाध्यक्षों को क्षेत्र में भ्रमणशील रखा गया और चौराहों व मिश्रित आबादी क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। राजनीतिक दलों की ओर से भी ईदगाह के पास टैंट लगाए गए और ईद की मुबारकबाद दी जाती रही। पूरनपुर में समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने घर-घर जाकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी। कस्बा मझोला में नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने नमाज अदा कर लौट रहे लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी। वहीं, सपा नेताओं की ओर से भी ईदगाह पर कैम्प लगाया गया और ईद मिलन समारोह का आयोजन किया।

गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी, डॉ.विपिन नीरज , सुधीर तिवारी, बालकराम सागर, अमित पाठक, काशीराम सरोज, श्यामचरण गंगवार, प्रदीप सोनकर, आशा वर्मा ,,गंगाप्रसाद लोधी, महेश पटेल अब्दुल कादिर, छत्रपाल वर्मा, नरेश सागर आदि लोग मौजूद रहे। ईद पर घरों में कई तरह के पकवान बनाए गए। दोस्तो, रिश्तेदारों और करीबियों को दावत में आमंत्रित किया गया था। जिसके चलते देर रात तक दावतों का दौर चलता रहा। पकवानों के रूप में सेवई, शीरखुरमा, खीर, बिरयानी, किमामी सेवई सहित कई पकवान परोसे गए। सड़कों पर जगह-जगह मेले जैसा माहौल दिखाई दिया।



### जहानाबाद और अमरिया में भी ईद की रौनक

**जहानाबाद/अमरिया, अमृत विचार :** ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में अदा की गई। मौलाना दानिश राजा ने नमाज अदा कराई। देश में अमन चैन की दुआ की गई। सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। एक-दूसरे के गले लगकर शुभकामनाएं दीं और घरों पर पकवान बनाए गए। अमरिया तहसील क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्यौहार अकीदत और खुशनुमा माहौल में मनाया गया। शनिवार सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज़-ए-ईद अदा की गई, जहां हजारों लोगों ने मुल्क की सलामती और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। नूरी जामा मस्जिद में इमाम मौलाना मोहम्मद शरीफ ने नमाज़ अदा कराई और अपने खुत्बे में ईद के असली पैग़ाम, मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत को पर ज़ोर दिया। अमरिया ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने नमाज़ अदा की, जहां सीओ सदर आईपीएस नताशा गोयल और थाना प्रभारी अमित सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे। अन्य मस्जिदों में भी नमाज़ अदा की गई, उलेमा-ए-किराम ने ईद की अहमियत बताते हुए समाज में एकता, भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करने का पैगाम दिया।

### भाईचारा और सौहार्द को लेकर की गई दुआ

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को कस्बा स्थित जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हिसामुद्दीन कारी ने ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराई। मस्जिदो में नमाज अदा करने को विशेष प्रबंध किया गया। भाईचारा और सौहार्द बढ़ने की दुआ की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने कैम्प लगाकर पेय जल एवं साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था कराई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हाजी जमील अहमद अंसारी, सेवानिवृत्ति लेखपाल बशीर अहमद, मोहम्मद असलम, मोहम्मद अनस,,नफीस अहमद, अकील अंसारी, मोहम्मद रजा, इमरान अंसारी, यामीन,रेहान,असद क़ुरैशी, हाफ़िज़ इंतज़ार अहमद, मोहम्मद जैनुल,फारूक क़ुरैशी,जीशान कुरैशी, इमरान कुरैशी आदि मौजूद रहे।



### बीसलपुर में भी धूमधाम से मनाई गई ईद

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ईद उल फितर का पर्व परंपरागत तरीके से उत्साह पूर्वक मनाया गया। मस्जिदों व ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। सफी डिग्री कॉलेज में पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचे। पूर्व मंत्री ने लोगों को गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व सभापति शकील अहमद खां, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद राय, पूर्व पालिका अध्यक्ष नूर अहमद अंसारी, अहमद रजा खां उर्फ चांद बाबू, हसन रजा खां, ध्रुव पांडे, संदीप पांडे, भगवान दास प्रजापति, राजेश कुमार, रमेश शुक्ला, वेदप्रकाश शुक्ला, सपा विधानसभा अध्यक्ष शलेश शर्मा, पंकज मिश्रा, अनिल मिश्रा, राजेश शुक्ला, वेदप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### ईद की बधाई देने पहुंचे चेयरमैन का किया स्वागत



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल ने ईद पर ईदगाह पहुंचकर लोगों को मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द व एकता बनाए रखने की अपील की। उनके द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। इस मौके पर श्रीपाल, नरेश कुशवाह, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे। चेयरमैन का लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

### ईद पर सफाई व्यवस्था के लिए किए गए विशेष इंतजाम

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ईद को लेकर सुरक्षा के साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किये गए। नगर पालिका की टीमें पहले ही अलर्ट कर दी गई थी। सुवर पालकों को भी नोटिस जारी कर दिए गए थे। सुबह से ही टीमें अलर्ट रही और सफाई कार्य कराया गया। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास चूना भी डलवाया गया।

### बिलसंडा में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद का त्योहार


बिलसंडा में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते डीके गुप्ता।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर समेत क्षेत्र भर में ईद का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ईदगाह पर नमाज अदा की गई। पर्व का उत्साह युवा बच्चों और बुजुर्गों में देखते बन रहा था। घरों में मीठे पकवान सेवईं आदि बनाकर अपने मित्रों और शुभचिंतकों को खिलाए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता ने ईदगाह पहुंचकर लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी इसके अलावा सभी को जलपान कराया गया सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। नगर के अलावा थाना क्षेत्र के गांव पहाड़गंज,सिसैया साहब आदि में ईद की नमाज अदा की गई। करेली क्षेत्र के गांव घुंघौरा, हरई, नौगवां अम्बर, कल्यानपुर, विलासपुर, तिलछी आदि में भी सकुशल नमाज अदा कर अमन और चैन की दुआ मांगी गई।

# पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक


गांधी स्टेडियम में जागरुकता वाले पंपलेट दिखाती युवतियां और पुलिसकर्मी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मेले में सरकार की योजनाएं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की टीमें मां यशवंतरी देवी परिसर में लगे नवरात्रि मेले और गांधी स्टेडियम में पहुंची। इस दौरान स्टॉल लगाकर महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरुक किया। सरकार की योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी।

थाना सुनगढ़ी की महिला शक्ति केंद्र टीम गांधी स्टेडियम पहुंची। इस दौरान चल रहे मेले मे स्टॉकल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा ,सम्मान, स्वाबलंबन , यातायात के सभी नियमों के बारे में बताया। सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, प्रधानमंत्री जन अरोग्य, नशामुक्ति भारत अभियान आदि योजनाओं की जानकारी दी। वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 , साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि का भी प्रचार प्रसार किया गया। वहीं, कोतवाली पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत मां यशवंतरी देवी मंदिर में आयोजित नवरात्रि मेले के अवसर पर महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी की अगुवाई में महिलाओं छात्राओं को जागरुक किया गया। साथ ही महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता लेने को प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी को पंपलेट भी बांटे गए।

# गौरैया को बचाने का लिया संकल्प

- प्राथमिक विद्यालय चोखापुरी में मनाया गया विश्व गौरैया दिवस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ब्लॉक पूरनपुर के प्राथमिक विद्यालय चोखापुरी में विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विलुप्त हो रही गौरैया के संरक्षण के प्रति बच्चों और ग्रामीणों को जागरूक करना रहा।

मुख्य अतिथि डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार, विशिष्ट अतिथि सामाजिक संस्था नेकी की दीवार के संस्थापक गुरमेल सिंह रहे। बच्चों ने उत्साह के साथ निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से गौरैया को बचाने का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। नेकी की दीवार की ओर से कृत्रिम गौरैया घरों का वितरण किया गया, ताकि पक्षियों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। संस्था के प्रधान गुरमेल सिंह ने सभी से गौरैया को बचाने और आंगन में उनके लिए दाना-पानी रखने की अपील की। प्रधानाध्यापक मुनीष कुमार, विपिन कुमार, बृजबाला, पूजा यादव, रेखा, आलीम आदि रहे।


गौरैया संरक्षण मुहिम के तहत बांटे गए कृत्रिम घर दिखाते बच्चे। • अमृत विचार

# महिलाओं का सम्मान, देश का अभिमान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस लाइन से निकाली गई जागरुकता रैली

**अमृत विचारः** बाइक रैली निकालते हुए पुलिसकर्मियों ने महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस दौरान स्लोगन लिखी तख्तियां लिए भी पुलिसकर्मी दोपहिया वाहन पर सवार रहे।

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन का संदेश देते हुये महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को बाइक रैली आयोजित की गई। इसकी शुरुआत एसपी सुकीर्ति माधव ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस लाइन से कराई। बाइक रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर नकटादाना चौराहा, गौहनिया चौराहा, छतरी चौराहा होते हुए असम चौराहे तक गई। रैली के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाया गया और महिलाओं का सम्मान, देश का अभिमान जैसे नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर एएसपी विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, सीओ विधि भूषण मौर्य आदि मौजूद रहे।


जागरुकता रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

## उधार के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी मुरशीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोसी जलिस ने उससे 600 रुपये उधार लिए थे। कई बार रुपये वापस मांगे, लेकिन आरोपी ने रुपये वापस नहीं किए। 20 मार्च को दोपहर ढाई बजे जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए अपने साथी वसीम और मुशाहिद के साथ मिलकर मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। दोबारा रुपये मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# हवाई अड्डों-वीआईपी गलियारों में दिखेगी पीटीआर की धमक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मुख्यमंत्री ने किया कॉफी टेबल बुक का विमोचन

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की नैसर्गिक खूबसूरती और बाघों के कुनबे की गाथा अब सात समंदर पार तक गूंजेगी। लंबे इंतजार के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व की कॉफी टेबल बुक का लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया। अब यह टेबल बुक केवल दफ्तरों की शोभा नहीं बढ़ाएगी, बल्कि देश के प्रमुख हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पीलीभीत के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसको लेकर सम्बंधित अफसरों को निर्देश दिया है 1


लखनऊ में पीटीआर की कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

विश्व वानिकी दिवस पर शनिवार को लखनऊ में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वन एवं वन्यजीव संरक्षण से जुड़े वन अफसरों एवं वनकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व की कॉफी टेबल बुक का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के कंटेंट और गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। शासन की मंशा है कि उत्तर प्रदेश में बढ़ते इको-टूरिज्म के बीच पीलीभीत टाइगर रिजर्व एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में उभरे। करीब साल भर की कड़ी मेहनत के बाद तैयार हुई इस काफी टेबल बुक में वन, वन्यजीव एवं तराई के अनूठे नैसर्गिक सौंदर्य का शानदार समावेश किया गया है। इसमें न केवल दुर्लभ तस्वीरें हैं, बल्कि पीलीभीत टाइगर से जुड़ी कई रोचक जानकारियां भी साझा की गई हैं। टाइगर रिजर्व प्रशासन अब इस कॉफ़ी टेबल बुक को सभी सांसदों, प्रमुख जनप्रतिनिधियों और देश के बड़े ट्रांजिट पॉइंट्स (हवाई अड्डों व स्टेशनों) तक पहुंचाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि इससे पीलीभीत आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

> पीटीआर की इस खास पहल को मुख्यमंत्री जी ने सराहा है। उनके निर्देशानुसार इस कॉफी टेबल बुक को हर खास स्थल तक पहुंचाया जाएगा। मकसद यही है कि लोग पीटीआर की जैव विविधता को करीब से जानें और यहां पर्यटन के लिए प्रेरित हों। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डाइरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

# भरा पचपेड़ा में बसे 151 परिवारों पर संकट

## औद्योगिक हब: अप्रैल में मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारियों से जोड़कर कराया गया एनाउंसमेंट

संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** औद्योगिक हब क्षेत्र भरा पचपेड़ा में सालों से गुजर बसर कर रहे 150 से अधिक परिवारों के सामने एक बार फिर संकट मंडरा गया है।

आगामी माह में प्रस्तावित मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चल रही तैयारियों के बीच संबंधित परिवारों को सात दिन में मकान (झोपड़ी-छप्पर) खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। बकायदा इसका अनाउंसमेंट कराते हुए ये भी चेतावनी दी जा रही है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो पुलिस बल लगाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

उसका हर्जा-खर्चा भी वसूला जाएगा। जिसके बाद संबंधित परिवारों को छत छिनने का डर सताने लगा है। हालांकि इस कार्रवाई को गलत करार देते हुए उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधि से गुहार भी लगाई है। फिलहाल इस अनाउंसमेंट के बाद खलबली मच गई है।

अमरिया तहसील क्षेत्र के ग्राम भरा पचपेड़ा को औद्योगिक हब के रुप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर आगामी अप्रैल माह में मुख्यमंत्री का संभावित कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसे लेकर तैयारियां चल रही है। अभी बीते दिनों यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी निरीक्षण किया था। बताते हैं कि औद्योगिक हब क्षेत्र की जमीन पर कई परिवार लंबे समय से डेरा जमाए हुए हैं। मकान, झोपड़ी, छप्पर डालकर परिवार रह रहे हैं। अभी बीते साल भी यूपीसीडा की ओर से इन परिवारों को जगह खाली करने के लिए नोटिस वगैरह दिए गए थे।



घर छोड़कर जाने की नोटिस मिलने के बाद गुहार लगातीं परिवार की महिलाएं।



तोड़े गए घर के मलबे पर बैठी जितेंद्र कौर व अन्य। ● अमृत विचार

- सात दिन में जमीन न छोड़ने पर अतिक्रमण हटाने, हर्जा-खर्चा वसूलने की भी कही बात

जिसके बाद कुछ लोग हाईकोर्ट की शरण में भी चले गए थे। फिलहाल अब एक बार फिर मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों के बीच करीब 151 परिवारों के सामने संकट की स्थिति बन चुकी है। सप्ताह भर में जगह खाली करने के लिए कहा गया है। इसके बाद पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाकर उसका खर्च वसूलने का अनाउंसमेंट कराया जा रहा है। जिसके बाद खलबली मच गई है। इसे लेकर शनिवार को भी ई-रिक्शा से अनाउंसमेंट कराया जाता रहा। इधर, छत छिनने का डर परिवारों को सता रहा है। कुछ परिवारों का कहना है कि उनके पास उच्च न्यायालय का स्टे हैं। वहीं, अन्य का कहना है कि उन्हें आश्वस्त किया गया था कि जब तक घर की सुविधा नहीं मुहैया कराई जाएगी, उन्हें नहीं उजाड़ा जाएगा। मगर, अब पुनः अनाउंसमेंट शुरू करा दिया है।

### चौकी पुलिस की भूमिका पर उठाए सवाल

भरा पचपेड़ा के संबंधित परिवारों ने स्थानीय चौकी पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यूपीसीडा के एक जिम्मेदार के द्वारा चौकी से पुलिस बुलवाई जाती है। इसके बाद पुलिसकर्मी आकर ग्रामीणों से अभद्रता कर रहे हैं। उन पर जबरन जगह खाली करने का दवाब बनाया जा रहा है। ऐसा न करने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की भी धमकी दी जा रही है। बताते हैं कि जनप्रतिनिधियों से भी कुछ लोगों ने संपर्क कर राहत दिलाने की गुहार लगाई है।

### तहसीलदार अमरिया बोले: जानकारी मिलने पर तुरंत बंद करा दिया गया एनाउंसमेंट

भरा पचपेड़ा क्षेत्र में ई-रिक्शा से कराए जा रहे अनाउंसमेंट को जिला प्रशासन की ओर से कराए जाने की बात कही जा रही थी। मगर, प्रशासनिक अधिकारियों से जब इसे लेकर बात की गई तो इससे साफ इन्कार किया गया है। तहसीलदार अमरिया विदेह सिंह का कहना है कि प्रशासन की ओर से इस तरह का कोई एनाउंसमेंट नहीं कराया गया। यूपीसीडा के स्तर से ये कराया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर गए थे और एनाउंसमेंट बंद करवा दिया गया है।

### बोले: अचानक ढहा दिए गए हमारे घर, बच्चे लेकर कहां जाएं

इस दौरान भरा पचपेड़ा की जितेंद्र कौर का कहना है कि वह कई सालों से यहां पर रह रही है। उन्हें कोई जगह तक नहीं दी गई है। अब अचानक उनका पक्का बनाया मकान शुक्रवार को तोड़ दिया गया। जिसमें सामान हटाने का भी समय नहीं दिया गया, न ही रहने के लिए कोई जगह दी जा रही है। जिससे परिवार के सामने संकट की स्थिति बनी हुई है। एक अन्य महिला का कहना है कि सात दिन में सब कुछखाली करने के लिए बोल दिया गया है। छोटे-छोटे बच्चे हैं, कोई जगह तो नहीं दी गई है, ऐसे में उन्हें ले जाकर कहां रहेंगे। कोई सुनने वाला नहीं है।

# डिजिटल खेती के लिए मिसाल बन रहा पीलीभीत



भसूड़ा में गन्ने के खेत में कीटों से बचाव को लगे फेरोमोन ट्रैप को देखते डीसीओ खुशीराम भार्गव व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जनपद में गन्ने की खेती अब पारंपरिक ढर्रे से निकलकर आधुनिक और डिजिटल राह पर चल पड़ी है। उन्नत तकनीक, सटीक प्रबंधन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समावेश ने जनपद को खेती के नए मॉडल के रूप में स्थापित किया है। बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम भसूड़ा में किसान डॉ. हरमीत सिंह का फार्म जीता-जागता उदाहरण है, जहां खेती की निगरानी अब इंसानी आंखों से ज्यादा ड्रोन और सेंसर कर रहे हैं।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने ग्राम भसूड़ा पहुंचकर डॉ. हरमीत सिंह के स्मार्ट फार्म का निरीक्षण किया। इस दौरान आधुनिक संसाधनों को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए। प्रगतिशील किसान डॉ. हरमीत सिंह ने बताया कि उन्होंने खेती में ड्रोन तकनीक को अपनाया है, जिससे पूरी फसल की सेहत, पानी की जरूरत और कीटों के हमले की सटीक जानकारी घर बैठे मिल जाती है। गन्ना फसल को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए सेंसर आधारित सोलर फेरोमोन लाइट ट्रैप लगाए हैं। सिंचाई के लिए ड्रिप प्रणाली का उपयोग हो रहा है, जो जल संरक्षण के साथ-साथ पौधों की जड़ों तक सीधे खाद और पानी पहुंचाकर पैदावार में इजाफा कर रही है।

- इंसानी आंख की जगह ड्रोन-सेंसर से निगरानी
- ड्रिप व सोलर फेरोमोन लाइट ट्रैप से बढ़ रही पैदावार

> जनपद के किसान अब तकनीक के मामले में काफी सजग हो चुके हैं। ड्रोन और ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों से न केवल लागत कम होती है, बल्कि उत्पादन की गुणवत्ता भी बढ़ती है। विभाग का प्रयास है कि अन्य किसान भी इन आधुनिक साधनों और उन्नत किस्मों को अपनाकर आय दोगुनी करें।
> –**खुशी राम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी।

प्रगतिशील किसान ने बताया कि उन्होंने गन्ने की नवीनतम किस्म को. लख. 14201 से प्रति एकड़ 400 कुंतल से अधिक का उत्पादन लिया है।

### चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... माँ कूष्मांडा: ऐं ह्री देव्यै नमः**

### शहर में आज

- समस्त पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- मां यशवंतरी देवी मंदिर में नवरात्रि पर पूजन और मेला सुबह 05 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ पर साप्ताहिक हवन सुबह 07 बजे से।

### न्यूज ब्रीफ

#### मेले में गुम हुई बच्ची को परिवार से मिलाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** मेले में गुम हुई पांच साल की बच्ची को पुलिस ने उसके परिवार से मिलाया। बच्ची के मिलने पर परिवार ने राहत महसूस की और पुलिस टीम का आभार जताया। मामला बिलसंडा क्षेत्र का है। ग्राम लिलहर में नवरात्रि को लेकर मेला लगा है। अठारह मार्च को एक बच्ची परिवार संग आई थी और बिछड़ गई। बच्ची पांच वर्षीय शुगुन थी, जोकि उधमसिंह नगर उत्तराखंड के बनवसा की रहने वाली थी। महिला सुरक्षा केंद्र की टीम ने करेली पुलिस की मदद से बच्ची के परिवार को तलाश किया और फिर उनके सुपुर्द कर दिया। बच्ची की मां राखी को सुपुर्दगी दी गई।

#### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना गजरौला क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया किउसकी 17 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसने अपनी पुत्री की तलाश की। इस दौरान पता चला कि उसकी पुत्री को पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के लाइन पर गोटिया निवासी सुनील पुत्र बुलाकीराम बहला फुसलाकर ले गया है। उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जल्द संचालित होंगी 20 नई सहकारी समितियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- खाद और ऋण के लिए नहीं भटकेंगे अन्नदाता, विभाग ने तैयार की रणनीति

**अमृत विचार:** जनपद के किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेंगी। सहकारिता विभाग ने किसानों की सहूलियत के लिए कमर कसी है। विभाग 20 नई सहकारी समितियों को जल्द चालू करने की तैयारी में है।

सहकारिता विभाग का उद्देश्य किसानों को उनके गांव के समीप ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। अक्सर देखा जाता है कि पीक सीजन के दौरान खाद और उर्वरक के लिए समितियों पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसको लेकर शासन के निर्देश पर जनपद में 24 नई सहकारी समितियां संचालित की जानी है। हाल ही में चार नई समितियों को सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शेष बची 20 और नई समितियों के संचालन की कवायद तेज हो गई है। इन नई समितियों के शुरू होने से न केवल उर्वरक वितरण व्यवस्था दुरुस्त होगी, बल्कि किसानों को अल्पकालिक और मध्यकालीन कृषि ऋण लेने में आसानी होगी। सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि किसानों को खाद, ऋण और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ सुगमता से पहुंचाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है।

# 55 किलो बिजली तार के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पकड़े गए आरोपियों में बदायूं बरेली के रहने वाले

**अमृत विचार :** गायबोझ गांव से बिजली का तार चोरी होने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे से पहले ही तीन चोरों को माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से तार के तीन बंडल भी बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। उन्हें जेल भेज दिया है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम गायबोझ के समीप 33 केवी ओवरहेड लाइन से तीन खंभों के बीच लगा हुआ लगभग 300 मीटर तार चोरी कर लिया था। अवर अभियंता संजीव कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में सुरागरसी करते हुए सूचना के आधार पर गायबोझ मोड़ से तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए बिजली के तार के तीन बंडल बरामद हुए।

गिरफ्तार आरोपियों में हरिओम (34) और सतीश (35) निवासी ग्राम रोहरी थाना दातागंज (बदायूं) और विमल (28) निवासी खजुरिया ब्रह्मनान थाना बिथरी चैनपुर, (बरेली) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार कर लीं। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि चोरी का खुलासा किया गया है। आरोपियों के पास से बरामद माल का वजन 55 किग्रा है।

# कीचड़ में पलटी कार, तीन घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** अमरिया क्षेत्र के गांव धुंधरी-घेरा शरीफ मार्ग पर शनिवार को ग्राम धुंधरी निवासी मुज़म्मिल और शाहनवाज़ अपने एक साथी के साथ कार से रिश्तेदारी में गए थे। लौटते समय घेरा शरीफ के पास ईंट भट्ठे के नजदीक सड़क पर बारिश के कारण मिट्टी फैल गई थी, जिससे रास्ता बेहद फिसलन भरा हो गया था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और फिसलकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में शाहनवाज़, मुज़म्मिल और उनका एक अन्य साथी घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया और फिर परिजन घर ले गए।

# विवाद में मारपीट, छत से बरसीं ईटें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने, क्रॉस रिपोर्ट दर्ज
- दोनों पक्षों ने घर में घुसकर मारपीट व पथराव के लगाए आरोप

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते दो पक्षों में हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इतना ही नहीं छतों से ईट पत्थर भी फेंके गए। जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत करा दिया, लेकिन इसके बाद दोनों पक्षों के एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने क्रास रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरिया कस्बा निवासी मोहम्मद नईम खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोस में हमीदुल्लाह रहता है। वह और उसका परिवार आए दिन उसके परिवार से झगड़ा करते हैं। तीन दिन पूर्व आरोपियों ने उसकी पुत्री पर गंदा पानी डाल दिया था। विरोध करने पर हमीदुल्लाह उसकी पत्नी शबनम, अन्नू और मुस्कान ने घर में घुसकर उसके और उसके परिवार के लोगों के साथ मारपीट की। 20 मार्च को सुबह छह बजे आरोपियों ने दोबारा उसके साथ गाली गलौज की।

विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इधर दूसरे पक्ष के हमीदुल्लाह खां ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। उनका आरोप है कि 15 मार्च को सुबह चार बजे पड़ोसी नईम खां, जीनत, इस्तखार खां, शबाना उसके घर के सामने दरवाजा लगाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज की। जब उसकी पत्नी शबनम और बच्चों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। छत पर चढ़कर ईटें फेंकना शुरू कर दी।

आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे है। कुछ घायल भी हो गए। एसओ अमरिया अमित सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है।



# 40 पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालन जल्द

## गांव में रहकर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे युवा, पंचायत भवनों में बन रहीं लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ग्रामीण अंचलों में भी अब शिक्षा हाईटेक होने जा रही है। यहां के युवा अपने ही गांव में रहकर प्रतियोगी परीक्षा समेत अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। दरअसल जनपद की चयनित 113 ग्राम पंचायतों में से 40 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन शुरू होने जा रहा है। पंचायत भवनों में संचालित होने वाली इन डिजिटल लाइब्रेरी से संबंधित पुस्तकें, फर्नीचर समेत कंप्यूटर आदि पहुंचा दिया गया है। जिम्मेदारों के मुताबिक इन सभी डिजिटल लाइब्रेरी को शुरू करने की तैयारी हो चुकी है।

जनपद में 720 ग्राम पंचायतें है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में पढ़ाई के बेहतर संसाधन न होने के कारण छात्र-छात्राएं और युवा पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में इस कमी को पूरा करने के लिए शासन ने पंचायत स्तर पर डिजिटल लाइब्रेरी बनाए जाने की योजना शुरू की है। पूर्व में जनपद की 250 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। जिसके बाद शासन ने जनपद के पांच विकासखंडों की 113 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने को मंजूरी दी थी। शासन से मंजूरी मिलने के बाद विभागीय अफसरों ने इसकी तैयारी तेजी से शुरू कर दी थी।


डिजिटल लाइब्रेरी में भेजी गई पुस्तकों को देखते युवा। ● अमृत विचार

● ग्राम पंचायतों में पुस्तकें, कंप्यूटर, फर्नीचर समेत अन्य सामान पहुंचा

विभाग की ओर से पब्लिकेशन हाउसों को पुस्तकों की खरीद के लिए भुगतान भेजा गया।

फर्नीचर खरीद को लेकर आदि को लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। इधर अब 113 ग्राम पंचायतों में से 40 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी से जुड़ी पुस्तकें, रैक, फर्नीचर, कंप्यूटर समेत अन्य सभी जरुरी संसाधन मुहैय्या करा दिए गए हैं। इसको लेकर इन पंचायतों के पंचायत भवन में डिजिटल लाइब्रेरी संचालन की तैयारी भी शुरू करा दी गई है। इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए भी कार्ययोजना तैयार है। इन डिजिटल लाइब्रेरी में न केवल भौतिक रूप से पुस्तकें उपलब्ध होंगी, बल्कि हाई-स्पीड इंटरनेट और कंप्यूटर के माध्यम से गांवों के युवा देश-दुनिया के ई-लर्निंग कंटेंट तक भी पहुंच सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस सुविधा के शुरू होने से आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को बड़ा सहारा मिलेगा।

### 4-4 लाख से तैयार हो रही डिजिटल लाइब्रेरी

प्रथम चरण में 113 ग्राम पंचायत भवनों डिजिटल लाइब्रेरी खोली जानी है। इन लाइब्रेरी में पुस्तकालय, फर्नीचर, कंप्यूटर सिस्टम, निशुल्क इंटरनेट, दो टैबलेट, शुद्ध पेयजल की सुविधा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रत्येक लाइब्रेरी के लिए शासन स्तर से करीब 04-04 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इसमें से 02 लाख रुपये से 1.30 लाख की लागत से हार्डवेयर नेटवर्किंग, कैमरे के साथ स्मार्ट एलईडी टीवी और डेस्कटॉप की खरीद की गई है। शेष 70 हजार रुपये फर्नीचर पर खर्च किए गए हैं। जबकि शेष बचे 02 लाख रुपये पुस्तकों एवं डिजिटल सामग्री के लिए निर्धारित किए गए हैं।

जनपद की 40 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। फर्नीचर और कंप्यूटर समेत अन्य आवश्यक सामग्री आवंटित कर दी गई है। जल्द ही इनका विधिवत उद्घाटन कर इन्हें छात्र-छात्राओं के लिए खोल दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को गांव में ही बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। - **रोहित भारती**, जिला पंचायत राज अधिकारी।

# कूड़े को लेकर संघर्ष, कई लोग घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : गांव दियोरा निवासी प्रभुदयाल पुत्र शांति स्वरूप ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास घूरा भर रहा था। इसी दौरान गांव के चेतराम, लालबहादुर, हरिओम और झांझन लाल वहां पहुंचे और घूरा भरने से मना करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने प्रभुदयाल पर बांका से वार कर उसे घायल कर दिया। पिता और मां को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डबल इंजन सरकार ने हर क्षेत्र को चमकाया: जितिन

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** केंद्रीय राज्यमंत्री ने बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में जनसंवाद किया। इस दौरान न सिर्फ सरकार की उपलब्धियां गिनाई बल्कि समस्याएं भी सुनी गई। जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए।

केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने गांव रामपुर अमृत के स्कूल का उद्घाटन किया। इसके बाद गौहनिया, मार, मझिगवां आदि गांवों में पहुंचकर जनसंवाद कार्यक्रम में सहभागिता की। सरकार की उपलब्धियां बताई। कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा जनता के लिए नई- नई योजनाएं संचालित की जा रही है। परियोजनाओं से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी नए विकल्प तैयार किए जा रहे हैं। स्कूल कॉलेज का नवनिर्माण किया जा रहा है। जिससे देश के भविष्य को उचित शिक्षा मिल सके।


जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

● केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद कर सुनी समस्याएं

सड़कों से लेकर संचार व्यवस्था मजबूत हुई है। जनता को धैर्य रखना होगा, सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कहा कि वह उन पर जो जनता ने विश्वास किया है, उसे टूटने नहीं देंगे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत उखाड़ी गई सड़कों की मरम्मत न होने पर नाराजगी जताई। सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कई दिनों से हो रही मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दुरुस्त करने को संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री गांव बबूरा पहुंचे और सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों को सांत्वना दी। परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

इस मौके पर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, देवस्वरूप पटेल, एसडीएम नागेंद्र पांडेय, बीडीओ अमित शुक्ला, महीप सिंह, भानु प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, राजेश सिंह बबलू, अनुपम दीक्षित, रामेंद्र गोस्वामी, सुमित गुप्ता, नरेंद्र मोहन सक्सेना, रामदास पाठक, प्रधान संजू सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, सचिन गंगवार, विनोद राजपूत, सचिव, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# 374 निपुण विद्यालयों के शिक्षक पुरस्कृत, कार्यक्रमों की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के नवनिर्माण दिवस पर शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली छात्र-छात्राओ ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसकी मुक्तकंठ से सराहना की गई। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से लेकर शिक्षा के महत्व पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, बीएसए रोशनी सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत कराई। गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के 374 निपुण विद्यालय के शिक्षकों को अधिकारियों और ब्लॉक प्रमुख ललौरीखेड़ा अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा ने प्रशंसा पत्र बांटे।

डीएम ने जिलेभर के निपुण विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी संकल्प लें कि नए शैक्षिक सत्र में जिले के शत प्रतिशत विद्यालय निपुण होंगे। शिक्षकों को विद्यालय के परिवेश को बदलने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी होगी। जिले को विकसित पीलीभीत बनाना होगा। उन्होंने फिर दोहराया और कहा कि कोई भी स्कूल फर्नीचरविहीन नहीं रहना चाहिए। कहीं कोई दिक्कत है तो उनके सामने रखा जाए। जिसका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। सभी अतिथियों ने निपुण हुए विद्यालय के शिक्षकों को प्रशंसा पत्र बांटे। इस मौके पर एआर कोऑपरेटिव डॉ.प्रदीप कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए पवन कुमार सिंह, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य लोकेश गंगवार, उपाधि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार, जिला समन्वयक राकेश पटेल, सचिन कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, पंकज गुप्ता आदि मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार


शिक्षकों को प्रशंसा प्रत्र वितरित करते जनप्रतिनिधि और अधिकारी।

● गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया कार्यक्रम

● मरौरी व ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख रहे अतिथि

### अब स्कूलों में दिख रहा बड़ा परिवर्तन

कार्यक्रम के दौरान अमरिया के 60 स्कूल, बरखेड़ा के 37, बिलसंडा के 25, बीसलपुर के 25, ललौरीखेड़ा के 47, मरौरी के 47 , पूरनपुर के 133 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रशंसा पत्र बांटे गए। प्रशंसा पत्र मिलते ही शिक्षकों के चेहरे खुशी से खिल गए। ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने कहा पिछली सरकारों में बेसिक शिक्षा विभाग की जो दशा थी उसमें आमूलचूल परिवर्तन दिखाई दे रहा है। बीएसए रोशनी सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग शासन की सभी योजनाओं में पहले पायदान पर रहा है। चाहे वह डीबीटी का मामला हो दिव्यांग बच्चों के उपकरण वितरण योजना का मसला हो, विभाग की सभी योजनाएं बेहतर तरीके से लागू की जा रही है। शासन की मंशा के अनुरूप स्कूलों में शिक्षण कार्य कराया जा रहा है।

# जिम में गाना बजाने को लेकर मारपीट, वीडियो वायरल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : ललौरीखेड़ा में जिम में म्यूजिक सिस्टम बजाने को लेकर विवाद हो गया। एक युवक और उसके भाइयों पर हमला कर दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से खलबली मच गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना जहानाबाद क्षेत्र के ललौरीखेड़ा गांव स्थित एक जिम की बताई जा रही है। गांव के मनोज कुमार ने बताया कि उनके भाई सोनू गांव में जिम चलाते हैं। जिम के पास ही कनाकोर का एक युवक का मेडिकल स्टोर है। शनिवार दोपहर आरेपी जिम में घुस आया और म्यूजिक सिस्टम बजाने का विरोध करते हुए गाली-गलौज करने लगा। सभी लोग तमंचों लिए हुए थे। इसी बीच सूचना पर बड़ा भाई प्रदीप भी मौके पर पहुंचा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाइपास रोड, बरेली

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


ईदगाह पर गले मिलकर मुबारकवाद देते सपा सांसद आनंद सिंह भदौरिया।


लखीमपुर में ईद की नमाज में मुल्क की तरक्की की दुआ मांगते नमाजी। ● अमृत विचार


संसारपुर में ईद की नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार

## मोहम्मदी पहुंचे सपा सांसद गले मिलकर दी बधाई

**मोहम्मदी।** नगर में ईद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। एक ओर जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर देश में अमन–चैन और वतन की हिफाजत के लिए दुआएं मांगी, वहीं दूसरी ओर चैत्र नवरात्रि के चलते मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और मां चंद्रघंटा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। नगर के ईदगाह पर मौलाना असजद सिद्दीकी ने हजारों अकीदतमंदों को ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रही। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था को लेकर भी नगर पालिका पूरी तरह सक्रिय रही। अधिशासी अधिकारी जे पी मौर्या अपनी टीम के साथ ईदगाह पर मौजूद रहे। इस मौके पर धौरहरा सांसद आनंद सिंह भादौरिया, सपा नेता पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयकरन वाजपेयी, कार्तिक तिवारी, नगर अध्यक्ष इकरार अहमद खां सहित तमाम कार्यकर्ताओं के साथ ईदगाह पर नमाजियों से गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने गले मिलकर दी बधाई

**बिझौली।** ईद पर जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेश चंद्र कनौजिया ने करनपुर व रजागंज में मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें एकता, भाईचारा और दया की भावना को बढ़ावा देने का संदेश देता है। यह त्योहार हमें प्रेम, शांति और एकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की नमाज अदा करने और एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देने के लिए प्रेरित किया।

# सजदे में झुके सिर, गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

## ईदगाह समेत मस्जिदों में अदा की नमाज, सुरक्षा के रहे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले भर में शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की गई। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस बीच सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। बड़ों के साथ छोटे बच्चों ने गले मिलकर मुंह मीठा कराते हुए ईद की खुशियां बांटी।

ईद के मौके पर राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं ने भी लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। तमाम लोगों ने कब्रिस्तानों पर जाकर अपनों की कब्रों पर इत्र-फूल आदि पेश किए। अकीदत मंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा की। पेश इमामों ने ईदगाहों में तकरीर कर सभी को दीन के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ईदगाह से लेकर मस्जिदों के बाहर मेलों का आयोजन हुआ। ईद की नमाज को लेकर सुबह से मस्जिदों और ईदगाहों में चहल-पहल बढ़ गई। पूर्व निर्धारित समय पर हुई नमाज में हजारों की संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मोहल्ला ईदगाह की नमाज में पेश इमाम हाफिज मौलाना इसहाक़ ने नमाज से पहले अकीदत मंदों को अल्लाह के रसूल मोहम्मद सल्ल. की जिंदगी के बारे में बताया और उनके बताए रास्ते पर चलने की तलकीम की। नमाज खत्म होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर त्योहार की मुबारकबाद दी। वहीं घरों पर आए मेहमानों को सेवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया।


लखीमपुर शहर की ईदगाह पर बच्चों को टॉफियां–बिस्कुट देतीं डीएम–एसपी।

### डीएम-एसपी ने दी मुबारकबाद, बांटी खुशियां

**लखीमपुर खीरी।** जिले में ईद–उल–फितर का पर्व परंपरा, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। जिले में अमन–चैन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ जिला मुख्यालय स्थित गोटैय्याबाग और सुनहरी मस्जिद का दौरा किया। अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय को ईद की शुभकामनाएं दी और लोगों से मिलकर सांप्रदायिक सौहार्द को और मजबूत करने का संदेश दिया। पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहे। इस अवसर पर बच्चों के बीच भी विशेष उत्साह देखने को मिला। डीएम व एसपी ने बच्चों को स्नेहपूर्वक दुलारते हुए टॉफियां और बिस्कुट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कान देखी गईं।


पलिया में नमाज के बाद ईद मिलते युवक।


रजागंज में ईद मिलते जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेशचंद कनौजिया।

## कड़ी सुरक्षा के बीच अकीदत के साथ अदा हुई नमाज

**संसारपुर।** क्षेत्र में ईद उल फितर का पर्व पूरे उत्साह, उल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह करीब 8 .30 बजे ईदगाह में हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की और देश में अमन, भाईचारे तथा तरक्की की दुआ मांगी। जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना साजिद ने नमाज अदा कराई। अपने खुतबे में उन्होंने लोगों से आपसी प्रेम, भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करने का संदेश दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिससे पूरे गांव में खुशियों का माहौल छा गया। ईदगाह और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य और संसारपुर चैकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव पुलिस बल के साथ सुबह से ही मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्था का जायजा लेते रहे। उनकी निगरानी में नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

## मैलानी में जोशो खरोस के साथ पढ़ी गई ईद की नमाज



**मैलानी।** नगर मैलानी की ईदगाह, जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज बहुत ही अकीदात और एहतराम के साथ अदा की गई। ईदगाह पर 8 .45 पर, जामा मस्जिद पर 9 बजे नमाज हाफिज तकिउद्दीन ने पढ़ाई। साथ ही मुल्क में अमन चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए भी दुआएं मांगी गईं। इसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। मैलानी के पेश इमाम अब्दुल कादिर ने ईद की नमाज के बाद अकीदतमंदों के बीच इंसानियत का पैगाम दिया। इस मौके पर समाज सेवी भवानी शंकर माहेश्वरी ने सभी से गले मिलकर व फूलों की माला पहनाकर लोगो को मुबारक दी। सपा नेता नरेश यादव, पूर्व चेयरमेन पति नीरज वाजपेयी ने भी लोगों को ईद की मुबारक दी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

## कुकरा में भी मनाई गई ईद-उल-फितर



**कुकरा।** क्षेत्र में ईदगाह में ईद उल फितर नमाज की इमामत हाफिज अब्दुल सलाम अंसारी ने पढ़ाई। ईद उल फितर त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। कस्बे की ईदगाह में हाफिज अब्दुल सलाम अंसारी व दारुल उलूम में मुफ्ती आदिल अखलाक कासमी, खुशनुमा मस्जिद में इमाम हाफिज सैयद अबरार हुसैन, मदनी मस्जिद में मौलाना अब्दुल कयूम कासमी, मरकज मस्जिद में हाफिज अब्दुल सलाम, मदरसा नफातुल मुस्लिमीन मस्जिद में हाफिज अतीकुर रहमान अंसारी, स्टेट शाही मस्जिद में हाफिज शकील अंसारी, सलेमपुर मस्जिद में मौलाना मोहम्मद अकील ने पैश–ए–इमामत की। इमामों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की दिली मुबारकबाद दी। विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि रोमी कक्कड़ साहनी, कुकरा प्रधान प्रतिनिधि फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, प्रधान हरजिंदर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक कुमार राणा आदि ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष मैलानी बृजेश कुमार मौर्या, कुकरा चौकी प्रभारी अवलीश कुमार पवार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

# उमड़ा आस्था का सैलाब अमन-चैन की मांगी दुआ

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** कस्बे के ईदगाह में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। नमाजियों ने सिर झुकाकर अल्लाह से अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। एक-दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, अंजुमन इस्लामिया के सदर तजम्मुल खान, सचिव जैनुल हसन, राहुल गुप्ता समेत कई लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम की ओर से ईदगाह परिसर में स्टॉल लगाकर नमाजियों को खजूर और पानी वितरित किया गया। सभी को ईद की बधाई दी गई।

### धूमधाम से मना ईद उल फितर का त्यौहार

**रोशननगर।** ईद उल फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर मुबारकबाद देकर अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने सेवइयां खाकर मुंह मीठा किया। रोजेदारों ने गरीबों और जरूरतमंदों में जकात भी बांटी। रोशननगर, ममरी, हैदराबाद, गनेशपुर, नयागांव, परेली, अहमनगर, दतेली, घरथनियाँ, सौखियाँ, जमुनहां, सरकारगढ़, वनबुधेली, धिरावां, छितौनियां, अजान, अंगदपुर आदि मुस्लिम बाहुल्य गांव में ईद हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।


सिंगाही ईदगाह पर नमाज अदा करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

# अकीदत के साथ पढ़ी गई ईद की नमाज, सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन मुस्तैद


गोला में ईदगाह पर नमाज पढ़ते लोग। ● अमृत विचार


गोला में ईदगाह पर मुस्तैद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर में ईद उल फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। ईदगीा पर अकीदत के साथ नमाज पढ़ी गई। सुरक्षा के लिये पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

ईद के त्योहार की शुरुआत सुबह की ईद की विशेष नमाज के साथ हुई। गोला की मुख्य ईदगाह और विभिन्न मस्जिदों में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुदा की इबादत में सिर झुकाया। नमाज के बाद देश में अमन चैन, खुशहाली व तरक्की की दुआएं मांगी गईं। नमाज खत्म हो जाने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी, जिससे पूरा माहौल आपसी सौहार्द से सराबोर हो गया। विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व विधायक विनय तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, तहसीलदार भीमचंद, ईओ आईएएस मनीषा धारवे, कोतवाल अंबर सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार सिंह, एसएसआई देवेन्द्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

**केशवापुर।** कस्बे के निकटवर्ती गांव भल्लिया बुजुर्ग, खम्हौल, जलालपुर, घुग्घुलपुर, सकेथू, कोटवारा आदि गांवों स्थित ईदगाह पर मस्जिद के इमामो ने शनिवार सुबह साढ़े 8 बजे तमाम रोजेदारों को ईद की नमाज अदा कराई। पश्चात एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, मिठाइयां व सेंवइयां खिलाईं। जलालपुर, खम्हौल और केशवापुर गांवों में गोला पुलिस व भल्लिया बुजुर्ग, घुग्घुलपुर, सकेथू, कोटवारा, अजान आदि गांवों की ईदगाहों की सुरक्षा व्यवस्था हैदराबाद थाने की पुलिस ने चाक चैबंद रखी। अजान कस्बे में बरकाती मस्जिद में सबसे बड़ी ईद की नमाज अदा की गई। यहां पेश इमाम मौलाना तौकीर रजा ने ईद की नमाज अदा कराई, तो कोटवारा में हाफी शोएब, खम्हौल में हाफिज जमील अख्तर ने ईदगाह में नमाज अदा कराई।


ईदगाह पर गले मिलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल।


गोला में गले मिलते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू।


गले मिलकर ईद की मुबारकवाद देते विधायक अमन गिरि।

# पलिया में पारंपरिक तरीके से मनाई गई ईद, ईदगाहों में दीन के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया

संवादादात, पलियाकलां

**अमृत विचार:** कस्बा समेत पूरे तहसील क्षेत्र में परंपरागत तरीके से ईद मनाई गई। मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज अदा की गई और लोगों ने एक दूसरे के गले मिल एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। कस्बे के ईदगाह में पूर्वाह्न इस्लाम धर्म के मानने वाले बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद की नमाज पढ़ी। इसके बाद देश व कौम की तरक्की तथा फलाह और बहबूद के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग एक दूसरे के गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा नगर की नूरी मस्जिद, मोहल्ला माहीगिरान व वरबंडा आदि की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अता की गई और कौम एवं राष्ट्र के अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआ मांगी गई। इस मौके पर एसडीएम डॉ. अवनीश कुमार, सीओ जितेंद्र सिंह परिहार व कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी लगातार भ्रमणशील रहे एवं अधीनस्थ पुलिस द्वारा शहर में कड़ी निगरानी रखी गई। इस दौरान नगर में कई स्थानों पर सफील लगाकर शरवत आदि का वितरण भी किया गया। इसके बाद लोग एक दूसरे के घरों पर पहुंचे और उन्होंने मीठी सेवइयों सहित विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। पलिया नगर के अलावा ग्राम अतरिया, नगला व तिरकौलिया आदि से भी ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में पारंपरिक तरीके से मनाया गया।

**भीरा/भानपुर।** क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भीरा के पिपरिया भूड़ स्थित ईदगाह एवं गौसिया मस्जिद में विशेष ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। ईदगाह पर जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलवी निजामुद्दीन तथा गौसिया मस्जिद में मौलाना रिजवान बरकती ने नमाज अदा करते हुए देश में अमन चैन की दुआ मांगी इसके बाद ईद का जश्न शुरू हुआ। त्योहार का उत्साह सबसे अधिक बच्चों में दिखा। साथ ही कस्बे की गौसिया मस्जिद में सुबह 8:30 बजे समुदाय के लोगों ने नमाज अदा की। पेश इमाम जामा मस्जिद मौलवी निजामुद्दीन, गौसिया मस्जिद के इमाम मौलाना रिजवान बरकाती ने देश में अमन व चैन की दुआ मांगी और लोगों को ईद की मुबारक बाद पेश की।

**मझगई।** थाना क्षेत्र में ईद का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। छेदुई पतिया जामा मस्जिद में इमाम उमर फारूक और इमाम मौलाना मुजीबुद्दीन साहब ने ईद की नमाज पढ़ाई। पश्चात लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने अपने दल बल के साथ क्षेत्र की समस्त ईद गाहो मझगई, नौगवां, लोध पुरवा, बम्हनपुर, दौलता पुर, बल्लीपुर, ढकवा गदियाना, भदुरैहिया, सिसवारा, पतिया आदि मस्जिद का दौरा किया और शांति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. रफीक अहमद, हसरत अली, इकराम अली, नसीम खा, यूसुफ अली, शहंशाह आलम, साबिर खां, आजाद अली, हुसैन अली, रईस गाजी, जमील खान, मुस्तियाक खान आदि मौजूद रहे।


छेदुई पतिया मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार


भीरा क्षेत्र में ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# पलिया वन रेंज में वन्य जीवों के बीच संघर्ष, शावक की जान गई

## वन विभाग की टीम व पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे, क्षत-विक्षत शव मिलने से लोगों में दहशत



मृत तेंदुए के पास जांच करती वन रेंज व दुधवा के पशु चिकित्सालय की टीम।



तेंदुए के शव को कब्जे में लेती टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार:** पलिया रेंज क्षेत्र में आपसी संघर्ष के दौरान मादा तेंदुए के एक शावक की मौत हो गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

शनिवार सुबह पलिया रेंज की परसपुर वन चौकी के अंतर्गत लगदहन गांव के पास एक खेत में तेंदुए के शावक का क्षत-विक्षत शव मिलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर रेंजर विनय

**● पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित, जांच के लिए बरेली भेजा गया शव**

कुमार, डिप्टी रेंजर शिव बाबू सरोज, फॉरेस्टर राकेश कुमार पटेल, पलिया ब्लॉक के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वीपी सिंह तथा डब्लूडब्लूएफ की टीम मौके पर पहुंची। इसके अलावा दुधवा टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ. राधेश्याम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। टीम शव को कब्जे में लेकर परसपुर वन चौकी लाई, जहां पोस्टमार्टम किया गया। बिसरा सुरक्षित कर जांच के लिए बरेली भेजा गया है। मौके पर बड़े तेंदुए के पगचिह्न मिलने से प्रथम दृष्टया मामला आपसी संघर्ष का माना जा रहा है। मृत शावक की उम्र करीब एक वर्ष बताई गई है।

वन विभाग जांच में जुटा है। उधर, इस बाबत रेंजर विनय कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर बड़े तेंदुए के पगचिह्न मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी संघर्ष का प्रतीत होता है। मृत शावक की उम्र लगभग एक वर्ष बताई जा रही है। वन विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है।

### धौरहरा में पांच तेंदुओं की हो चुकी है मौत

धौरहरा। वन रेंज धौरहरा के बसंतापुर गांव में पकड़े गए शावक की 17 मार्च की दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना पहली नहीं इससे पहले भी चार तेंदुओं की मौत हो चुकी है। बता दें कि धौरहरा वन रेंज में एक साल पहले दो तेंदुओं के शावकों को रेस्क्यू कर वन रेंज लाया गया था। रेंज में ही रखकर चार दिन तक इलाज चलने के बाद मौत हो गई। कुछ ऐसा ही जटपुरवा सेन्टर और बबुरी भट्ठा से रेस्क्यू किए गए तेंदुओं के साथ भी हुआ। दोनों तेंदुओं को वन रेंज लाया गया और वहीं इलाज के दौरान दोनों की 26 जुलाई को मौत हो गई।

## बारिश ने जलने से बचाई गन्ने की फसल

**बिझौली, अमृत विचार:** शुक्रवार को हुई अचानक बारिश ने गन्ने की फसल को बचा दिया। बिजली के तार टूटने से लगी आग को बारिश ने समय रहते बुझा दिया, जिससे किसान की फसल बच गई।

**● 11 हजार की लाइन का तार टूटकर गिरने से गन्ने में लगी आग**

बिझौली निवासी विपिन श्रीवास्तव के खेत से निकली 11 हजार की लाइन का तार टूट कर गन्ने के खेत में गिर गया, जिससे गन्ने में आग लग गई, लेकिन बारिश होने के कारण आग अपना विकराल रूप नहीं ले सकी, जिससे किसान का बड़ा नुकसान होने से बच गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बारिश नहीं होती, तो गन्ने की पूरी फसल जल जाती और किसान का बड़ा नुकसान हो जाता। किसान विपिन ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित सूचना दी कि जर्जर तार को बदल दें लेकिन विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। जबकि इससे पहले 2007 में भी तार टूटने की वजह से उनका दो एकड़ गन्ना जल चुका हैं। उसके बाद 2022 में भी आग लगी, लेकिन अभी तक विभाग ने जर्जर तारों को नहीं बदला, जिससे आये दिन आग लगने की समस्या बनी हुई हैं किसान विपिन ने बताया कि अब मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्रार्थना पत्र देगे।

# स्वयंसेवकों ने फाइलेरिया के बचाव की दी जानकारी




लक्ष्मणयती के अरुश्री वृद्धाश्रम जाते एनएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने लक्ष्मणजती गांव में फाइलेरिया के बचाव एवं फाइलेरिया की दवा खाने के लिए घर घर जाकर लोगों को जानकारी देते हुए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने अरुश्री वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों से मिलकर उन्हें आवश्यक खाद्य सामग्री भी वितरित की।

केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में 18 मार्च से 24 मार्च तक चलने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन शनिवार को प्राचार्य प्रो पंकज सिंह के निर्देशन में स्वयंसेवको ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ आदर्श पटेल, डॉ. अमित कुमार यादव के साथ नगर से सटे लक्ष्मणजती गांव में घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया के बचाव एवं फाइलेरिया की दवा खाने के लिए जानकारी दी।

**● स्वयंसेवकों ने लक्ष्मणजती गांव में घर-घर जाकर लोगों को किया जागरूक**

उन्होंने आरूश्री वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों से मिलकर उनकी स्थिति जानी, उन्हें आवश्यक खाद सामग्री वितरित की।


समाजशास्त्र के विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि बुजुर्ग ही सामाज की वास्तविक पूंजी है। समाजसेवी सत्यप्रकाश अग्रवाल ने समाज में सेवा का भाव पहुंचने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युवा ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। उन्हें समाज के लिए नेक कार्य करते रहने चाहिए। उन्हें अपने माता-पिता, दादा दादी, वृद्ध व्यक्तियों का सम्मान करना चाहिए। समापन प्रश्नोत्तरी, लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रगान से हुआ। डॉ योगेश कनौजिया, डॉ शैलेंद्र, डॉ सुनील गुप्ता सहित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

# विधायक ने सभासदों को किया सम्मानित

**● माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं**

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत मैलानी में शासन द्वारा नामित सभासद बनाए जाने पर गोला विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमन गिरि ने मैलानी नगर पंचायत में नामित सभासदों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।



मैलानी में नामित सभासदों को सम्मानित करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

नगर पंचायत में नामित सभासद शिव गोविंद कुशवाहा के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। इस दौरान विधायक ने उन्हें माला पहनाकर बधाई दी, मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री गिरि ने कहा कि पार्टी द्वारा सौंपे गए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने आशा जताई कि शिव गोविंद कुशवाहा नगर पंचायत की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पति नीरज वाजपेयी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा उर्फ राजा भैया, कोऑपरेटिव सोसाइटी अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, संतोष भारद्वाज, नेहा सरस्वती धुरिया सहित कई कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने नव नामित सभासद को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## हाइटेंशन लाइन का तार टूटा, 200 घरों की बिजली बंद

**बिझौली, अमृत विचार:** गांव बिझौली व लखैया में 11 हजार वोल्ट का तार टूटने से 150 से ज्यादा घरों की बिजली 15 घंटों से बंद है, लेकिन अभी तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी देखने नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की सप्लाई बंद होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, पानी की सप्लाई भी बंद है और गर्मी में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की।

# बाघ के हमले में मारे गए किसान के परिवार को दी आर्थिक सहायता



नंदलालपुर में पीड़ित परिवार को सांत्वना देते डॉ. कौशल वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** मोहम्मदी रेंज की आंवला बीट के गांव नन्दलालपुर में बाघ के हमले में जान गंवाने वाले किसान मनोज कुमार पाल के पीड़ित परिवारजनों के घर एक हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के संचालक भाजपा नेता डॉ. कौशल वर्मा पहुंचे। पीड़ित परिवार का दुःख-दर्द जाना और आर्थिक सहायता दी।

पांच दिन पूर्व चारा काटने के दौरान नन्दलालपुर में गरीब गजोधर लाल के पुत्र मनोज को बाघ नें मौत के घाट उतार दिया। डॉ. कौशल वर्मा ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आनंद अर्कवंशी एडवोकेट, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रभात वाजपेयी रुद्र, मोलू बाजपेयी, इंजी. अभिषेक वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# फैक्ट्री की लापरवाही से बढ़ी फिसलन, हो रहे हादसे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के कस्बा बेलरायां में दुधवा नेशनल पार्क से सटे इलाके में संचालित गुल्ला (कोयला) बनाने वाली फैक्ट्री की लापरवाही अब आम जनजीवन पर भारी पड़ने लगी है। चीनी मिल से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से लाई जा रही प्रेसमड रास्ते में ही सड़कों पर गिर रही है, जिससे पूरे मार्ग पर गंदगी की मोटी परत जम गई है। यह परत अब खतरनाक फिसलन में तब्दील हो चुकी है, जो आए दिन हादसों को जन्म दे रही है।



सड़क पर बिछी प्रेस मेड की मोटी परत। ● अमृत विचार

तकिया पुरवा मेन रोड से मांझा मार्ग तक का करीबन पूरा रास्ता इस समस्या से प्रभावित है। सुबह-शाम इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को हर कदम पर फिसलने का डर बना रहता है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जिनकी बाइक या साइकिल अचानक फिसल जाती है। कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं, कुछ को गंभीर चोटें भी आई हैं, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की नींद नहीं टूट रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बेलरायां उप मंडी स्थल के पास करीब तीन महीने पहले यह फैक्ट्री स्थापित की गई थी। उस समय ही दुधवा नेशनल पार्क की सीमा के इतने करीब इस तरह की गतिविधि शुरू होने पर सवाल उठाए गए थे, लेकिन वन विभाग और प्रशासन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। अब वही लापरवाही लोगों के लिए खतरा बन गई है। फैक्ट्री तक प्रेसमड पहुंचाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ढकने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। खुले में ढुलाई होने के कारण पूरे रास्ते में प्रेसमड गिरती रहती है। धीरे-धीरे यह सड़क पर फैलकर मोटी परत

**● दुधवा नेशनल पार्क के पास गुल्ला फैक्ट्री पर उठे सवाल**
**● ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना ढके चल रहीं, रास्ते में गिर रही गंदगी**

बना लेती है, जो सूखने पर धूल और गीली होने पर दलदल जैसी फिसलन पैदा करती है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकराल हो गई है। हल्की बारिश के बाद ही सड़क कीचड़ में बदल जाती है और उस पर चलना जोखिम भरा हो जाता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। सुबह स्कूल जाते समय और दोपहर में लौटते वक्त बच्चे इस फिसलन भरी सड़क पर कई बार गिर चुके हैं। अभिभावकों में इसको लेकर गहरी चिंता है।

महिलाएं और बुजुर्ग भी इस मार्ग से गुजरने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री संचालक पूरी तरह नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। न तो ट्रॉलियों को ढका जा रहा है और न ही सड़क की सफाई की कोई व्यवस्था की गई है। कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं दिखा। अब क्षेत्र में लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, ट्रॉलियों को ढककर चलाने के सख्त निर्देश नहीं दिए गए और सड़क की नियमित सफाई शुरू नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने प्रशासन से तत्काल मौके का निरीक्षण कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बौधिया कलां में तेंदुए का फिर हमला, बछड़े का किया शिकार

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** क्षेत्र में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत बौधिया कला में लगातार तीसरे दिन तेंदुए ने हमला कर एक और बछड़े को अपना शिकार बना लिया। इस बार तेंदुए ने गुरमीत यादव के बछड़े को निशाना बनाया।

गुरमीत यादव की घारी नहर के पश्चिम जंगल के पास स्थित है, जहां पिछले कई दिनों से तेंदुए की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे एक दिन पहले ही तेंदुए ने तोताराम यादव के बछड़े को मार डाला था। वहीं 18 मार्च को नरेंद्र कुमार उर्फ बुधई के 5 नवजात बछड़ों को तेंदुए ने मार डाला था। लगातार हमलों से गांव में दहशत है। पशुपालक रातभर जागकर अपने मवेशियों की रखवाली कर रहे हैं, तेंदुआ लगातार हमला कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई करते हुए तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

**● तेंदुआ की दस्तक से दहशत, ग्रामीणों ने उठाई पकड़ने की मांग**

## बदले मौसम का असर जारी दिनभर छाए रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले में मौसम का बदला हुआ मिजाज थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को अचानक आए बदलाव के बाद शनिवार को भी पूरे दिन आसमान में घने बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे न सिर्फ तापमान में गिरावट आई, बल्कि मौसम में ठंडक भी काफी बढ़ गई।

सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा रहा और सूरज पूरी तरह से बादलों के पीछे छिपा रहा। दिनभर कोई खास धूप नहीं निकलने के कारण लोगों को हल्की सर्दी का एहसास हुआ। बीच-बीच में चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम को और ठंडा बना दिया। बूंदाबांदी के चलते सड़कों पर जगह-जगह कीचड़ और फिसलन हो गई, जिससे राहगीरों और वाहन

**● बढ़ी ठंडक, फसलों पर संकट के आसार**

चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को अधिक सतर्कता बरतनी पड़ी। शुक्रवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और कुछ इलाकों में ओलावृष्टि ने पहले ही जनजीवन को प्रभावित कर दिया था। दूसरे दिन भी मौसम का यही मिजाज बने रहने से लोगों की दिनचर्या पर असर पड़ा। मौसम के इस बदलाव का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ रहा है। इस समय खेतों में गेहूं, सरसों और अन्य रबी फसलें पकने के अंतिम चरण में हैं। लगातार नमी और ओलावृष्टि से फसलों के झुकने और दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसान फसल को लेकर चिंतित हैं।

# पूर्णागिरि धाम के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था



पूर्णागिरी धाम जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचार:** भीरा क्षेत्र के भानपुर गांव से शनिवार को छह श्रद्धालुओं का जत्था माता पूर्णागिरि धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर निकलने से पूर्व गांव में भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया और जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों और जय माता दी के उद्घोष के बीच श्रद्धालु यात्रा पर निकले। भक्तों ने बताया कि वे माता के दरबार में पहुंचकर अपने परिवार, गांव व क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। उनका कहना है कि नवरात्रि में माता पूर्णागिरि के दर्शन का विशेष महत्व होता है और इस दौरान की गई प्रार्थनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं।

जत्थे के प्रस्थान के दौरान गांव वासियों ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
STAFF REQUIRED
Pharmacy Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Relevant Field
Floor Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Hospital
Junior Accountant
Qualification:- Min. B.Com. & Good Excel Knowledge
Computer Operator
Qualification: Min. Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed
Pharmacist
Qualification: Min. D. Pharma & Good Computer Knowledge
PRO
Qualification: Graduation
Salary No Bar for Deserving Candidates
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

न्यूज ब्रीफ

### उधार को लेकर विवाद में महिला से मारपीट

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : कोतवाली सदर क्षेत्र के सलेमपुर कोन निवासी नीलम ने बताया कि घर के सामने छोटी सी दुकान चलाती हैं। सुबह करीब 9:30 बजे पड़ोसी मनोज अपने बेटे साथ दुकान पर आया। उसने शराब पी रखी थी और उधार में सामान मांगने लगा। उन्होंने जब पहले का बकाया चुकाने की बात कही, तो वह नाराज हो गया। घर में घुस आया और मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टैंपो व बाइक की टक्कर में सात घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : जलालाबाद-कटरा स्टेट हाइवे पर खाई खेड़ा गांव के सामने शनिवार की दोपहर एक टैंपो और बाइक की टक्कर हो गयी। हादसे में सात लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंपो सड़क पर पलट गया। बाइक सवार कासिम, निवासी दिबियापुर थाना जलालाबाद और फहीम निवासी धियारपुर थाना जलालाबाद घायल हो गए। टैंपो में सवार अमित निवासी ढुकरी खुर्द थाना मदनापुर, कासिम, रहनुमा, सना खान, जैव खान घायल हो गए है। घायलों को सीएचसी पर भेज दिया गया।

# मेडिकल कॉलेज को मिले 26 शरीर दानी, नहीं होगी परेशानी

## मेडिकल स्टूडेंट के अध्ययन में काम आते हैं पार्थिव शरीर, बदायूं में बढ़ रही देहदान करने वालों की संख्या, 5 शव पहले मिल चुके

केपी शर्मा, बदायूं

**अमृत विचारः** रक्तदान, अंगदान, देहदान...। नश्वर देह दूसरों के काम सके, इससे बड़ा परोपकार और क्या हो सकता है ? उसी तरह, जैसे कि गाजियाबाद के हरीश राणा ने इच्छा मृत्यु की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही अंगदान का संकल्प कर लिया था। सामाजिक जागरुकता से जुड़ी ये अच्छी खबर बदायूं से है, जहां मेडिकल स्टडी के लिए अपना शरीर देने को 26 और महादानी आगे आए हैं, जिन्होंने अभी से लिखा-पढ़ी में देहदान का फैसला कर लिया है। कॉलेज को 5 निष्प्राण शरीर पूर्व में ही मिल चुके हैं, जो यहां अध्ययनरत भविष्य के डॉक्टरों की मेधा निखारने के काम कर रहे हैं। बदायूं के योग गुरू गिरधारी सिंह राठौर हों या कानपुर में दधीच देहदान अभियान चला रहे मनोज सेंगर व उनकी पत्नी माधवी सेंगर, ये दानी हैं, जिनकी प्रेरणा से देहदानियों की संख्या बढ़ती दिखाई दे रही है।

मृत मानव देह का उपयोग मेडिकल स्टूडेंट को शरीर संरचना विज्ञान और कार्यप्रणाली के अध्ययन में किया जाता है। फिर चाहे वह दंत चिकित्सा, शल्य चिकित्सा या अन्य कोई विभाग, चिकित्सा पेशेवरों के लिए पढ़ाई में शरीर संरचना सबसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम होता है। इतना ही नहीं, चिकित्सा संस्थानों में इंसानी शवों का प्रयोग नई जीवन रक्षा शल्य प्रक्रियाओं के विकास में भी किया जाता है। मेडिकल कॉलेजों को मिलने वाले शव 15 से 20 साल तक सुरक्षित रखे जा सकते हैं। एनॉटमी विभाग के चिकित्सक ऐसे शवों पर खास तरह का केमिकल-दपा का लेप लगाते हैं, जिससे उसे लंबे समय तक क्षति नहीं पहुंचती। शव को बार-बार खोल कर देखने और उसमें टांके लगाकर वैसा ही कर दिया जाता है।

बदायूं में राजकीय मेडिकल कॉलेज 2017 में बनकर तैयार हुआ था। एमबीबीएस की मान्यता 2019 में मिली थी। प्रोफेसर डॉ. मुक्तियाज हुसैन, डॉ. अजीत गंगवार, डॉ. पारूल सक्सेना और डॉ. एसके मिश्रा पहले बैच के 100 मेडिकल स्टूडेंट ने यहां मानव शरीर की संरचना के बारे में अध्ययन किया था।

अच्छी बात ये है कि मेडिकल की पढ़ाई को बदायूं मेडिकल कॉलेज को आसानी से मृत मानव शरीर मिलना शुरू हो गए हैं। देहादानियों की संख्या बढ़ना चिकित्सा विज्ञान की मजबूती की दिशा में बढ़िया संकेत है। देहदान करने वाले किसी व्यक्ति के निधन के उपरांत उनके परिजन मेडिकल कॉलेज को सूचिता करते हैं। उसके बाद पार्थिव शरीर अध्ययन के लिए कॉलेज को दे दिया जाता है।



राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं।


देहदानी को संकल्प पत्र देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### योग गुरु गिरधारी राठौर की मुहिम रंग ला रही

बदायूं में पुलिस लाइन चौराहा के पास रहने वाले योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर काफी समय से देह दान को लेकर मुहिम चला रहे हैं। वह खुद भी देहदान का संकल्प कर चुके हैं। गिरधारी राठौर की प्रेरणा से अभी तक 14 लोगों देहदान का संकल्प पत्र भर चुके हैं। योगी गुरु से प्रभावित होकर बबराला क्षेत्र की रहने वालीं दो महिलाओं ने भी देहदान का संकल्प लिया है। देहदानी कांती ने बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। पति की इच्छा थी कि वह देहदान करें। दूसरी दानी महिला भी बबराला की सुनीता यादव है। उन्होंने भी संकल्प पत्र भरा है। उनका कहना है कि देहदान से बड़ा दूसरा कोई दान नहीं है। परिवार सहमति से देहदान करने का संकल्प लिया है।


योग गुरु गिरधारी सिंह राठौर

दधीचि देहदान अभियान के संचालक कानपुर निवासी मनोज सेंगर और उनकी पत्नी माधवी सेंगर करीब दो दशक से मुहिम चला रहे हैं। सेंगर दंपती अब तक राजकीय मेडिकल कालेज को पांच देह दिलवा चुके हैं। पांचों देह कानपुर से लाकर दी गई हैं। मेडिकल कॉलेज में बड़े बड़े फ्रीजर हैं, शव उनमें रखे जाते हैं। – **डॉ . अरुण कुमार**, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज


प्राचार्य डा .अरुण कुमार

### 6 नामजद, कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के भूतनाथ रोड निवासी अखिलेश तिवारी ने बताया कि 20 मार्च को सुबह 11.30 बजे वह अमृत 2.0 योजना के तहत नीलकंठ मैदान के सामने कार्य करा रहा था। आरोप है कि इस दौरान विपक्षी कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। मना करने पर गालियां देने लगे। जब वह जल निगम के जेई के साथ समझाने के लिए उनके पास गया तब विपक्षियों ने उसे बुरी तरह मारापीटा, गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। जानमाल की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कुम्हारन टोला निवासी हर्ष अवस्थी, भूतनाथ रेलवे क्रासिंग निवासी गुलजार अहमद, राहुल भदौरिया, सौरभ, भालू शुक्ला, अजीत पांडे के नामजद सहित 4-5 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**जहर खाने से युवक की मौत। शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले के उचौलिया थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी 30 वर्षीय प्रदीप कुमार ने पारिवारिक कलह को लेकर शुक्रवार की शाम जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिवार वालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। शनिवार सुबह इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# संसारपुर में भाजपा अध्यक्ष का स्वागत


प्रशिक्षण में मौजूद मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, संसारपुर

- ढोल-नगाड़ों के साथ किया अभिनंदन, विधायक रोमी साहनी भी रहे मौजूद


**अमृत विचारः** कस्बे में शनिवार को भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण में जोरदार शक्ति प्रदर्शन देखने को मिला। नवागत जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के स्वागत में कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। ढोल नगाड़ों और माल्यार्पण के बीच हुए इस भव्य स्वागत में पलिया विधायक रोमी साहनी की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और खास बना दिया।

शनिवार दोपहर बाद जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता संसारपुर पहुंचे, जहां नेशनल हाईवे स्थित शिव मंदिर के पास कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। विधायक और जिलाध्यक्ष दोनों नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। कस्बे में पहुंचते ही वैश्य समाज से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष संतोष पैलेस में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए, जहां संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। पैलेस स्वामी डोरेलाल वर्मा ने भी उनका स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर संसारपुर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव पुलिस बल के साथ तैनात रहे। उनकी निगरानी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

स्वागत समारोह में मंडल अध्यक्ष रामानुज मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष गोवर्धन लाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, किशोर गुप्ता, नागेश गुप्ता, भाजपा बूथ अध्यक्ष अशोक गुप्ता, गन्ना सोसायटी गोला के पूर्व चेयरमैन सुरेशचंद्र वर्मा, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, प्रधानपति रामप्रसाद देवल, कंधईलाल और मनीष वर्मा समेत सैकड़ों लोगों ने जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए।


संसारपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करते बूथ अध्यक्ष अशोक गुप्ता।

# पिच पर बिगड़ गई हालत यूपीसीए अंपायर की मौत


अंपायर सोनल चंद्रा की क्रिकेट खेलते समय हालत बिगड़ी, उन्हें बचाया नहीं जा सका।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** थाना रोजा क्षेत्र के आदर्शनगर कॉलोनी निवासी यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायर सोनल चंद्रा की क्रिकेट खेलते समय मौत हो गई। शनिवार दोपहर करीब दो बजे वह दोस्तों के साथ ओसीएफ ग्राउंड पर क्रिकेट खेलने गए थे और बैटिंग के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें घबराहट और उलझन होने लगी, जिसके बाद वह पिच से हटकर गिर पड़े।

साथियों ने उन्हें ग्राउंड की सीढ़ियों पर लिटाया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर पहले ओसीएफ अस्पताल और फिर निजी अस्पताल ले जाया गया। परिजन उन्हें बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोनल तीन साल पहले यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के पैनल में अंपायर बने थे और वह अपना ड्रोन वीडियो भी बनवाते थे। बताया गया कि घटना से पहले भी उनका वीडियो बन रहा था। उनकी मां सुनीता चंद्रा शिक्षिका रह चुकी हैं और पिता महेश चंद्रा सीमा सुरक्षा बल में तैनात थे, जो 30 साल पहले शहीद हो गए थे। वह परिवार के इकलौते पुत्र थे। थाना प्रभारी राजीव रंजन ने बताया कि मामले की कोई सूचना नहीं मिली है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


सोनल चंद्रा।

# दुधवा में नहीं हो सकी 6 गैंडों की रिहाई

**पलिया कलां, अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व गैंडों को खुले जंगल में छोड़े जाने की प्रक्रिया जारी है। नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 4 गैंडों को खुले जंगल में छोड़ा जा चुका है। अब छह गैंडों को छोड़े जाने की प्रक्रिया शनिवार से शुरू होनी थी, लेकिन मौसम में बदलाव और बारिश के चलते इसकी शुरुआत टल गई। अब 22 मार्च से शुरुआत होगी और 28 मार्च तक छह और गैंडों को स्वच्छंद विचरण के लिए छोड़े जाने की योजना है।

मौसम अनुकूल रहने पर 22 मार्च से यह अभियान शुरू किया जाएगा। इसी बीच अचानक बदले मौसम ने पार्क प्रशासन के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विशेषज्ञों की टीम दुधवा पहुंच चुकी है। इस अभियान का नेतृत्व पद्मश्री डॉ. केके शर्मा (कॉलेज ऑफ वेटनरी साइंस, गुवाहाटी, असम) करेंगे। दुधवा टाइगर रिजर्व की टीम के साथ तकनीकी सहयोग के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की टीम भी तैयार है। वहीं महावत और चाराकटर राजकीय हाथियों के साथ सहयोग के लिए मुस्तैद हैं।

# जेल से छूटे अपराधी ने असलहे के साथ महिला को धमकाया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विवाद में आरोपी जा चुका है जेल, 15 दिन पहले हुआ रिहा
- बेटे पर जानलेवा हमले की जताई आशंका, दहशत में परिवार

**अमृत विचारः** शहर के देवकली रोड सुभाषनगर निवासी एक महिला ने हाल ही में जेल से छूटे युवक पर घर के सामने असलहा के साथ धमकाने, जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने आरोपी से बेटे की जान का खतरा बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला सुभाषनगर निवासी रिंकी पत्नी दीपक कश्यप ने बताया कि उसके पुत्र अमन कश्यप का का कुछ समय पहले मोहल्ला कुंतीपुरमा निवासी विनय त्रिवेदी से विवाद हो गया था। इस विवाद में आरोपी ने उनके बेटे को गोली मार दी थी। इस मामले में आरोपी जेल भी गया था। करीब 15 दिन पहले जमानत पर रिहा होने के बाद आया है। अब वह उसके घर के आसपास आकर लोगों को धमकाता है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी अपने भाई और अन्य साथियों के साथ घर के आसपास आकर गाली-गलौज करता है और खुलेआम तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी देता है। लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश करता है।

आरोपी कहता है कि किसी को भी गोली मार देंगे, जिससे परिवार के लोग बेहद भयभीत हैं। महिला ने यह भी आशंका जताई है कि आरोपी उसके बेटे पर कभी भी जानलेवा हमला कर सकता है। लगातार मिल रही धमकियों के चलते परिवार के सदस्य घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं। आसपास के लोगों में भी इस घटना को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### निबंधन कार्यालय खुलेंगे, रजिस्ट्री कार्य रहेगा जारी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर 22 मार्च रविवार को भी जिले के सभी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे और आम दिनों की तरह पंजीकरण कार्य होगा। सहायक महानिरीक्षक निबंधन अमिताभ कुमार ने बताया कि महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। डीएम के अनुमोदन के बाद सभी उप निबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि रविवार को कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि लोगों को रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त समय मिल सके और लंबित कार्यों का तेजी से निस्तारण हो सके।

# जानवरों से बचाया, कुदरत ने खराब कर दी फसल

- काटने से पहले ही सरसों और गेहूं की फसल हवा और बारिश से गिरीं

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** फसल कटने के समय बे मौसम बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में लहलहाती गेहूं और सरसों की फसल को देखकर किसान खुश हो रहा था। अब फसल गिरने से सिर पर हाथ धरे बैठा है। बारिश होने से गेहूं और सरसों दोनों फसलें नुकसान में हैं। फसल बर्बाद होने से किसान काफी परेशान हैं। किसानों के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बारिश से फसल गिर जाने से दाने काले पड़ने और उत्पादन कम होने का खतरा बढ़ गया है।

क्षेत्र में किसानों की मेहनत पर एक बार फिर मौसम की मार पड़ी है। किसानों ने पूरी सर्दी रात दिन खेतों की सैनिकों की तरह रखवाली कर अपनी गेहूं और सरसों की फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाया, परंतु जब फसल पककर तैयार होने लगी तो अचानक आई तेज हवा और बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं, सरसों की फसलों को गिरा दिया। किसानों ने बताया कि फसल तैयार होने तक मचानों पर जाग कर पहरेदारी की। फसलों को छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए रात रात जाग कर खेतों के चक्कर लगाए ताकि फसलों को बचाया जा सके। फसलों को मवेशियों से तो बचा लिया, लेकिन कुदरत की मार से कैसे बचाया जाए। हवा और बरसात से गेहूं और सरसों की जो फसल खेतों में गिर गई है वह कमजोर हो जाएगी। किसानों ने खराब हुई फसल का मुआवजा देने की मांग सरकार से की है।


तेज हवा और बारिश से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### कंबाइन से नहीं कट पाएगी खेतों में गिरी फसल

खेतों में फसलें पकने की कगार पर थी कि अचानक तेज हवा और बारिश से फसलें धराशायी हो गईं। गिरी फसलें जमीन से चिपक जाने के कारण अब कंबाइन मशीन से नहीं कट पाएंगी। ऐसी स्थिति में किसानों को मजबूरी में मजदूर लगाकर हाथ से कटाई करवानी पड़ेगी जिससे लागत बढ़ेगी और समय भी अधिक लगेगा। वहीं गिरी हुई फसल में नमी बढ़ने से दानों के काले पड़ने और उत्पादन कम होने की आशंका बढ़ गई है।


इस बार गेहूं की फसल बहुत अच्छी हुई थी जो पकने की कगार पर थी, लेकिन तेज हवा और बारिश में मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में फसल गिर गई है जिससे नुकसान होना तय है। –**सुंदर लाल।**


हवा-बारिश से गेहूं व सरसों की फसलें धराशाई हो गई हैं। बर्बाद हुई फसलों से लागत निकालना भी मुश्किल है। अब कैसे घर का खर्च चलेगा और फीस जमा होगी। सरकार से मुआवजे की मांग की है। –**रिंकू सिद्दीकी।**


सर्द रातों में पूरी रात खेतों की रखवाली की, ताकि छुट्टा पशु फसल को नुकसान न पहुंचा सकें। जब फसल तैयार हुई तो मौसम ने धोखा दे दिया। अब समझ में नहीं आ रहा है कि मेहनत का क्या होगा। –**बहादुर लाल।**


सरसों व गेहूं की फसलें खेत में गिर गईं। इससे उत्पादन पर फर्क पड़ेगा। आगे भी बरसात हुई तो दाने सड़ कर खराब हो जाएंगे, जिससे काफी नुकसान होगा। फसल की लागत भी नहीं निकल पाएगी।–**राम आसरे।**


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
टाइपिस्ट एवं रिसेप्शनिस्ट की
बरेली स्थित डायग्नोस्टिक सेन्टर के लिये
सम्पर्क करें एवं बायोडाटा इस ई-मेल पर भेजें
gsidhr18@gmail.com

आवश्यकता है
प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाओं, चपरासी, गार्ड, माली, सफाई कर्मचारी की
B.K.S. मैमोरियल इंग्लिश स्कूल
रजपुरी ढकनी फरीदपुर (बरेली)
सम्पर्क करें : 9412196717

आवश्यकता है
लोहे के सामान एंगिल, पाइप, पत्ती, चादर की बिक्री हेतु अनुभवी अथवा फ्रेशर मुनीम की
सैलरी दस से बीस हजार
सम्पर्क करें प्रातः 9 से सायं 7
श्री वर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेमनगर, बरेली

NEW ENGLAND DEACONESS SCHOOL
REQUIRES
TGTs/PRT/Kindergarten Teachers
Trained, energetic convent educated and must be competent to teach in English
Salary no bar for deserving candidates
Transport facility available from Bareilly
Walk-in-interview on 29 March 2026
Mail your resume : nedsglobal@gmail.com
Contact/Whatsapp 9760938155


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0948862 व सर्टिफिकेट नं. 29015822 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 0731090 व सर्टिफिकेट नं. 29001709 वास्तव में खो गये है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिले है। **सुनील कुमार गौतम पुत्र श्री राम स्वरूप नि. ग्राम बुधौली तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत**

**सूचना**

मैंने अपना नाम SATNAAM SINGH सतनाम सिंह पुत्र TARA SINGH तारा सिंह की जगह SATNAM SINGH सतनाम सिंह पुत्र TARA SINGH तारा सिंह रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **SATNAM SINGH सतनाम सिंह पुत्र TARA SINGH तारा सिंह निवासी- PUJARIPURWA JUDA POST BALHA, TEH. NANPARA, DIST. BAHRAICH.**

**सूचना**

मैंने अपना नाम लाजवंत कौर LAJAVANT KOR पत्नी सतनाम सिंह SATNAAM SINGH की जगह LAJVANT KAUR लाजवंत कौर पत्नी SATNAM SINGH सतनाम सिंह रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **LAJVANT KAUR लाजवंत कौर पत्नी SATNAM SINGH सतनाम सिंह निवासी- PUJARIPURWA JUDA POST BALHA, TEH. NANPARA, DIST. BAHRAICH.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2011 जिसका अनुक्रमांक 0906506 एवं इण्टरमीडिएट की मार्कशीट वर्ष 2013 जिसका अनुक्रमांक 0713033 वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **नीतू गंगवार पुत्री श्री नेमचन्द्र पताः- वार्ड नं. 10 मुड़िया जागीर नगर पंचायत देवरनियां, बरेली**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली को
● ग्राफिक्स डिजाइनर ● शेड्यूलिंग एक्जीक्यूटिव
अनुभवः- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
scheduling.bly@amritvichar.com 9518031113
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



शोकसभा में मौजूद स्काउट गाइड। ● अमृत विचार

### स्काउट गाइड ने व्यक्त किया शोक, ध्वज भेंट किया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित स्काउट भवन में शनिवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें राम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। समस्त पदाधिकारियों द्वारा ध्वज भेंट किय गया। इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे, जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे, जिला सह सचिव हितेश शुक्ला, अंशुमन तिवारी, जगदीश सक्सेना, मनीष पांडे, अभिषेक प्रजापति, योगेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## राज्यपाल संतोष गंगवार ने त्रिवटीनाथ मंदिर में किए दर्शन

**बरेली, अमृत विचार** : त्रिवटीनाथ मंदिर में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने बरेली प्रवास के दौरान नव निर्मित जगजननी मां भवानी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। राज्यपाल ने नव निर्मित मां भवानी मंदिर की भव्यता की सराहना करते हुए मंदिर सेवा समिति को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण कार्य अत्यंत अलौकिक है और इसकी ख्याति दूर दूर तक फैलेगी, जिससे श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आएंगे। मंदिर सेवा समिति की ओर से प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल और सुभाष मेहरा ने राज्यपाल संतोष गंगवार व विधायक डॉ. डीसी वर्मा का स्वागत किया।

## मौसम में बदलाव डायरिया की गिरफ्त में आ रहे बच्चे

**बरेली, अमृत विचार** : मौसम में बदलाव में बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। पिछले दो दिन में जिला अस्पताल में 10 बच्चे भर्ती हुए, जिनमें अधिकांश में डायरिया के लक्षण मिले। कुछ को बुखार और उल्टी आ रही थी। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ राहुल वाजपेयी ने बताया कि बदलते मौसम में खान-पान और स्वच्छता को लेकर लापरवाही बच्चों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। उन्होंने माता-पिता को इस समय पर विशेष देख रेख की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में वायरल के साथ डायरिया तेजी से होता है, इसलिए इस समय बाहर का खाना, बासी भोजन और दूषित पानी बच्चों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

## ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की फसल, विरोध पर दी हत्या की धमकी

**बरेली, अमृत विचार** : थाना कैंट के ग्राम चौबारी में पुरानी रंजिश में एक किसान की 15 बीघा गेहूं की फसल को गांव के ही पिता-पुत्रों ने साथियों के साथ मिलकर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया। विरोध करने पर हत्या करने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित रामवीर सिंह का आरोप है कि 15 मार्च को गांव के जसवीर सिंह ने दो बेटों विजयवीर सिंह और विनय वीर सिंह के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। इसमें इनके साथ 4-5 अन्य अज्ञात हमलावर भी शामिल थे।

नवरात्र विशेषः खीरी की बिटिया दिखा रही खेल के मैदानों में दम, साबित किया...कामयाबी मेहनत-लगन से मिलत, चाहे साधन-संसाधन हों कम

# छोटी सी दीक्षा का हौसला मिसाल, 10 साल की उम्र में मचा रही जिमनास्टिक में धमाल




**विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** पंखों से कुछ नहीं होता, हौसले से उड़ान होती है...। लखीमपुर खीरी के छोटे से गांव की छोटी सी दीक्षा तिवारी 'दीपा कर्माकर' की राह चल पड़ी है। यह मासूम 5 साल की उम्र में पगडंडियों पर अपनी प्रतिभा दिखाती थी। पापा ने अभावों की अग्निपरीक्षा पास करके भी बिटिया का हौसला बढ़ाया तो लाड़ली ने भी खेल के मैदान में दमखम दिखा दिया है। छोटी सी उम्र में शासन-प्रशासन सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है और मेहनत-लगन से वह गोरखपुर स्पोर्ट्स एकेडमी तक जा पहुंची है।

दीक्षा लखीमपुर खीरी सदर तहसील क्षेत्र के गांव इकबालपुर की रहने वाली है। पिता शिवसरन तिवारी घर में अकेले कमाने वाले हैं और आर्थिक चुनौतियों से लड़ते हुए प्राइवेट नौकरी कर परिवार का गुजारा कर रहे हैं। कुछ साल पहले परिवार उस समय संकट में आ गया था, जब बीमारी के चलते शिवसरन के दिल का ऑपरेशन कराना पड़ा। जिंदगी की उस लड़ाई को पास करने के बाद उन्होंने योग का सहारा लेकर अपने अंदर ऊर्जा भरी और वही जज्बा बेटी दीक्षा के अंदर भी भर दिया। बेटी की प्रतिभा देखकर उसे खेलों में आगे बढ़ाने की ठान ली।


डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हाथों सम्मानित होती दीक्षा। ● अमृत विचार

दीक्षा के शरीर में शुरूआत से ही गजब की फुर्ती नजर आती थी। बेटी का लचीलापन देख वे उसे आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स की राह पर लेकर चल पड़े। गांव में न कोच था और दूसरा कोई साधन-संसाधन। यदि कुछ पास था तो वो उनका इरादा। मोबाइल को गुरू मानकर पापा-बेटी ने अभ्यास शुरू किया और दीक्षा ने योग के साथ जिमनास्टिक्स में कमाल दिखाना शुरू कर दिया खेत-खलिहान अभ्यास का गवाह बनते रहे और मेहनत रंग लाती रही।


विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने किया दुलार।

दीक्षा के चर्चे गांव से निकलकर शहर तक पहुंचे तो उसे बड़े आयोजनों का न्यौता मिलने लगा। दीक्षा ने इस बीच गांव के प्राइमरी स्कूल से कक्षा पांच पास कर लिया। एक बार उसे खीरी पुलिस लाइंस में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर प्रतिभा दिखाने का मौका मिला तो जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की नजर उस पर पड़ी। डीएम को छोटी सी जिमनास्ट दीक्षा की के हुनर ने इतना प्रभावित किया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर उसकी मुक्त कंठ से सराहना की। फिर क्या था, दीक्षा का शोर लखनऊ तक जा पहुंचा। वही पल दीक्षा की जिंदगी का टर्निंग प्वाइंट बन गया। यहां से दीक्षा के सपनों को नई दिशा मिली। मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकर और देवरिया सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी की पहल पर उसे गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में दाखिला भी मिल गया। दीक्षा अब स्पोर्ट्स कॉलेज में जिमनास्टिक का प्रशिक्षण भी ले रही है और साथ में कक्षा छह की पढ़ाई भी कर रही है। इस पूरी कहानी का सबसे अहम पहलू पिता और बेटी का रिश्ता, जिसमें शिवसरन तिवारी उसके पहले गुरू है।

### आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स कर रही दीक्षा

'अमृत विचार' से बातचीत में शिवसरन तिवारी ने कहा कि उनकी बेटी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स में कदम आगे बढ़ा रही है। इसमें खिलाड़ी शक्ति, संतुलन, लचीलापन और कलात्मकता का प्रदर्शन करते हैं। उनकी आंखों में सिर्फ यही सपना बसा है कि दीक्षा ओलंपिक भारत का तिरंगा फहराए और अंतर्राष्ट्रीय मंचों का देश का नाम बढ़ाए। मासूमियत के साथ दीक्षा भी कहती है कि मेहनत से पीछे नहीं हटूंगी। गांव, जिला और प्रदेश का नाम दुनिया में ऊंचा करूंगी। दीक्षा देश की मशहूर आर्टिस्टिक जिमनास्ट दीपा कर्माकरण को अपना आइडियल मानती है, जो जिन्होंने अपने साहसिक प्रदर्शनों से इस विधा में विश्व स्तर पर पहचान पाई। वह 2016 रियो ओलंपिक में भाग लेने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनीं थीं। दीपा 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में भी कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट रहीं हैं।।

# वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर कार्यों का निरीक्षण

## सांसद अरुण सागर और डीआरएम रहीं मौजूद, रेलवे स्टेशन पर मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना व सांसद अरुण कुमार सागर ने मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद मंडल विनीता श्रीवास्तव के साथ शनिवार को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति देखी।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री को स्टेशन बिल्डिंग ड्राइंग एवं स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया, सेकंड एंट्री गेट, फुट ओवर ब्रिज के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए सेकेंड एंट्री पर किए जा रहे पुनर्निर्माण कार्यों को और तेजी से कराया जाएगा। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि पुनर्निर्माण कार्यों में यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान दिया गया है। लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवरब्रिज ब्रिज, प्लेटफार्म विस्तार सभी को ध्यान देते हुए विश्वस्तरीय सुविधाओं से पूरा किया जाएगा। उन्होंने स्टेशन के पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं एवं सुरक्षा से संबंधित कार्यों के बारे में बताया। निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया।


शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सांसद अरुण कुमार सागर व साथ में डीआरएम मुरादाबाद रेल मंडल विनीता श्रीवास्तव।

बताया कि शाहजहांपुर स्टेशन एवं संबंधित क्षेत्रों में प्लेटफार्म संख्या 4/5 एवं 6 को ऊंचा करने एवं उनकी सतह सुधारने का कार्य स्वीकृत किया गया है, जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। स्टेशन परिसर में ईवी चार्जिंग स्टैंड लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान मंत्री व स्थानीय सांसद ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया।

### रेलवे कॉलोनी में सड़कों का किया गया निर्माण

डीआरएम ने बताया कि शाहजहांपुर के रेलवे कालोनी में लगभग 550 मीटर नई सड़क का निर्माण और लगभग 2 किलोमीटर सड़क की मरम्मत कराई गई है। तेल टंकी से मालगोदाम तक 5 .50 मीटर चौड़ी एवं 900 मीटर लंबी सड़क तथा नाले का निर्माण सांसद निधि से कराया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए 6 .0 मीटर एवं 7 .26 मीटर चौड़े पैदल उपरिगामी पुलों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें गर्डर लॉन्चिंग पूर्ण की जा चुकी है। 7 .26 मीटर चौड़े पुल पर 3 एस्केलेटर एवं 4 लिफ्ट लगाए जा रहे हैं। जबकि 6 .0 मीटर पुल पर भविष्य में 6 लिफ्ट प्रस्तावित हैं। इसके अतिरिक्त द्वितीय प्रवेश का निर्माण कार्य भी चल रहा है।

### रोजा व शाहजहांपुर रेलवे कॉलोनी में बेहतर होगी जलापूर्ति

डीआरएम ने बताया कि जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए रोजा और शाहजहांपुर रेलवे कॉलोनियों में 225 केएल क्षमता के ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों पर स्वचालित क्लोरीनेशन एवं बैक्टीरियोलॉजिकल प्लांट स्थापित कर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 238 आवासों में पीवीसी वाटर टैंक की सफाई का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जल रिसाव रोकने के लिए छतों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है, जिसमें 350 आवासों का कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य बरसात से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

# सपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सागर के पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** हाल में ही सपा के प्रदेश सचिव बनाए पूर्व मंत्री सुरेंद्र सागर के दो पेट्रोल पंपों पर अनियमितता मिलने पर जिला पूर्ति विभाग ने एक का लाइसेंस निरस्त कर दिया है, जबकि दूसरे के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि दोनों पंप सुरेंद्र सागर के नाम पर नहीं हैं, परिवार के सदस्यों के नाम से है। एमएस सागर फ्यूल केएसके व एमएस सागर फिलिंग स्टेशन पर कार्रवाई हुई है।

जिले में उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं निर्धारित मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 20 से 21 मार्च जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एमएस सागर फिलिंग स्टेशन, विक्रमपुर तहसील मिलक, मैसर्स सागर फ्यूल केएसके ग्राम बमरौआ तथा एमएस सागर फ्यूल, ग्राम रूपपुर, तहसील शाहाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पेट्रोल पंपों पर कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। पेट्रोल पंप परिसरों में आवश्यक अधिकारियों के संपर्क नंबर एवं मूल्य सूची का नियमानुसार प्रदर्शन नहीं किया गया था। जबकि अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाएं भी मानकों के अनुरूप उपलब्ध नहीं थीं। इसके अतिरिक्त मैसर्स सागर फ्यूल केएसके, ग्राम बमरौआ पर टैंक (लगभग 1000 लीटर क्षमता) में डीजल भंडारित पाया गया, जो प्रथम दृष्टया अवैध भंडारण की श्रेणी में आता है। जांच के दौरान यह भी मिला कि डीजल बिक्री से संबंधित लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किया गया था। स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर अधूरे एवं अप्रमाणित पाए गए, डेंसिटी रजिस्टर का सत्यापन नहीं किया गया था तथा पानी मापने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। शिकायत पुस्तिका भी अपूर्ण एवं अप्रमाणित पाई गई। उक्त अनियमितताओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए मैसर्स सागर फ्यूल केएसके, ग्राम बमरौआ को सील करते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। एमएस सागर फ्यूल ग्राम रूपपुर, तहसील शाहाबाद की बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करते हुए लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।


पेट्रोल पंप पर तेल के भंडारण की जानकारी लेती टीम।

- **एमएस सागर फ्यूल केएसके व एमएस सागर फिलिंग स्टेशन पर मिली खामी**
- **दूसरे के लाइसेंस की निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू**

> सामान्य निरीक्षण अभियान के दौरान दोनों पेट्रोल पंपों पर अनियमितता मिली है, इसके बाद दोनों पर निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। – **पूरन सिंह**, जिला पूर्ति अधिकारी, रामपुर

### बंद मिला एमएस सागर फिलिंग स्टेशन

तहसील मिलक के विक्रमपुर में एमएस सागर फिलिंग स्टेशन निरीक्षण के समय बंद पाए जाने पर उसे सील करते हुए डीजल बिक्री लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। पेट्रोल एवं डीजल की गुणवत्ता एवं मात्रा में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## जिला वॉलीबॉल संघ ने व्यक्त किया शोक


वॉलीबॉल संघ की शोकसभा में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचारः** जिला वॉलीबॉल संघ पीलीभीत के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानाचार्य रमाकांत शर्मा के निधन पर शनिवार शाम शोकसभा आयोजित की गई।गांधी स्टेडियम में हुई शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन धारण कर प्रार्थना की गई।

सचिव राजेश शुक्ला ने बताया कि रमाकांत शर्मा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी करीब डेढ़ दशक से निभा रहे थे। उनके जाने से संघ को अपार क्षति पहुंची है। इस मौके पर संरक्षक मन्नालाल सक्सेना, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, वीरेंद्र पांडेय,ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रशान्त शुक्ला, देवेंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर मिला मासूम, चाइल्डलाइन टीम को सौंपा गया

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** भोपतपुर रेलवे स्टेशन पर 10 वर्षीय बालक मिला। पुलिस ने बच्चे से उसके परिवार के बारे में जानकारी करनी चाही। मगर वह कुछ बता नहीं सका। पुलिस ने चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय के स्टाफ को सूचना देकर बुलाया और उनके सुपुर्द कर दिया। दरोगा महेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर एक बालक मिला है। उसे दो व्यक्ति थाने ले आए थे। वह अपना नाम मोहित कश्यप पुत्र भूपराम और भाई का नाम श्रीकृष्ण भी बता रहा है। शनिवार को बीसलपुर में ले जाकर संपर्क किया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय पीलीभीत को जनकारी दी गई।

## विदेश भेजने के नाम पर 22 लाख रुपये ठगे

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

- **गारंटी के तौर दी गई थार भी ले ली, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार** : विदेश भेजने का झांसा देकर एक युवक से लाखों की ठगी कर ली गई। जालसाजों ने न सिर्फ 22 लाख रुपये हड़प लिए, बल्कि गारंटी के तौर पर दी गई थार भी ले गए। पीड़ित माधौटांडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कलीनगर तहसील के गांव दयालपुर निवासी रामकुमार पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके छोटे भाई को विदेश भेजने का झांसा देकर गांव कटपुरा के जगजीत सिंह उर्फ जग्गी और कमलजीत सिंह उर्फ सोनू ने उनसे 22 लाख रुपये लिए। आरोपियों को रकम नकद और बैंक खाते के माध्यम से दी थी। भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने 29 मार्च 2025 को अपनी कार गारंटी के रूप में उनके घर पर खड़ी कर दी। रामकुमार ने बताया कि 15 मार्च 2026 से उनका पूरा परिवार उनके भाई के इलाज के सिलसिले में निजी अस्पताल में था। तभी 18 मार्च की रात आरोपियों ने घर का ताला तोड़ा और थार कार चोरी से वापस ले गए। पीड़ित का आरोप है कि न तो उनके भाई को विदेश भेजा गया और न ही ली गई रकम लौटाई गई।

घटना से आहत पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। माधौटांडा इंस्पेक्टर अशोकपाल ने बताया कि विवेचना कराई जा रही है।

## गर्मी में फाल्ट व लो-वोल्टेज की समस्या बर्दाश्त नहीं

**बरेली, अमृत विचार** : भीषण गर्मी की आहट के साथ ही बरेली की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शासन और प्रशासन सक्रिय हो गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के निर्देशों पर शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में जनप्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के बीच समन्वय बैठक हुई। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती से निजात दिलाना रहा। बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने जोर देकर कहा कि गर्मी के मौसम में फाल्ट और लो-वोल्टेज की समस्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने 'लेफ्ट आउट हाउस होल्ड' योजना के तहत छूटे हुए घरों तक जल्द से जल्द बिजली पहुंचाने और जर्जर लाइनों के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए।

## घर में खींचकर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 16 मार्च को दोपहर ढाई बजे किसी काम से पुलिया पर जा रही थी। तभी गांव का निवासी धीरेंद्र कुमार और छत्रपाल उसको अपने बड़े भाई बब्बू के घर खींचकर ले गया।

उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। आरोपियों ने घर का दरवाजा भी अंदर से बंद कर दिया। सूचना मिलने पर वह अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर गया और किसी तरह अपनी पुत्री को बचाया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। एसओ गजरौला बृजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## एलएच ग्राउंड पर अंडर 19 क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न


क्रिकेट का ट्रायल देते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** एलएचएसएफ क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को पीलीभीत क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-19 खिलाड़ियों का क्रिकेट ट्रायल आयोजित किया गया। ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी शामिल हुए जिन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पोर्टल पर पूर्व में पंजीकरण कराया था। खिलाड़ियों की योग्यता के अनुसार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का परीक्षण कराया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मंडल स्तरीय क्रिकेट ट्रायल के लिए बरेली भेजा जाएगा। संचालन पीलीभीत क्रिकेट एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी राजेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, क्रिकेट कोच मनोज कुमार ने किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार गंगवार, आयुष कुमार, प्रफुल्ल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

व्यवस्था — मेडिकल कॉलेज से नहीं मिल रहे डॉक्टर, सीएमओ की ओर से किया जा रहा संचालन

# डॉक्टरों की भरमार, एसएनसीयू वार्ड में किल्लत बरकरार

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

**अमृत विचार** : जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था एक अजीब विरोधाभास से जूझ रही है। कागजों में डॉक्टरों की भरमार, लेकिन जमीनी हकीकत में नौनिहालों की जिंदगी संभालने वाला एसएनसीयू वार्ड अब भी संसाधनों और विशेषज्ञों की भारी कमी से कराह रहा है। हालात ये हैं कि तैनात तीन डॉक्टरों में से एक के इस्तीफा देने के बाद पूरी जिम्मेदारी महज दो चिकित्सकों के कंधों पर आ गई है। मेडिकल कॉलेज से लगातार मांग के बावजूद डॉक्टरों की तैनाती न होना स्थिति को और चिंताजनक बना रहा है।

मजबूरी में सीएमओ स्तर से वार्ड का संचालन संभाला जा रहा है, लेकिन सवाल वहीं जब जरूरत सबसे ज्यादा है, तब सिस्टम क्यों बेबस नजर आ रहा है? डॉक्टरों की मांग के बाद भी मेडिकल कॉलेज की ओर से स्टाफ नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में दो डॉक्टर पूरे एसएनसीयू वार्ड की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



एसएनसीयू वार्ड का भवन।

मेडिकल कॉलेज बनने से पहले संयुक्त जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू वार्ड का संचालन किया जा रहा है। जिसका जिम्मा सीएमओ के अधीन है। वर्तमान में वह तीन ईएमओ कार्यरत है और दो स्पेशलिस्ट तैनात है। इनमें ईएमओ में डॉ. योगेश गंगवार, डॉ. अमित कुमार और डॉ. विकास तैनात किए गए थे। इसके अलावा स्पेशलिस्ट में डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. संदीप शर्मा मौजूद हैं,जोकि ऑनकॉल ड्यूटी करते हैं। जिन्हें विषम परिस्थितियों में बुलाया जाता है। इधर, मेडिकल कॉलेज बनने के बाद व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई है। क्योंकि अस्पताल का संचालन मेडिकल के अधीन है जबकि एसएनसीयू वार्ड का संचालन सीएमओ की ओर से किया जा रहा है। व्यवस्थाएं बढ़ने के बाद बाल रोग से जुड़े मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में एसएनसीयू में स्टाफ की किल्लत इलाज पर दबाव डाल रही है। कुछ दिन पूर्व डॉ. विकास पीजी करने के लिए चले गए। ऐसे में वह तत्काल अपना रिजाइन कर गए। ऐसे में अब ड्यूटी करने के लिए सिर्फ डॉ. योगेश और डॉ. अमित शेष रह गए हैं। जिस वजह से इन दोनों डॉक्टरों को समस्या होने लगी। इस पर उन्होंने स्टाफ की मांग रखी। मगर अभी तक उन्हें स्टाफ उपलब्ध नहीं हो सका है।

13 मार्च को दोनों डॉक्टरों ने संयुक्त रूप से सीएमएस और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित सचान को पत्र भेजा है जिसमें कहा गया कि उनके एसएनसीयू वार्ड में डॉक्टरों की समस्या बनी हुई है। इसलिए उन्हें कुछ एसआर और जेआर उपलब्ध कर दिए जाए। ताकि वह संचालन बेहतर ढंग से कर सके। मगर अभी तक उन्हें डॉक्टर नहीं मिल सके हैं। डॉक्टरों की कमी के चलते दोनों को पूरे दिन कीड्यूटी करना पड़ रही है। मगर इसके बाद भी डॉक्टर नहीं मिल सके हैं। जबकि पूर्व में मेडिकल कॉलेज ने एसएनसीयू वार्ड को स्टाफ उपलब्ध कराने की बात कही थी। मगर इसके बाद भी हीलाहवाली बनी हुई है। ऐसे में कई मामलों में गंभीर बच्चों को रेफर तक कर दिया जा रहा है।

> एसएनसीयू वार्ड का संचालन सीएमओ की ओर से किया जा रहा है। अब स्टाफ को लेकर पत्र मिला है। जेआर और एसआर की ड्यूटी कहां लगानी है और कहां नहीं। इसकी जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज प्रशासन के उच्चधिकारियों की है। अब इस मामले में उच्चधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इसके बाद स्टाफ बढ़ा दिया जाएगा। – **डॉ. सुमित सचान**, बाल रोग विशेषज्ञ एचओडी मेडिकल कॉलेज।

- **तीन में एक ने दिया इस्तीफा, अब दो डॉक्टर के हवाले जिम्मेदारी**



बड़े बड़ाई ना करैं, बड़ो न बोलैं बोल।
रहिमन हीरा कब कहै, लाख टका मेरो मोल॥

रहीम कहते हैं कि जिन लोगों में बड़प्पन होता है, वो अपनी बड़ाई कभी नहीं करते। जिस तरह से हीरा कितना भी अमूल्य क्यों न हो, लेकिन कभी अपने मुंह से अपना मोल नहीं बताता।



# प्रकृति की शक्तियों को आदर देने की प्राचीन परंपरा

सत्य प्रत्येक परिस्थिति में उपयोगी होता है, लेकिन जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी चाहिए। श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध काफी लंबा चला था, लेकिन प्रारंभिक चरण में श्रीराम की विजय सुनिश्चित नहीं थी। इसको लेकर काफी चिंता थी। प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'राम की शक्ति पूजा' में युद्ध का भावुक वर्णन किया है। एक सायं सभी योद्धा शिविर में लौटे। निराला जी लिखते हैं, "आए तब शिविर, सुग्रीव, विभीषण जामवंत, अंगद/हनुमान बैठे रघुकुल मणि श्वेत शिला पर।" निराला जी ने श्रीराम के संशय का उल्लेख किया है,"बोले रघुमन विजय न होगी न समर ये नहीं रहा नर वानर का राक्षस से रण। उतरी पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण।" श्रीराम बेचैन हैं। अन्याय जिधर है उधर शक्ति। श्रीराम को आश्चर्य था कि महाशक्ति रावण के पक्ष में क्यों हैं? जामवंत ने कहा, "रघुवर विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण। हे पुरुष सिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण। आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर। शक्ति की करो मौलिक कल्पना। करो पूजन।"

रावण ने अपने तप बल से तमाम शक्तियां अर्जित की थीं। शक्ति उपासना का उत्तर शक्ति उपासना में ही संभव है। राम ने भी शक्ति पूजा का आश्रय लिया। राम आसन जमाकर बैठे। आठवें दिन ध्यान ऊर्ध्व शिखर पर पहुंचा। वे प्रत्येक पुरश्चरण के बाद देवी के चरणों में नीलकमल चढ़ाते थे। अंतिम आराधन में श्रीराम ने जैसे ही नीलकमल के लिए अपना हाथ बढ़ाया, नीलकमल गायब था। श्रीराम चिंतित हो गए। हमारा लाया हुआ नीलकमल कहां गया। उन्होंने तत्काल विकल्प बनाया। माताजी मुझको राजीव नयन कहती थीं। मैं वहीं अपने नयन अर्पित करूंगा। निराला जी कहते हैं ब्रह्मांड कांपा। देवी का उदय हुआ। देवी ने राम का हाथ पकड़ा, "देखा राम ने सामने श्री दुर्गा भास्वर।" निराला ने लिखा है,"होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन कहे महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन।"

शक्ति का अर्जन, उपासन पुरश्चरण और जागरण लोक को प्रकाश और आनंद से भर देता है। दुर्गा सप्तशती देवी उपासना के पांचवें अध्याय में देवी को प्रत्येक रूप और भाव में भरा पूरा बताया गया है।

> देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋ ग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं।

यहां देवी लज्जा हैं। विद्या हैं। माता हैं। कण-कण में व्याप्त हैं। 11 वें अध्याय के अंतिम श्लोक में देवी सबको आश्वासन देती हैं कि जब-जब बाधाएं आएंगी। दानवी शक्तियां कष्ट देंगी। तब-तब मैं प्रकट होऊंगी और दानवी शक्तियों का नाश करूंगी। यहां गीता की ध्वनि है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि "जब-जब धर्म का पराभव होगा, तब-तब सज्जनों की रक्षा और धर्म के अभ्युदय के लिए मैं आऊंगा।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है। देवी उपासना की शुरुआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अंबिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं। ईसा पूर्व (छठी शताब्दी) यूनानी दार्शनिक थेल्स ने सृष्टि का उद्भव जल से बताया। इसके पहले ऋग्वेद में जल को जल माताएं 'आपः मातरम्' कहा गया है। इडा, सरस्वती और मही नाम की तीन देवियों का उल्लेख ऋग्वेद (5.5.8) में है। यहां रात्रि भी मां है। ऋग्वेद (10.127) में रात्रि भी उपास्य देवी हैं। कहते हैं, "रात्रि मां के आंचल में पैरों से चलने वाले, पंखों से उड़ने वाले कीट पतिंग और पथिक सुखपूर्वक सोते हैं।" अथर्ववेद में रात्रि देवी को संवत्सर की प्रतिमा कहा गया है। भारतीय देवतंत्र में देवी माँ की अनुभूति गहरी है।

ऋग्वेद में वाणी देवी हैं। वे कहती हैं, "मैं रूद्र, वसु, आदित्य और विश्व देवों के रूप में विचरण करती हूं। मैं मित्र वरुण इंद्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मैं सृष्टि के सभी प्रपंचों रूपों भावों में स्थित हूं। मेरी सहायता से ही प्राणी अन्न खाते हैं। देखते हैं। सांस लेते हैं। सुनते हैं। मैं जिसे चाहती हूं, उसे शक्तिशाली स्तोता, ऋषि और बुद्धिमान बनती हूं। मेरा निवास जल में है। वहीं से मैं सारे संसार में विस्तृत होती हूं।" सही बात है। जल सृष्टि का आदि तत्व है। दिव्यता का आदिकेन्द्र है। देवी वहीं हैं। वे अव्यक्त से व्यक्त होकर सृष्टि बनती हैं और बनाती हैं। ऋग्वेद का यही पूरा सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद में अमावस्या और पूर्णिमा भी देवी हैं।

देवी दिव्यता हैं। दिव्यता अनंत रूपों आयामों में प्रकट होती है। दिव्यता के रूप नाम अनेक हैं। कहीं दुर्गा हैं, तो कहीं वाराही। खड्गधारिणी, शूलधारिणी और वैष्णवी। शाश्वत सत्य एक है। उसका कथन और आस्वशित एक है। हड़प्पा की खोदाई में देवी पूजा के तमाम साक्ष्य मिले थे। पत्थर की मोहरों पर देवी का अंकन अनुमानित किया गया। मौर्य काल के पुरातात्विक साक्ष्यों में देवी अभयदान की मुद्रा में हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में अर्जुन की दुर्गा स्तुति का उल्लेख है। विराट पर्व में युधिष्ठिर भी देवी की पूजा करते हैं।

दुर्गा सप्तशती सर्वाधिक लोकप्रिय है। नवरात्र उत्सवों में इसका पाठ होता है। इसकी कथा मजेदार है। यहां एक राजा हैं सुरथ। वे मेधा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। समाधि नाम का वैश्य है। उसने परिश्रमपूर्वक धन जुटाया था। घर वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह भी ऋषि आश्रम पहुंचा। सुरथ नाम में रथ गति का प्रतीक है और सु सुंदरता का, लेकिन सुरथ सुगति नहीं पा सके। समाधि का अर्थ मन से मुक्ति होता है, लेकिन यहां समाधि नाम के वैश्य धन की चिंता में पीड़ित और परेशान हैं। मेधा ऋषि हैं। मेधा ऋषि ही बनाती है। मेघा दोनों को देवी रहस्य बताते हैं। ऋषि के प्रबोधन से सुरथ सुरथी बनते हैं और समाधि नाम के वैश्य समाधि का वास्तविक अर्थ जान जाते हैं। सप्तशती के पाठ की परंपरा है। पाठ अध्ययन नहीं होता। अध्ययन में बुद्धि साझी होती है। सोच विचार भी चलता है, लेकिन पाठ में हृदय लगता है। तब शब्द अपना मूल अर्थ खो देते हैं। शब्दों के गर्भ में छिपी अक्षर शक्ति प्रकट होती है। यही बात देवी मंदिरों के दर्शन में भी है। देव प्रतीति प्राचीन परंपरा है। इस अनुभूति को दुर्गा, लक्ष्मी, वाराही, काली सहित कोई नाम दीजिए। नाम से फर्क नहीं पड़ता। सर्वत्र एक ही ऊर्जा है। भीतर, बाहर। ऊपर, नीचे, आगे, पीछे।

# कांग्रेसी विधायकों के बाजार में एक विधायक ऐसा भी

अभी हाल ही हुए राज्यसभा सदस्यों के चुनाव में लगभग सभी चुनावी प्रदेशों में कांग्रेस विधायकों के खरीद फरोख्त का पर्दाफाश हुआ है। कांग्रेस ने कुछ को पार्टी से निकाला है, तो कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। ऐसे चुनावों में कांग्रेस को अपने विधायक छुपाने पड़ते हैं और अंततः दो-चार दस बिक ही जाते हैं। साफ है कि यह कांग्रेस नेतृत्व के चाहे केंद्र का हो या प्रदेश का कहीं न कहीं उसके कमजोर होने का संदेश है। हालांकि हम इसे नैतिकता, सिद्धांत और ईमानदार होने के ढोंग से भी जोड़कर आत्मसंतुष्ट हो सकते हैं। थोक के भाव कांग्रेस विधायकों के खरीद-फरोख्त के बीच कुछ साल पहले यूपी में हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस के विधायक विरेंद्र चौधरी की चर्चा होना स्वाभाविक है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था। चुनाव के ठीक पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन हो चुका था। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में सपा को कांग्रेस के दोनों विधायकों के वोट की दरकार थी। इन विधायकों के लिए कांग्रेस का कोई ह्विप भी नहीं था। विधायकों की खरीद-फरोख्त जोरों पर थी। करोड़ों करोड़ की बोली लग रही थी, साथ में लखनऊ में एक वेलफर्निस्ड फ्लैट भी। अब जब ऑफर इतना आकर्षक हो,तो किसका मन नहीं लपलपा जाएगा। इस पर कंट्रोल तो कोई कलेजे वाला, वाकई ईमानदार व सिद्धांतवादी विधायक ही कर सकता है।

> यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। यहां राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का उम्मीदवार भी नहीं था, सपा ने पूर्व आईएएस आलोक रंजन को मैदान में उतार रखा था। आलोक रंजन के लिए यह चुनाव अंतर आत्मा की आवाज पर ही निर्भर था।

निःसंदेह यूपी के महराजगंज जिले के फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने ऐसा कर दिखाया। बिना किसी लोभ-लालच में उन्होंने सपा के उम्मीदवार को वोट दिया। इस बात का खुलासा किसी और ने नहीं, स्वयं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महराजगंज में कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे वीरेंद्र चौधरी के प्रचार हेतु आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा। विरेंद्र चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंहपुर के निवासी हैं। बेशक वे एक जमींदार परिवार के सदस्य हैं, लेकिन धन-दौलत की लालच किसको नहीं डिगा दी है। विरेंद्र चौधरी पांच चुनाव हारने के बाद पांचवी बार जीतने में कामयाब हुए हैं। हार वाली इन पांच चुनावों में अच्छे-अच्छे लोग आर्थिक रूप से टूट जाते हैं, जाहिर वीरेंद्र चौधरी के साथ भी ऐसा हुआ हो, बावजूद इसके सिर्फ एक वोट की खातिर करोड़ों रुपये का आफर ठुकरा देना विरेंद्र चौधरी की न केवल पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा का सबूत है, आज की काजल की कोठरी की राजनीति में ईमानदार और सिद्धांतवादी होने का जीता-जागता उदाहरण भी है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नवरात्रः आत्मबल, संयम और सकारात्मकता

सनातन संस्कृति में विभिन्न पर्वों के पीछे सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा छिपी है। वासंतिक नवरात्र के अवसर पर भी यही भाव है कि मां दुर्गा की आराधना कर उनसे शक्ति प्राप्त करने की कामना की जाए। मां दुर्गा का जब विविध रूपों में दर्शन करते हैं, तो 'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' की प्रार्थना करते है। दरअसल मानव जीवन में मनुष्य पर नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव पड़ता है। इसलिए नकारात्मकता से लड़ने के लिए पूजा-पाठ, व्रत-उपवास किए जाते हैं। साथ ही धर्मग्रंथों के अध्ययन भी इस अवधि में किए जाते हैं। ज्यादातर आस्थावान लोग श्रीदुर्गासप्तशती तो बहुत से लोग रामचरितमानस का नवाह्न विधि से पाठ करते हैं। श्रीदुर्गासप्तशती की शुरुआत ही 'मधु' और 'कैटभ' नामक राक्षसों के वध से है। मधु का एक अर्थ शराब है। यानी नशा। नशा किसी प्रकार का हो वह कोलाविध्वंस है और कैटभ का अर्थ नकारात्मकता से है। यानी जब इन प्रवृत्तियों का प्रभाव जीवन पर पड़ने लगे, तो मां दुर्गा की शरण में जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भी कोई शिशु संकट में पड़ता है और उसे कष्ट या दुःख होता है, तो अपनी मां के आंचल में जाकर सुख पाता है।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

सांसारिक जगत में कब कौन सी विपत्ति आ जाएगी कहा नहीं जा सकता। श्रीदुर्गासप्तशती में ही 'सुरथ' नाम के राजा पर कोलाविध्वंस नामक के राक्षस ने आक्रमण कर पराजित कर दिया। सुरथ का अर्थ ही 'सु-रथ' यानी शरीर रूपी रथ को सुचारू रूप से संचालित करने वाला तथा कोलाविध्वंस का अर्थ कुल का विध्वंश करने से निकलता है। राजा सुरथ पर तो राक्षस ने प्रहार किया, जबकि समाधि नामक वैश्य को उसके ही परिवार ने घर से निकाल दिया।

'सुरथ' और 'समाधि' दोनों मेधा ऋषि के आश्रम पर गए और 'मेधा' ऋषि की सेवा करने लगे। निहितार्थ यही है कि अपना मन ही जब नकारात्मक हो जाए या अपनी पंच ज्ञानेंद्रिय रूपी परिवार साथ न दे, तो मेधा-शक्ति यानी सुचिंतन और विवेक का सहारा लेना चाहिए। इसके लिए ऋषियों ने वसंत ऋतु के मादक मौसम में मां दुर्गा की शक्ति पाने के लिए नवरात्र-अनुष्ठान का रास्ता बताया है। नौ द्वार वाला शरीर स्वस्थ रहेगा तभी मेधा शक्ति भी काम आती है। वरना अस्वस्थ शरीर में मन भी कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# जल की उपलब्धता और शुद्धता का संकट

भारत में जल का वितरण सर्वत्र एक समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों में यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, तो अन्य क्षेत्रों में इसकी कमी है। आज जरूरत इस बात की है कि जल संबंधी ऐसी वितरण व्यवस्था हो ताकि जल हानि न हो और जल प्रदूषित होने से भी बच जाए। इसे बचाने की कोशिश नहीं हुई, तो मानव जीवन का संकट में पड़ना तय है। ध्यान देना होगा कि भूजल जल आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसका उचित संरक्षण और उपयोग बेहद आवश्यक है। भारत के जल संसाधन पर नजर दौडाएं, तो भारत में विश्व के जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग पाया जाता है। इसका लगभग एक तिहाई भाग वाष्पीकृत हो जाता है तथा 45 प्रतिशत भाग ढाल के अनुरूप बहकर तालाबों, झीलों और नदियों में चला जाता है। वर्षा से जल की जो थोड़ी-सी मात्रा यानी तकरीबन 22 प्रतिशत मृदा में प्रवेश कर भूमिगत हो जाती है, उसे भौम जल या भू-जल कहा जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप में भूजल का व्यवहार अत्यधिक जटिल है।

जीईसी 1997 के दिशा-निर्देशों एवं संस्तुतियों के आधार पर देश में स्वच्छ जल के लिए भूजल संसाधनों का आकलन किया गया, जिसके मुताबिक देश में कुल वार्षिक पुनः पूर्णयोग्य भूजल संसाधनों का मान 433 घन किमी है। प्राकृतिक निस्सरण के लिए 34 बीसीएम जल स्वीकार करते हुए नेट वार्षिक भूजल उपलब्धता का मान संपूर्ण देश के लिए 399 बीसीएम है। वार्षिक भूजल का मान 231 बीसीएम है, जिसमें सिंचाई उपयोग के लिए 213 बीसीएम तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए जल का मान 18 बीसीएम है। धरातलीय जल तथा पुनर्भरण योग्य भूमिगत जल से 1,869 घन किमी जल उपलब्ध है और इनमें से केवल 60 प्रतिशत यानी 1,121 घन किमी जल का लाभदायक उपयोग किया जाता है। भूजल पीने के पानी के अलावा पृथ्वी में नमी बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। पृथ्वी पर उगने वाली वनस्पति तथा फसलों का पोषण भी इसी जल से होता है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि अन्य देशों की तुलना में भारत में सालाना मीठे व स्वच्छ पानी की खपत अधिक होती है। विश्व बैंक के विगत चार साल के आंकड़ों के अनुसार घरेलू, कृषि एवं औद्योगिक उपयोग के लिए प्रतिवर्ष 761 बिलियन घन मीटर जल का इस्तेमाल होता है। विडंबना यह है कि भूजल के स्तर में लगातार गिरावट भी हो रही है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

भौगोलिक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं, तो भारत के पठारी भाग भूजल की उपलब्धता के मामले में कमजोर हैं। यहां भूजल कुछ खास भूगर्भिक संरचनाओं में पाया जाता है जैसे भ्रंश घाटियों और दरारों के सहारे। वहीं दूसरी ओर उत्तरी भारत के जलोढ़ मैदान हमेशा से भूजल में संपन्न रहे हैं, लेकिन अब उत्तरी और पश्चिमी भागों में भूजल के तेजी से दोहन से अभूतपूर्व कमी देखने को मिल रही है। गिरता भूजल सिर्फ महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड या बिहार के सीतामढ़ी तक ही सीमित नहीं है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में भूजल स्तर 70 प्रतिशत तक नीचे पहुंच चुका है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में भारत के 29 प्रतिशत विकास खंड भूजल के दयनीय स्तर पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत विकास खंड चिंतनीय स्थिति में आ जाएंगे। हालांकि देश में जल संरक्षण तथा प्रबंधन कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समय-समय पर अनेक उपाय किए गए हैं। मसलन 1945 में केंद्रीय जल आयोग का गठन किया गया, जो राज्यों के सहयोग से देश भर में जल संसाधनों के विकास, नियंत्रण, संरक्षण तथा समन्वय को आगे बढ़ाता है। 1970 में केंद्रीय भू-जल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड का मुख्य कार्य भू-जल संसाधनों के प्रबंधन, स्थायी एवं वैज्ञानिक विकास के लिए प्रौद्योगिकियों को विकसित करना तथा राष्ट्रीय नीति की निगरानी में उन्हें वितरित करना है। घटते भूजल संसाधनों के संवर्धन के लिए समुद्र में प्रवाहित होने वाले अतिरिक्त वर्षा अपवाह का संरक्षण करें और फिर उसकी सहायता से पुनः पूर्ण द्वारा भूजल संसाधनों में वृद्धि करें। जलाशयों के जल का समय-समय पर परीक्षण करा नियमित सफाई सुनिश्चित करें। जनसाधारण में जल प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाएं। तटवर्ती भागों में समुद्री जल का निर्लवणीकरण करके जल का विभिन्न कार्यों में प्रयोग करें। राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है। सिर्फ कागजों पर योजनाओं को उकेरने मात्र से नतीजे अनुकूल नहीं होंगे। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> राष्ट्रीय स्तर पर दूषित भूजल की रोकथाम के लिए योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन करने की भी जरूरत है। यह समझना होगा कि भूजल समस्त वनस्पतियों, पशुओं तथा मानव जीवन का आधार है। उसे प्रदूषण से बचाने के लिए व्यावहारिक पहल की आवश्यकता है।

# अनियोजित विकासः शहरों की बढ़ती बेबसी

विकास देश के एक कोने से दूसरे कोने में घूम-घूम कर इसे सजाने और स्मार्ट बनने की जिद में है, पर जहां भी यह पहुंच रहा है, उस जगह का बाजा बज रहा है। कहां से शुरू किया जाए? हर शहर-गांव की एक ही कहानी है। जहां गांव खाली हो रहे हैं, वहीं शहरों की आफत आ रही है।

कुमाऊं का द्वारा कहलाने वाला हल्द्वानी शहर, जिसकी काठगोदाम को शामिल कर अनुमानित जनसंख्या लगभग चार लाख होने को है। यह शहर इंसानों और वाहनों के भार से दबता चला जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुविधा की तलाश में पहाड़ के गावों से यहां पर लोगों का आना लगातार जारी है। इसे उनकी मजबूरी भी कहा जा सकता है, क्योंकि बेहतर जीवन की चाहत और तलाश का अधिकार हर किसी को है। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों से भी लोग जीवन स्तर के सुधार की चाह में और अन्य कई सुविधाओं के कारण उत्तराखंड के इस सबसे बड़े दूसरे शहर में बसना चाहते हैं। महानगर की शक्ल लेता हुआ यह शहर अन्य अनेक शहरों की ही तरह अनियंत्रित विकास की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। शहरों को नियोजित ढंग से बसाने के मास्टर प्लान हमारे नक्शे से गायब हैं। तंग गलियों नुमा सड़कें हैं, बड़े-बड़े घर हैं, बड़ी गाड़ियां भी हैं, पर अंदर पार्किंग की व्यवस्था नहीं।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

ऐसे में वाहन आ जाते हैं सड़कों पर, जो आने-जाने वालों के लिए बड़ी ही मुसीबत पैदा करते हैं। 14-15 फीट की सड़क जहां पर पहले से ही सैकड़ों जीआई पाइप उलझे हुए टेढ़े-मेढ़े जंक लगी अवस्था में दफन है, वहां पर कभी ट्यूबवेल का पाइप, कभी नई पेय जल योजना, सीवर, सड़क के दोनों तरफ गैस के पाइप एक दूसरे से टकराते-उलझते टूटे पड़ रहे हैं। घरों से चैंबर तक पहुंचने वाला सीवर पाइप कहीं-कहीं पर एक डेढ़ फीट ही जमीन से नीचे है। कोई इंसान अगर काम करने वाले मजदूरों के साथ खड़ा होकर उसे गहरा करा लेता है, तो थोड़ा गहरा हो जाता है अन्यथा सब कुछ बड़ा हॉच-पॉच है। काम करने वाले मजदूरों को नहीं इतनी जानकारी होती है और न ही इतनी जरूरत। निर्माण कार्य और गुणवत्ता पर बात करना एक अलग मुद्दा हो जाएगा। यूं भी हमारी आधी व्यवस्था अर्थव्यवस्था तो जुगाड़ पर ही टिकी हुई है। पाइपलाइन बिछाने वाली विभिन्न संस्थानों में आपस में ही सामंजस्य नहीं होने की कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। नगर निगम की तरफ से कूड़ा गाड़ी एक दिन छोड़कर हर क्षेत्र में आती है, लेकिन गलियां खुदी होने के कारण लोगों को कूड़े की बाल्टियां उठाकर मुख्य मार्ग तक जाना पड़ता है। ऐसे में स्मार्ट सिटी का सपना कभी-कभी कोरी कल्पना लगता है। एक सुनियोजित प्लानिंग हो, भले ही दो-चार साल और लग जाएं। अनियोजित विकास कार्य कई बार परेशानी का सबब बन जाता है। यहां पूरा खुदा हुआ शहर स्मार्ट सिटी की ओर कदम बढ़ा रहा है, लेकिन मेरे विचार में इस तरह की व्यवस्था गली-मोहल्ले की छोटी-छोटी गलीनुमा सड़कों के लिए उपयोगी नहीं है। मात्र जनता के पैसों की बर्बादी है। 30-35 लाख की आबादी वाला एक मेट्रोपॉलिटन सिटी इंदौर जो अपनी स्वच्छता के लिए हमेशा चर्चा में बना रहता था, लेकिन अचानक दूसरी वजह से चर्चा में आ गया। पानी और सीवर के पाइपों का आपस में एक-दूसरे से लिपटते देखकर मुझे डर लगता है कि कहीं हल्द्वानी भी इंदौर तो नहीं बन जाएगा आने वाले समय में?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक संघर्ष एवं वसुधैव कुटुंबकम्

पूरी पृथ्वी ही परिवार के समान है। यह भावना वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समसामयिक तथा और अधिक आवश्यकीय प्रतीत होती है। वैदिक ऋषि ने यजुर्वेद में द्युलोक, अंतरिक्ष लोक, पृथ्वीलोक, जल, औषधियों, वनस्पतियों सहित समस्त चराचर जगत की शांति की कामना की है, लेकिन वैदिक कालीन मूल्यपरक शिक्षा पद्धति के अभाव में एवं भौतिकवादी शिक्षा के प्रभाव तथा समाज/राष्ट्रों के मध्य विस्तारवादी नीतियों के कारण वैदिक शिक्षा के विपरीत वैश्विक अशांति की ओर चराचर जगत पहुंच रहा है, जो मानव जगत के लिए दुःखद एवं चिंताजनक है, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। जहां एक ओर कुछ दिन पूर्व भारत में परिवर्तित यूजीसी नियमों के कारण समाज में आंतरिक जातिगत असंतोष एवं असमानता फैली है। भविष्य में जिसके जातिगत विभाजक घातक दुष्परिणामों की ओर संकेत हो रहे हैं। वही दूसरी ओर इरान, इजरायल, संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हो रहे संघर्ष युद्ध से भी देश में अशांति बढ़ी है, जिसकी निवृत्ति के लिए वर्तमान सरकारें प्रयासरत हैं।



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

वैश्विक संदर्भ में विश्व के मध्य-पूर्व का क्षेत्र लंबे समय से विश्व राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। यहां के राजनैतिक संघर्ष, धार्मिक मतभेद और रणनैतिक हित अक्सर वैश्विक तनाव का कारण बनते रहे हैं। वर्तमान समय में ईरान और इजरायल के बीच बढ़ता तनाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस तनाव में कई बार अमेरिका भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल दिखाई देता है। इजरायल की स्थापना और प्रारंभिक स्थिति 1948 में इजरायल की स्थापना के साथ ही मध्य-पूर्व की राजनीति में बड़ा बदलाव आया। कई अरब और मुस्लिम देशों ने इजरायल के गठन का विरोध किया। हालांकि उस समय ईरान में शाह का शासन था और ईरान ने इजरायल के साथ पूर्ण विरोध की नीति नहीं अपनाई थी। दोनों देशों के बीच कुछ सीमित आर्थिक और कूटनीतिक संबंध भी बने रहे। मध्य-पूर्व में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ईरान और इजरायल दोनों ही मध्य-पूर्व में अपना राजनीतिक और सामरिक प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इस कारण कई बार दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध की बजाय परोक्ष संघर्ष देखने को मिलता है। सीरिया और लेबनान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के हित टकराते रहे हैं। कई बार इजरायल ने सीरिया में उन ठिकानों पर हमले किए हैं, जिन्हें ईरान समर्थित मानता है।

मध्य-पूर्व की राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का प्रमुख सहयोगी रहा है और कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसका समर्थन करता रहा है। दूसरी ओर ईरान और अमेरिका के बीच भी कई राजनीतिक और आर्थिक विवाद रहे हैं। इस कारण जब भी ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता है, तब अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका भी चर्चा में आ जाती है। ईरान-इजरायल संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि यह ऐतिहासिक, राजनीतिक, धार्मिक और रणनीतिक कारणों से जुड़ा हुआ एक जटिल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा है। फिलिस्तीन का प्रश्न, ईरान का परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव की प्रतिस्पर्धा और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन इस संघर्ष को और अधिक जटिल बनाते हैं। यही कारण है कि मध्य-पूर्व में उत्पन्न होने वाला कोई भी तनाव केवल स्थानीय नहीं रहता, बल्कि उसका प्रभाव विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है, क्योंकि प्राकृतिक तेल, गैस आदि दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं से युक्त देश के संकट में आने से पूरे विश्व में अशांति एवं संकट बढ़ा सकती है। आज के परिप्रेक्ष्य में परिवार-समाज से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक वसुधैव कुटुंबकम् की भावना ही शांति-सुकून प्रदान कर सकती है, जिसको राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के साथ ही वैश्विक मंचों में प्रमुखता से स्थान मिलना चाहिए। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

न्यूज ब्रीफ

### यूपीएसएसएससी ने जारी किए कई भर्तियों के परिणाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने विभिन्न लंबित भर्तियों के परिणाम जारी करते हुए चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। आयोग ने सम्मिलित तकनीकी सेवा (सामान्य चयन) परीक्षा–2016 के तहत अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस भर्ती में नर्स, कंपाउंडर और हॉस्टल वार्डन के कुल 248 पदों के लिए पूर्व में विभागवार, पदवार व श्रेणीवार विवरण प्रकाशित किया गया था। अब इनमें से 7 पदों के सापेक्ष अंतिम रूप से 7 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के नाम और कटऑफ अंक आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। साथ ही आयोग ने अनुदेशक (सामान्य चयन) भर्ती–2015 के तहत स्टेनोग्राफी (हिंदी) के 8 पदों पर साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम भी जारी किया है। वहीं, सीधी भर्ती (सामान्य चयन) 2016 के अंतर्गत सहायक प्रशिक्षक (एथलेटिक्स) पद के लिए भी अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है। आयोग की ओर से अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे विस्तृत परिणाम, कटऑफ और अन्य जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर जाकर विवरण देखें।

### 'बीमारू' से सर्वोत्तम बना यूपी, कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव: शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि योगी सरकार के नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश का कृषि क्षेत्र व्यापक बदलाव का गवाह बना है और प्रदेश 'बीमारू' छवि से निकलकर देश के अग्रणी कृषि राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की नीतियों से किसानों की आय, उत्पादन और सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्री ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया गया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। गन्ना किसानों को अब तक 3.15 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि पहले यह भुगतान वर्षों तक लंबित रहता था। सिंचाई के क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अधूरी परियोजनाओं को पूरा कर 30 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई से जोड़ा गया है। साथ ही 92 हजार से अधिक सोलर पंप लगाए गए हैं, जिन पर किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया, जिससे निर्बाध सिंचाई संभव हुई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को 99,500 करोड़ रुपये सीधे खातों में भेजे गए हैं। उत्तर प्रदेश आज गन्ना, गेहूं, धान, दूध और खाद्यान्न उत्पादन में देश में अग्रणी है।

# मुख्यमंत्री योगी बोले- प्रकृति को मां मानकर करें संरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी, बोले- जन आंदोलन से मिली सफलता

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में प्रकृति को "मां" का दर्जा दिया गया है और उसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। ऐसे समय में वनों का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने वैदिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" का भाव हमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय वन दिवस की थीम 'फॉरेस्ट एंड इकोनॉमिक्स' पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वन केवल पर्यावरण संतुलन ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास का भी महत्वपूर्ण आधार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में वनाच्छादन बढ़ाने



के लिए व्यापक प्रयास किए गए हैं, जिनकी सफलता का आधार जनभागीदारी रही है।

सीएम योगी ने बताया कि वर्ष 2017 में जहां प्रदेश में केवल एक रामसर साइट थी, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है और इसे 100 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। रामसर साइट्स जल संरक्षण, जैव विविधता और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पौधरोपण अभियान की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। पहले जहां वन महोत्सव में 5.5 करोड़ पौधरोपण होता था, वहीं अब एक दिन में 37 करोड़ पौधे लगाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। इस वर्ष 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। दुधवा नेशनल पार्क में इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और वन आधारित ग्रीन इकोनॉमी मॉडल को विकसित करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है। प्रदेश में 2,467 ग्रीन उद्योग स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखकर राज्य ने एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के बाद गांगेय डॉल्फिन की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। देश में वर्तमान में 6,327 डॉल्फिन हैं, जिनमें से 2,397 अकेले उत्तर प्रदेश में हैं। ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**9 वर्षों में 242 करोड़ किया गया पौधरोपण**

- रामसर साइट्स की संख्या 1 से बढ़कर 11, लक्ष्य 100
- दुधवा नेशनल पार्क में इको-टूरिज्म को बढ़ावा
- 2,467 ग्रीन इकोनॉमी आधारित उद्योग स्थापित
- यूपी में 2,397 गांगेय डॉल्फिन, देश में कुल 6,327
- 4 लाख रूफटॉप सोलर से 1,400 मेगावाट क्षमता विकसित
- 5 वर्षों में 22,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी का लक्ष्य

## दुग्ध व्यवसाय से बदली तस्वीर 3.5 लाख महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुग्ध उत्पादन और संग्रहण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर

**अमृत विचार:** प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय के जरिए ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश की करीब 3.5 लाख महिलाएं मिल्क प्रोक्योरमेंट से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इस उपलब्धि के साथ दुग्ध उत्पादन और संग्रहण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया।

इस बदलाव की मुख्य धुरी उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बना है, जिसने गांव-गांव में महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का काम किया है। मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) से जुड़ी महिलाएं अब आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

प्रदेश में दुग्ध मूल्य श्रृंखला (मिल्क वैल्यू चेन) विकसित होने से महिलाओं और किसानों को अब अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल रहा है। साथ ही भुगतान व्यवस्था को पारदर्शी और नियमित बनाया गया है, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई है और भरोसा बढ़ा है। दुग्ध व्यवसाय ने ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। छोटे स्तर पर शुरू हुआ यह कार्य अब एक संगठित आर्थिक मॉडल का रूप ले चुका है, जिससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। सरकार की योजनाओं के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके चलते अब महिलाएं केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।

### पोक्सो के मामलों में घायल की चोटों का विवरण दर्ज करना अनिवार्य

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पोक्सो अधिनियम के तहत आरोपी को बरी करने वाले निचली अदालत के फैसले पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि निचली अदालत ने अपने निर्णय में नाबालिग पीड़िता के शरीर पर पाई गई चोटों का न तो उल्लेख किया और न ही उनकी चर्चा की। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय और अजय कुमार (द्वितीय) की खंडपीठ ने कहा कि यह "खेदजनक" है कि स्पष्ट न्यायिक निर्देशों के बावजूद चोट रिपोर्ट को निर्णय का हिस्सा नहीं बनाया गया। कोर्ट ने 1982 और 2002 के उच्च न्यायालयीय परिपत्रों का हवाला देते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए घायल व्यक्ति की चोटों का विवरण दर्ज करना अनिवार्य है। मौजूदा मामला राज्य सरकार की अपील से संबंधित है, जिसमें अप्रैल 2025 में निचली अदालत द्वारा आरोपी को बरी किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## कॉर्नियल दान को बढ़ावा देने के लिए यूपी में गठित हुई हाई लेवल टास्क फोर्स

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

- अंधत्व रोकने की दिशा में बड़ा कदम, नेत्रदान व प्रत्यारोपण तंत्र होगा मजबूत

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने कॉर्नियल दान और प्रत्यारोपण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए उच्च स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रो. राजेश हर्षवर्धन की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स में प्रदेश के प्रमुख नेत्र विशेषज्ञों और सरकारी मेडिकल कॉलेजों के विभागाध्यक्ष शामिल हैं। यह निर्णय स्टेट ऑर्गन एंड टिशू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोट्टो) और पीजीआई के संयुक्त तत्वावधान में बीते दिनों संपन्न 'नेत्रमंथन' कार्यक्रम में चर्चा के बाद लिया है।



प्रो. राजेश हर्षवर्धन।

नेत्रमंथन कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में रोके जा सकने वाले अंधत्व को समाप्त करना और नेत्र चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाना है।

गठित टास्क फोर्स राज्य में कॉर्नियल दान की स्थिति, आई बैंकिंग सिस्टम और प्रत्यारोपण की वर्तमान व्यवस्था का व्यापक मूल्यांकन करेगी। साथ ही, दान और प्रत्यारोपण में आने वाली सामाजिक, संस्थागत और तकनीकी बाधाओं की पहचान कर समाधान सुझाएगी। टास्क फोर्स जन-जागरूकता बढ़ाने, स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण, आई बैंकों की क्षमता बढ़ाने और बेहतर समन्वय के लिए रणनीति तैयार करेगी। साथ ही अन्य राज्यों और देशों के सफल मॉडल का भी अध्ययन किया जाएगा। तत्पश्चात सरकार को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुझावों के साथ कार्यान्वयन की रूपरेखा भी शामिल होगी।

## 2028 तक मत्स्य उत्पादन में 18 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 'नव निर्माण के 9 वर्ष' के तहत अब मत्स्य क्षेत्र में भी तेज़ी से बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और इससे जुड़े उद्योगों को विकसित करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2028 तक मत्स्य उत्पादन को 13.30 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 18 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचाना है। राज्य सरकार मत्स्य बीज और मत्स्य आहार के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए निवेश परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्ता और आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूत किया जा सके।

मत्स्य क्षेत्र में निवेश को लेकर उद्योग जगत का रुझान भी बढ़ा है। विभिन्न कंपनियां प्रदेश में कुल 1407 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने जा रही हैं। इससे दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। ये निवेश वाराणसी, बाराबंकी, अमेठी समेत कई जिलों में प्रस्तावित हैं। इससे मत्स्य उद्योग को संगठित रूप मिलेगा और निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

### वन संरक्षण से ही सुरक्षित भविष्य : केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि वन हमारे जीवन का आधार हैं। ये न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि जैव-विविधता के संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मानव तथा पृथ्वी के अस्तित्व के लिए वन एवं वन्यजीवों का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे अधिकाधिक वृक्षारोपण करें तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हम सभी को हरित, स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त हो सके।

## मौर्य के हाथों मिली ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बस डिपो परिसर, मंझनपुर कौशाम्बी में "गौरव प्रतिमा अनावरण" महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत 10 लाभार्थियों-अश्वनी कुमार यादव, मुलायम सिंह पटेल, अबु सलीम, विनोद कुमार, आशीष सिंह, अभिलाषा देवी, शंकर दयाल सिंह, अंजली गुप्ता, गोविन्द सिंह एवं प्रहलाद मौर्य को ट्रैक्टर संचालित मोबाइल यूनिट प्रदान किया एवं हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।उप मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) योजना के अन्तर्गत बैंको के माध्यम से चार लाख 5000 का महिन्द्रा ट्रैक्टर एवं 90 हजार रूपए में मिनी फ्लोर मिल या ऑयल मिल या मसाला मिल या राइस मिल सहित कुल चार लाख 95 हजार ऋण के माध्यम से चार साल तक 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त कोलेटरल गारण्टी मुक्त ऋण के साथ 10 प्रतिशत सब्सिडी दिया जा रहा है, जबकि यही परियोजना बाजार में ब्याज सहित लगभग 09 लाख रूपए में उपलब्ध होती है।

## बरेली की नसरीन बी बनीं मिसाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के प्रभाव से बरेली की नसरीन बी ने न सिर्फ अपनी जिंदगी बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार का रास्ता खोल दिया। बरेली जिले के फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के घंघोरा-घंघोरी गांव की रहने वाली नसरीन बी ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने सफर की शुरुआत की।

"जनता" स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उन्होंने बेकरी व्यवसाय शुरू किया, जो आज उनकी सफलता की पहचान बन चुका है। उन्होंने अपने साथ 10 महिलाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार दिया। नसरीन को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत आर्थिक सहायता मिली। वर्ष 2022 में समूह को 15 हजार रुपये की प्रारंभिक सहायता और बाद में एक लाख रुपये की वित्तीय मदद दी गई, जिससे उनके व्यवसाय को मजबूत आधार मिला। आज उनके बेकरी यूनिट में रस्क, फैन और क्रीम रोल जैसे उत्पाद तैयार किए जाते हैं। क्रीम रोल बनाने की मशीन लगने से उत्पादन क्षमता बढ़ी और कारोबार का विस्तार हुआ। उनके उत्पाद अब बरेली शहर तक सप्लाई हो रहे हैं, जिससे आय में लगातार वृद्धि हो रही है। बेकरी उत्पादों के अलावा अब यह समूह पापड़, मसाले और चिप्स जैसे अन्य उत्पाद भी बना रहा है, जिससे आय के नए स्रोत विकसित हुए हैं।

## मेरठ स्पोर्ट्स इंडस्ट्री को मिली रफ्तार यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप्र. में उद्योग आधारित विकास की रफ्तार अब वैश्विक पहचान की ओर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में क्लस्टर आधारित औद्योगिक मॉडल ने मेरठ को देश के प्रमुख स्पोर्ट्स इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मजबूत किया है। अब सरकार की नीतियों और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के सहारे यह क्षेत्र ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट में भी पारंपरिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टरों के आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यदि मेरठ जैसे केंद्रों को आधुनिक तकनीक और नीतिगत सहयोग मिले, तो भारत स्पोर्ट्स गुड्स निर्यात में कई गुना वृद्धि कर सकता है।

मेरठ लंबे समय से क्रिकेट बैट, फुटबॉल, बॉक्सिंग ग्लव्स और जिम उपकरण जैसे उत्पादों का प्रमुख उत्पादन केंद्र रहा है। यहां 250 से अधिक निर्यात इकाइयों के साथ हजारों सूक्ष्म उद्यम सक्रिय हैं। सरकार इन पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक, वित्तीय सहायता और स्किल डेवलपमेंट से जोड़ रही है, जिससे गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता दोनों में सुधार हो रहा है। प्रदेश में एक्सप्रेस-वे, सड़क नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के विस्तार ने उद्योगों को नई गति दी है। खासतौर पर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और ग्रेटर नोएडा का उभरता लॉजिस्टिक्स हब इस क्षेत्र के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। इससे निर्यात लागत कम होगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच तेज होगी। केंद्र सरकार के बजट में स्पोर्ट्स गुड्स सेक्टर के लिए विशेष प्रावधान और क्लस्टर विकास पर जोर ने इस उद्योग को नई ऊर्जा दी है। राज्य सरकार सिंगल विंडो सिस्टम, प्रोत्साहन और नीतिगत सरलता के जरिए उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही है।

## सौहार्द के साथ अदा हुई ईद की नमाज, सियासी चेहरे भी पहुंचे

### एक साथ दिखे अखिलेश-अजय राय, बहुगुणा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी लखनऊ में ईद-उल-फितर का त्योहार शनिवार को पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। ऐशबाग ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा जोशी सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।

ऐशबाग ईदगाह पर सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां करीब 50 से 60 हजार लोगों ने नमाज अदा की। भीड़ अधिक होने के कारण कई लोग आसपास के इलाकों और गलियारों में खड़े होकर नमाज पढ़ते नजर आए। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर सियासी दलों के कई प्रमुख चेहरे भी नजर आए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और भाजपा नेता रीता बहुगुणा जोशी ने ईदगाह पहुंचकर लोगों को बधाई दी। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। पुराने लखनऊ सहित संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा और सीसीटीवी के जरिए निगरानी की गई। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 27 मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया।

### अलग-अलग धर्म-जाति के लोगों का एक साथ त्योहार मनाना ही हिन्दुस्तानियत है : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने राजधानी के ऐशबाग ईदगाह में ईद की नमाज के बाद एकत्र मुस्लिम भाईयों को ईद की बहुत-बहुत मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार खुशियां लेकर आता है। ईद खुशियों का त्योहार है। सेंवई खाओ, गले मिलो, आपस में प्रेम से रहो, ताकि दूरियां कम हो।

सपा प्रमुख ने शनिवार को कहा कि कुछ दिन पूर्व होली का त्यौहार मनाने के बाद आज सभी देशवासी आपस में मिलजुल कर ईद का त्योहार मना रहे हैं। हमारी यही हिन्दुस्तानियत है। जहां अलग-अलग धर्म-जाति के लोग मिलकर एक साथ त्योहार मनाते है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दिनों भाजपा का नाटक देखा। शंकराचार्य लखनऊ आए, तमाम भाजपाइयों ने कहा था हम उनके सामने लेट जाएंगे। साष्टांग होकर सम्मान करेंगे। शंकराचार्य आए तो वे अदृष्य हो गए। वटुकों के पैर छूकर दक्षिणा दी जाती है पर यहां तो उनकी चुटिया पकड़ कर खींचा गया, उन्हें अपमानित किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए बेईमान शब्द छोटा दिखता है। जो गंगा मईया के साथ बेईमानी कर सकता है वह किसी के साथ भी ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता अकेले लड़ेंगी तो भी वह जीत जाएंगी। वह अकेले लड़कर भी सबका मुकाबला कर रही है। भाजपा षडयंत्रकारी पार्टी है वह तनाव न पैदा कर दे? किसी को पता नही।

आयोजन

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर वनकर्मियों, संगठनों व किसानों को भी मिला सम्मान

## सीएम ने अच्छेलाल और तनु सिंह की वीरता को किया सलाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में साहसिक कार्य करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। तेंदुए के हमले से खुद और अपने परिवार को बचाने वाले बच्चों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने बहराइच के 10 वर्षीय अच्छेलाल और प्रयागराज की 18 वर्षीय तनु सिंह को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया। अच्छेलाल ने 6 दिसंबर 2025 को गन्ने के खेत



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर तनू सिंह को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

से निकले तेंदुए के हमले का डटकर सामना किया और साहस दिखाते हुए खुद को सुरक्षित बचाया। वहीं, तनु सिंह ने 8 जनवरी 2026 को झूंसी क्षेत्र में घर में घुसे तेंदुए के दौरान अद्भुत सूझबूझ दिखाई। उन्होंने दो छोटे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला और तेंदुए को कमरे में बंद कर दिया, जिससे बिना किसी जनहानि के उसका रेस्क्यू संभव हो सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे साहसिक कार्य समाज को प्रेरित करते हैं और नई पीढ़ी को हिम्मत व सूझबूझ का संदेश देते हैं। इस अवसर पर वानिकी एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन विभाग के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

मुरादाबाद के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, हमीरपुर के वन रक्षक सुनील कुमार गौंड, रामपुर के वन रक्षक शिवम कुमार और एटा की माली रीना शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, वानिकी क्षेत्र में योगदान देने वाले सामाजिक संगठनों को भी सम्मान मिला। लोकभारती के बृजेंद्र पाल सिंह और हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान, झांसी के सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुशीनगर के ईश्वर चंद और रायबरेली की सुनीता को चेक वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पूर्व वन विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अप्रैल से शुरू होंगे 25 नए वन स्टॉप सेंटर, मिशन शक्ति को मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अप्रैल से 25 नए वन स्टॉप सेंटर शुरू किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में इन केंद्रों की कुल संख्या 96 से बढ़कर 121 हो जाएगी।

सरकार की यह पहल मिशन शक्ति अभियान को और गति देने वाली मानी जा रही है। खास बात यह है कि लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में दो-दो नए केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं,

- अप्रैल में वन स्टॉप सेंटर की कुल संख्या बढ़कर 121 होगी।
- लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर में 2-2 सेंटर
- मिशन शक्ति अभियान को मिलेगी मजबूती।
- एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी, काउंसलिंग व पुलिस सहायता।
- प्रत्येक केंद्र पर आपातकालीन वाहन की व्यवस्था।
- अब तक 2.39 लाख मामलों में दी जा चुकी है सहायता।

जिससे इन जिलों में महिला सुरक्षा तंत्र को अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए एकीकृत सहायता प्रणाली के रूप में कार्य करते हैं, जहां हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। प्रदेश सरकार ने इन केंद्रों का विस्तार व्यापक स्तर पर किया है। लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर के अलावा अयोध्या, मेरठ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा समेत कई जिलों में एक-एक नया केंद्र खोला जाएगा। साथ ही प्रत्येक वन स्टॉप सेंटर पर आपातकालीन सहायता के लिए वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जरूरतमंद महिलाओं तक तुरंत पहुंचा जा सके।

## टाटा.ईवी ने पेश किया हैरियर.ईवी का नया मॉडल

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली इकाई टाटा .ईवी ने शनिवार को हैरियर .ईवी का नया मॉडल फीयरलेस प्लस क्वॉड75 पेश करने की घोषणा की। इसकी एक्स शोरूम कीमत 26 .49 लाख रुपये है। इसमें चार्जर की लागत शामिल नहीं है। एसी फास्ट चार्जर के लिए 49 हजार रुपये अलग से देने होंगे।


# अमृत विचार

बरेली, रविवार, 22 मार्च 2026

www.amritvichar.com




## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2565, राज श्री 2020, फ़ॉर्चून कि. 2600, रविन्द्रा 2575, फॉर्चुन 13kg 2300, जय जवान 2155, सचिन 2300, सूरज 2155, अवसर 2080, उजाला 2190, गृहणी 13 kg 2145, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2535, ब्लू 2395, आशीर्वाद मस्टर्ड 2430, स्वास्तिक 2520 **किराना**– निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050 **चावल–(प्रति कु0)**– डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200 **दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800 **चीनी**– पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, धामपुर 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना– पक्के जेवर 148500, सोना (गिन्नी) 144500, चांदी ( पक्की) 2300 (अनुमानित )

## स्कोडा ने जारी की नयी कुशक की कीमत

**नयी दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने नये लुक में अपग्रेड के साथ नयी कुशक की कीमतों और ग्राहकों को डिलिवरी की घोषणा की है। कंपनी ने इस साल जनवरी में नयी कुशक लॉन्च की थी। स्कोडा ऑटो इंडिया ने शनिवार को बताया कि इसकी कीमत 10 .69 लाख रुपये से 18 .99 लाख रुपये तक है।

## अवलोकन



मुंबई के लोक भवन स्थित स्वर्गीय जयंत सहस्रबुद्धे हॉल में आयोजित एक प्रदर्शनी में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ। •फोटो-एजेंसी

# महंगी होगी हवाई यात्रा! किराया बढ़ा सकती हैं एयरलाइंस

## सीट के खेल पर छिड़ी जंग: सरकार के 60% फ्री सीट नियम के खिलाफ खोला मोर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में हवाई यात्रा को सस्ता और सुविधाजनक बनाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के नए निर्देशों ने एविएशन सेक्टर में हलचल मचा दी है। इंडिगो, एअर इंडिया और स्पाइसजेट जैसी दिग्गज एयरलाइंस ने सरकार के उस फैसले का कड़ा विरोध किया है, जिसमें हर फ्लाइट की 60% सीटों को अतिरिक्त शुल्क से मुक्त रखने का आदेश दिया गया है। इस आदेश से सरकार यात्रियों को 'वेब चेक-इन' के नाम पर होने वाली वसूली से बचाना चाहती है, वहीं एयरलाइंस इसे अपने बिजनेस मॉडल पर हमला मान रही हैं।

तीनों प्रमुख एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस' ने मंत्रालय को पत्र लिखकर इस फैसले को वापस लेने की गुहार लगाई है। एयरलाइंस का तर्क है कि सीट चयन से होने वाली कमाई उनके राजस्व का एक बड़ा हिस्सा है। अगर इस पर अंकुश लगाया गया, तो उन्हें अपने घाटे की भरपाई के लिए बेस फेयर (मूल किराए) में बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। इसका सीधा असर उन यात्रियों की जेब पर भी पड़ेगा जो सीट का चुनाव नहीं करते।



### एफआईए ने उठाए चार सवाल:

**राजस्व का वैध स्रोत :** एयरलाइंस का कहना है कि वे बहुत कम मुनाफे पर काम करती हैं। सीट सिलेक्शन जैसे आय के स्रोत उनके अस्तित्व के लिए जरूरी हैं।

**लागत में वृद्धि :** ईंधन (ATF), रखरखाव और एयरपोर्ट शुल्क लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में कमाई के रास्ते बंद करना तर्कसंगत नहीं है।

**बाजार की आजादी :** इस फैसले से एयरलाइंस की अपनी सेवाओं की कीमत तय करने की व्यावसायिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी।

**संवाद की कमी :** मंत्रालय ने इतना बड़ा फैसला लेने से पहले एयरलाइंस या अन्य हितधारकों से कोई मशविरा नहीं किया।

**विवाद की मुख्य वजह:** वर्तमान नियमों के तहत एयरलाइंस केवल 20% सीटें ही बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराती हैं। बाकी 80% सीटों पर 'प्रेफर्ड सीट' के नाम पर अतिरिक्त 500 से 3000 रुपये तक वसूले जाते हैं। सरकार ने अब बिना अतिरिक्त शुल्क वाली सीटों के कोटे को बढ़ाकर 60% करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय और डीजीसीए के नए नियमों का उद्देश्य यात्रियों को 'हिडन चार्जेस' से बचाना है। यहाँ कुछ प्रमुख बदलाव दिए गए हैं जैसे-साथ बैठने की सुविधा, पारदर्शिता, सामान और पेट्स तथा देरी पर राहत भी यात्रियों को मिलेगी।

# पेट्रोलियम मंत्रालय ने 50 फीसदी तक बढ़ाया वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन

## 23 मार्च से नई व्यवस्था लागू होगी, पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- ढाबों और होटलों को दें प्राथमिकता

नई दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने देश में जारी गैस संकट के बीच राज्यों को बड़ी राहत दी है। मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर वाणिज्यिक एलपीजी सप्लाई बढ़ाने का निर्देश दिया है। 23 मार्च 2026 से राज्यों को अब पहले के मुकाबले 20% ज्यादा गैस दी जाएगी। इस आदेश के बाद राज्यों को मिलने वाली कुल सप्लाई संकट (प्री-क्राइसिस लेवल) से पहले के स्तर के 50% तक पहुंच जाएगी।

यह नई व्यवस्था 23 मार्च से शुरू होकर अगली अधिसूचना तक लागू रहेगी। फिलहाल देश एलपीजी की कमी से जूझ रहा है, ऐसे में 50% तक की बहाली को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार स्थिति की लगातार निगरानी कर रही है ताकि आने वाले समय में इसे संकट से पहले वाले सामान्य स्तर (100%) तक ले जाया जा सके।



**क्या है प्री-क्राइसिस लेवल:** 'प्री-क्राइसिस लेवल' का अर्थ है कि जब देश में एलपीजी संकट शुरू नहीं हुआ था। फिलहाल राज्यों को बहुत कम यानी पुरानी मांग का 30 फीसदी ही सप्लाई मिल रही है। इसे अब बढ़ाकर पुरानी डिमांड का आधा यानी 50% किया गया है। बता दें कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग मिडिल ईस्ट से कच्चे तेल और गैस सप्लाई बाधित हुई थी।

**क्यों पैदा हुआ एलपीजी संकट:** अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त रूप से 28 फरवरी 2026 को ईरान पर हमला कर दिया था। अमेरिका और इजराइल ने ईरान के कई सैन्य ठिकानों, मिसाइल साइटों, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व पर सैकड़ों हवाई हमले किए। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई समेत कई उच्च अधिकारी मारे गए। अमेरिका ने इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया। इस युद्ध के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में तनाव बढ़ गया और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति बाधित हुई। बता दें कि भारत का 80-85% एलपीजी आयात इसी रास्ते से होता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी आयातक है।

### ढाबों, होटलों और कैंटीन को प्राथमिकता

डॉ. नीरज मित्तल के पत्र के अनुसार, यह जो अतिरिक्त 20% गैस दी जाएगी, उसका उपयोग चुनिंदा सेक्टरों के लिए प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्य रूप से रेस्टोरेंट, ढाबों, होटलों और इंडस्ट्रियल कैंटीन को यह आपूर्ति की जाएगी। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य खान-पान की सेवाओं और फूड इंडस्ट्री पर संकट के असर को न्यूनतम करना है।

### इन्हें भी मिलेगा फायदा

कामर्शियल गैस की इस अतिरिक्त खेप का फायदा फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और डेयरी सेक्टर को भी मिलेगा। इसके अलावा राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा चलाई जा रही सब्सिडी वाली कैंटीन और आउटलेट्स को भी इसमें शामिल किया गया है। सामुदायिक रसोई को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है ताकि आम लोगों तक भोजन की पहुंच बनी रहे।

### प्रवासी मजदूरों को करें 5 किलो वाला सिलेंडर

मंत्रालय ने पत्र में प्रवासी मजदूरों की जरूरतों का भी ख्याल रखा है। कहा गया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर प्रवासी मजदूरों को उपलब्ध कराया जाए। सचिव ने राज्यों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस अतिरिक्त आवंटन की कालाबाजारी या डायवर्जन (गलत इस्तेमाल) न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# पश्चिम एशिया संकट से चावल निर्यात प्रभावित निर्यातकों ने जताई चिंता

भोपाल, एजेंसी



पश्चिम एशिया में लगातार बिगड़ते हालात का मध्यप्रदेश से विदेशों में बासमती और उष्ण गैर-बासमती जैसे उच्च गुणवत्ता वाले चावल के निर्यात पर गंभीर असर दिख रहा है। इस पर राज्य के प्रमुख चावल निर्यातकों और उद्योग संचालकों ने चिंता जताई है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के बासमती चावल और बालाघाट जिले के उष्ण गैर-बासमती चावल की विशेष पहचान है और इनका खाड़ी देशों सहित कई विदेशी मुल्कों में निर्यात होता है।

ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर एसोसिएशन के महामंत्री अजय भालोटिया ने बातचीत में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण रायसेन जिले से विदेश में भेजे जाने वाला बासमती चावल बंदरगाहों, फैक्टरियों एवं वेयरहाउस में अटका हुआ है। माल भाड़ा भी 30 प्रतिशत महंगा हो गया है जबकि कंटेनर की किल्लत भी हो गई है।

भालोटिया ने कहा कि इन सबके चलते निर्यातकों को न केवल ज्यादा भाड़ा चुकाना पड़ रहा है बल्कि बंदरगाहों पर माल लटकने से आर्डर समय पर पूरा करना भी मुश्किल हो गया है।

रायसेन जिले के मंडीदीप, सतलापुर, औबेदुल्लागंज, रायसेन, बरेली, उदयपुरा, उमरावगंज क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक चावल फैक्टरियां संचालित हैं, जिसमें उच्च कोटि का बासमती चावल निकालकर खाड़ी के देशों को निर्यात किया जाता है।

भालोटिया ने कहा कि इन चावलों का ईरान, इराक, सऊदी अरब, जॉर्डन और दुबई सहित खाड़ी के कई अन्य देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात होता है।

उन्होंने कहा कि ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल के युद्ध के कारण निर्यात पूरी तरह बंद होने से जिले की धान मिल बंद पड़ी हैं, जिसने उत्पादकों एवं निर्यातकों की चिंता बढ़ा दी है।

**बात काम की**

**31 मार्च तक निपटा लें ये 5 काम**

# PPF, सुकन्या में जमा कर दें मिनिमम अमाउंट: ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ

वित्तीय वर्ष 2025-26 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। टैक्सपेयर्स के पास टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट और जरूरी कामों को पूरा करने के लिए 31 मार्च 2026 तक का ही समय है। अगर आप पुरानी टैक्स रिजीम में हैं और टैक्स बचाना चाहते हैं, तो समय रहते PPF, सुकन्या समृद्धि और NPS जैसी स्कीम्स में निवेश करना होगा।

### 31 मार्च से पहले ये 5 जरूरी काम निपटा लें

1. **PPF–सुकन्या में जमा कर दें मिनिमम अमाउंट :** अगर आपका पब्लिक प्रॉविडेंट फंड और सुकन्या समृद्धि योजना अकाउंट है, लेकिन इस वित्त वर्ष में इनमें पैसे नहीं डाल पाए तो अकाउंट एक्टिव रखने के लिए 31 मार्च 2026 तक कुछ रुपए जरूर डाल दें। पैसे नहीं डाले जाने पर ये अकाउंट्स बंद हो सकते हैं।

2. **टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट :** अगर आपने अब तक टैक्स सेविंग इन्वेस्टमेंट नहीं किया है तो 31 मार्च तक कर सकते हैं। पीपीएफ, टाइम डिपॉजिट और सुकन्या सहित ऐसी कई योजनाएं हैं जिनमें निवेश करके आप टैक्स बचा सकते हैं...

- सीनियर सिटिजन सेविंग्स स्कीम
- सुकन्या समृद्धि योजना
- पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ)
- नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट
- टाइम डिपॉजिट स्कीम
- इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम




3. **ऑफिस में जमा करने होंगे इन्वेस्टमेंट प्रूफ :** अगर आपने वित्त वर्ष की शुरुआत में अपने ऑफिस को टैक्स बचाने वाले निवेश की घोषणा की थी, तो अब उनके सबूत या दस्तावेज जमा करने का समय है। ज्यादातर कंपनियां फरवरी या मार्च के महीने में निवेश के प्रूफ मांगती हैं।

अगर आप समय पर रसीदें या सर्टिफिकेट जमा नहीं करते हैं, तो कंपनी आपकी सैलरी से ज्यादा टीडीएस (टीडीएस) काट सकती है। इससे मार्च महीने की आपकी इन-हैंड सैलरी काफी कम हो सकती है।

4. **हेल्थ इंश्योरेंस** प्रीमियम पर 75 हजार तक की छूट धारा 80डी के तहत हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर भी टैक्स बेनिफिट मिलता है। खुद के, पत्नी और बच्चों के इंश्योरेंस पर आप 25,000 रुपए तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। अगर आपकी उम्र 60 साल से ज्यादा है तो यह लिमिट 50,000 रुपए है।

इसके अलावा, माता-पिता के लिए प्रीमियम भरने पर अलग से 50,000 रुपए तक की छूट मिलती है। यानी कुल मिलाकर आप 75,000 रुपए तक का टैक्स बचा सकते हैं। इसका फायदा लेने के लिए प्रीमियम का भुगतान 31 मार्च 2026 से पहले करना होगा।

5. **अपडेटेड रिटर्न** फाइल करने की आखिरी तारीख 31 मार्च जो टैक्सपेयर्स अपने पिछले दो साल के इनकम टैक्स रिटर्न को अपडेट करना चाहते हैं, वे 31 मार्च से पहले अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर सकते हैं।

# सोना इस हफ्ते 11 हजार रुपये सस्ता, चांदी 28 हजार गिरी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट रही। सोना हफ्तेभर में 11 हजार रुपए गिरकर 1.47 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 13 मार्च को 1.58 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.60 लाख प्रति किलो से गिरकर 2.32 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 28 हजार रुपए कम हुई।

अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से निवेशक अपनी 'गोल्ड होल्डिंग्स' बेचकर कैश (डॉलर) इकट्ठा कर रहे हैं, ताकि बाजार की अस्थिरता से निपट सकें। इससे डॉलर मांग बढ़ रही है



और सोने-चांदी के दाम गिर रहे हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे।

तब से अब तक सोना 28,903 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंची। तब से 50 दिन में चांदी 1.53 लाख रुपए सस्ती हो गई है।

## एमएसएमई के लिए साझा ऋण गारंटी योजना में संशोधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि एमएसएमई के लिए साझा ऋण गारंटी योजना (एमसीजीएस- एमएसएमई) में विनिर्माताओं और निर्यातकों को सहायता देने के लिए बदलाव किए गए हैं। इसके तहत चौथे साल के बाद किस्तों में पांच प्रतिशत अग्रिम योगदान की अनुमति दी गई है।

संशोधित योजना के अनुसार, अब इसमें सेवा क्षेत्र को भी शामिल कर लिया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उपकरण/मशीनरी की लागत को परियोजना लागत के पिछले 75 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है।

# भारतीय कंपनियों ने सेमाग्लूटाइड दवाओं के जेनेरिक संस्करण पेश किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, ग्लेनमार्क, टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स, एल्केम लैबोरेटरीज और यूएसवी लिमिटेड ने शनिवार को सेमाग्लूटाइड आधारित मधुमेह उपचार की जेनेरिक दवाएं और इंजेक्शन बाजार में उतारने की घोषणा की। यह कदम ओजेम्पिक और वेगोवी जैसी दवाओं के मूल घटक के भारत में पेटेंट समाप्त होने के बाद उठाया गया है। कंपनियों ने कहा कि इन दवाओं की कीमतें मूल दवा बनाने वाली कंपनी नोवो नॉर्डिस्क की तुलना में काफी कम हैं।

सन फार्मा ने अपने सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन को 'नोवेलट्रीट' और

- **ओजेम्पिक और वेगोवी जैसी दवाओं के मूल घटक का पेटेंट समाप्त होने के बाद उठाया कदम**

'सेमाट्रिनिटी' नाम से सभी मात्रा में पेश किया है। नोवेलट्रीट का उपयोग वयस्कों में लंबे समय तक वजन नियंत्रण के लिए कम कैलोरी वाले आहार और शारीरिक गतिविधि के साथ किया जाता है। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती उपचार उपलब्ध कराना है।

डॉ. रेड्डीज ने 'ओबेडा' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है, जो सप्ताह में एक बार लगाया जाता है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एरेज इजराइली ने कहा कि कंपनी इसे अन्य देशों में भी उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।

ग्लेनमार्क ने 'ग्लिपिक' नाम से अपना जेनेरिक सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन पेश किया है। ग्लेनमार्क के अधिकारी आलोक मलिक ने कहा कि भारत में उन्नत मधुमेह उपचार की शुरुआत में अधिक लागत एक बड़ी बाधा है, जिसे यह दवा कम करने में मदद करेगी। जायडस लाइफसाइंसेज ने भी 'सेमाग्लिन', 'मैशेमा' और 'अल्टरमेट' नाम से सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन के अपने जेनेरिक संस्करण पेश करने की घोषणा की है।

**सर्वे रिपोर्ट**

**लोकलसर्किल्स का दावा–68% घरों में समय पर नहीं पहुंच रही गैस**

# ब्लैक में सिलेंडर खरीद रहे 20% लोग, देने पड़ रहे 4,000 तक रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

एलपीजी संकट के चलते देश में सिलेंडर की कालाबाजारी बढ़ गई है। गैस की कमी और डिलीवरी में देरी के कारण करीब 20% परिवारों को सिलेंडर ब्लैक में खरीदना पड़ रहा है। कई मामलों में लोगों को एक घरेलू सिलेंडर के लिए 500 से 4000 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। इंडियन सर्वे और रिसर्च फर्म लोकलसर्किल्स की ओर से जारी सर्वे रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ब्लैक में सिलेंडर लेने वालों की संख्या पिछले हफ्ते के मुकाबले 6% बढ़ गई है। इस हफ्ते 68% भारतीय घरों को गैस डिलीवरी में देरी का सामना करना पड़ा, जबकि पिछले हफ्ते यह आंकड़ा 57% था।

बता दें कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है, लेकिन हालात चिंता वाले बने हुए हैं।

**देने पड़ रहे 4,000 रुपये तक ज्यादा:** सर्वे रिपोर्ट में कहा गया है कि गैस की कमी के कारण बीते सप्ताह की अपेक्षा इस सप्ताह ब्लैक में सिलेंडर खरीदने वालों की संख्या 14% से बढ़कर 20% हो गयी है। लोग तय रेट से आवश्यकता के अनुसार 300 से 4,000 रुपये तक ज्यादा दे रहे हैं।

**केवल 28% परिवारों को ही समय पर सिलेंडर:** देश के 328 जिलों के 57,000 लोगों पर हुए सर्वे में सामने आया कि केवल 28% परिवारों को ही समय पर गैस मिल पा रही है। इस सर्वे में शहर और गांव के 61% पुरुष और 39% महिलाएं शामिल थीं, जिनमें



से अधिकतर लोगों ने गैस आपूर्ति में परेशानी की बात कही। पेट्रोलियम मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले एक हफ्ते में करीब 11,300 टन कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को दी गई है। इसका आवंटन 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया है।

### सख्त कार्रवाई करे सरकार

लोकलसर्किल्स अब इस सर्वे की रिपोर्ट केंद्र सरकार और संबंधित मंत्रालयों को सौंपने की तैयारी में है। संस्था ने मांग की है कि गैस की जमाखोरी करने वाले डीलरों और धोखाधड़ी करने वाली एजेंसियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, डिजिटल सिस्टम में आ रही खामियों को दूर करने की भी अपील की गई है।

### शहरों में पीएनजी पर शिफ्ट हो रहे लोग

गैस आपूर्ति में कमी को देखते हुए शहरी उपभोक्ता अब पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। सर्वे के अनुसार, ग्रामीण भारत के हालात और भी खराब हैं। गांवों में गैस सप्लाई न होने के कारण 40% से ज्यादा ग्रामीण आबादी अब भी पारंपरिक बायोमास (लकड़ी और उपले) पर निर्भर हो गयी है।

### सिलेंडर नहीं, आ रहा डिलीवरी मैसेज

सर्वे के अनुसार करीब 12% उपभोक्ताओं ने धोखाधड़ी वाले SMS मिलने की शिकायत की है। इन मैसेज में दावा किया जा रहा है कि उनका सिलेंडर डिलीवर हो गया है, जबकि उनके घर गैस पहुंची ही नहीं। इस 'फैंटम डिलीवरी' यानी कागजी डिलीवरी ने ऑफिशियल बुकिंग प्लेटफॉर्म्स पर लोगों का भरोसा कम कर दिया है।

### कालाबाजारी रोकने को मारे 4500 छापे

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए। इनमें से 1100 छापे उत्तर प्रदेश में हुए। वहीं ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1800 औचक निरीक्षण भी किए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### प्रतिक्रिया जानने को सड़कों पर लगाए क्यूआर कोड बोर्ड

**नई दिल्ली।** नागरिकों की सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, पीडब्ल्यूडी ने सुदृढ़ीकरण के दौर से गुजर रही सड़कों पर क्यूआर कोड-सक्षम डिस्प्ले बोर्ड लगाए हैं। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य महत्वपूर्ण जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करके और प्रतिक्रिया के लिए एक सीधा माध्यम बनाकर सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के साथ लोगों के जुड़ने के तरीके को बदलना है। पीडब्ल्यूडी के मंत्री ने कहा, पारदर्शिता का अर्थ केवल सूचना साझा करना नहीं है; इसका अर्थ है लोगों की बात सुनना। इस पहल से नागरिकों को न केवल सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी मिलेगी, बल्कि वे सीधे अपनी प्रतिक्रिया भी दे सकेंगे।

### कर्नाटक में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शिवमोगा स्थित त्यावरेकोप्पा चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े के हमले में पशु चिकित्सक डॉ. समीक्षा रेड्डी की दर्दनाक मौत के बाद राज्य में वन्यजीव संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस बीच सरकार ने उनके परिवार के लिए 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। अधिकारियों के अनुसार हाल ही में पशु चिकित्सा अधिकारी नियुक्त हुई 27 वर्षीय डॉ. समीक्षा रेड्डी प्रशिक्षण पर थीं। वह गुरुवार देर रात नियमित ड्यूटी के दौरान हमले का शिकार हो गईं। बताया गया कि रात करीब 10:30 बजे एक पक्षी का इलाज करने के बाद वह एक गर्भवती दरियाई घोड़ी के बाड़े में उसकी शारीरिक स्थिति की निगरानी के लिए थर्मल कैमरा लेकर गईं। इसी दौरान जानवर आक्रामक हो गया और उसने उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर आंतरिक चोटें आईं।

### अभिनेता निकोलस ब्रेंडन का निधन

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर अमेरिकी टीवी सीरीज 'बफी द वैम्पायर स्लेयर' में 'जैंडर हैरिस' की भूमिका निभाकर दुनिया भर में लोकप्रियता बटोरने वाले अभिनेता निकोलस ब्रेंडन (54) का कई गंभीर बीमारियों के कारण निधन हो गया है। उनके परिवार ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट के जरिए इस दुखद खबर की पुष्टि की। परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया, हमें अपने भाई और बेटे निकोलस ब्रेंडन के निधन की खबर साझा करते हुए गहरा दुख हो रहा है।

# अमेरिका ने पश्चिम एशिया भेजीं बड़ी संख्या में पैट्रियट

● रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा की उत्पन्न हुई चिंता

लंदन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ युद्ध पर ध्यान केंद्रित करते हुए अमेरिका ने बड़ी संख्या में 'पैट्रियट' मिसाइलों को यूरोप से हटाकर पश्चिम एशिया की ओर भेज दिया है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन मिसाइलों को पश्चिम एशिया में भेजे जाने के कारण यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के खिलाफ यूरोप की वायु रक्षा कमजोर होने को लेकर चिंता पैदा हो गई है।

संवेदनशील सैन्य मामलों पर गोपनीयता के कारण अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी है। एक अधिकारी ने बताया कि ईरान युद्ध के कारण यूरोप और अन्य क्षेत्रों में पैट्रियट मिसाइलों का भंडार निश्चित रूप से कम हो रहा है और स्थिति काफी चिंताजनक है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति के आधकारिक आवास व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा तय किए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हथियार, गोला-बारूद और सैन्य भंडार मौजूद हैं। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ शुरू किए सैन्य अभियान को 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' नाम दिया है।

## अंधेरे की आहट समाधान की राह

वर्तमान में पूरी दुनिया एक अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना कर रही है, जो न केवल आर्थिक विकास को बाधित कर रहा है बल्कि वैश्विक सुरक्षा के लिए भी खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ समय में, ऊर्जा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे विकसित और विकासशील दोनों तरह की अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संकट की जड़ें केवल संसाधनों की कमी में नहीं, बल्कि जटिल भू-राजनीतिक समीकरणों, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान में निहित हैं। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद स्थितियां बेहद खराब हुई हैं। तेल अवसंरचनाओं पर हमलों के चलते कच्चे तेल की निकासी और परिवहन प्रभावित हुआ है। होर्मुज जलडमरुमध्य पर टैंकरों की आवाजाही पर ईरान की रोक ने संकट को और बढ़ा दिया है। वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल ही इसका बेहतर समाधान हो सकता है।

## वैश्विक ऊर्जा संकट



### संकट का कारण

● भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष : मार्च 2026 में मध्य पूर्व विशेष रूप से ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते युद्ध और तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है।

● हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य की बंदी : यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग है। इसके बंद होने या असुरक्षित होने से वैश्विक तेल और एलएनजी आपूर्ति का लगभग 20% हिस्सा रुक गया है। भारत अपनी एलएनजी जरूरतों का लगभग 60% इसी मार्ग से आयात करता है, जिससे आपूर्ति पर गहरा असर पड़ा है।

● आपूर्ति श्रृंखला में बाधा : कतर जैसे प्रमुख उत्पादकों से एलएनजी और एलपीजी के शिपमेंट में देरी हुई है। इसके कारण वैश्विक बाजार में स्पॉट कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं।

● भारी आयात निर्भरता : भारत एलपीजी जरूरतों का 85-90% और कच्चे तेल का लगभग 85% आयात करता है। आपूर्ति कम होने और कीमतें बढ़ने का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ा है।

### प्रमुख देशों में मांग और आपूर्ति

● अमेरिका : यहां कच्चे तेल की मांग लगभग 20.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन है, जबकि आपूर्ति लगभग 13 मिलियन है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 880-900 बिलियन क्यूबिक मीटर है। ● चीन : कच्चे तेल की चीन में मांग लगभग 15-16 मिलियन प्रतिदिन है, लेकिन इसका घरेलू उत्पादन केवल 4 मिलियन के करीब है। चीन अपनी 70% से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। यहां प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 400 बीसीएम है। चीन तेजी से कोयले से गैस की ओर बढ़ रहा है, जिससे इसकी मांग और आयात दोनों बढ़ रहे हैं। ● रूस : कच्चे तेल की रूस की घरेलू मांग लगभग 3.5 मिलियन बैरल रोज है, जबकि इसका उत्पादन 9-10 मिलियन है। रूस की घरेलू गैस मांग लगभग 470 बीसीएम है। ● भारत : कच्चे तेल की भारत की मांग लगभग 5.2 - 5.5 मिलियन रोजाना है। भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है क्योंकि घरेलू उत्पादन काफी कम है। प्राकृतिक गैस की मांग लगभग 65-70 बीसीएम है। भारत लगभग 50% एलएनजी आयात करता है।

### भारत के पास विकल्प

● नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य : 2030 तक 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करना।

● इथेनॉल सम्मिश्रण : पेट्रोल में 20% इथेनॉल मिलाकर आयात बिल को कम किया जा सकता है। सौर ऊर्जा का भी इस्तेमाल

ईवी का इस्तेमाल : इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता कम की जा सकती है।

● सामरिक तेल भंडार : आपात स्थिति के लिए देश के भीतर तेल का बड़ा स्टॉक जमा करना (जैसे विशाखापत्तनम और पादुर में)।

# छीनने नहीं देंगे मताधिकार, अंत तक लड़ेंगे

## मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बहाने मताधिकार छीनने का आरोप

● ईद पर रैली में बोलीं, विधानसभा चुनाव बंगाल की रक्षा की लड़ाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के मतदान अधिकार छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबसे बड़ा घुसपैठ करने वाला करार दिया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता ने कोलकाता के प्रतिष्ठित रेड रोड पर ईद की नमाज के बाद नमाजियों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों को लोकतांत्रिक अधिकारों और बंगाल के बहुल सामाजिक ताने-बाने की रक्षा की लड़ाई करार दिया।

ममता ने कहा कि हम मोदी जी और भाजपा को आपके मतदान के अधिकार छीनने नहीं देंगे। हम अंत तक लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने के लिए उन्होंने कोलकाता से लेकर दिल्ली तक की अदालतों का रुख किया है। उनकी ये टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर बढ़ते राजनीतिक टकराव के बीच आई है। तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि एसआईआर के कारण वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, खासकर अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों से। उन्होंने कहा कि जब आप विदेश जाते हैं, तो नेताओं से हाथ मिलाते हैं और मित्रता की बातें करते हैं। यह आपकी पसंद है, और मैं सभी देशों का सम्मान करती हूं। लेकिन जब आप भारत लौटते हैं, तो अचानक हिंदू-मुस्लिम विवाद शुरू हो जाता है, और लोगों को घुसपैठिया कहा जाने लगता है। ममता ने मोदी और भाजपा द्वारा सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ के बार-बार लगाए जा रहे आरोपों को लेकर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा, आप फिर नाम हटाने और लोगों को घुसपैठिया करार देने की बात करते हैं। मैं कहूंगी कि आप और आपकी सरकार सबसे बड़ी घुसपैठ करने वाले हैं। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। ममता बनर्जी ने इस मौके का उपयोग पार्टी के उस चुनावी विमर्श को मजबूत करने के लिए किया कि भाजपा संस्थागत तंत्र और ध्रुवीकरण करने वाली बयानबाजी के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।



### असम में भाजपा ने की दो और उम्मीदवारों की घोषणा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने असम में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए शनिवार को दो और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जिनमें कृष्णा साहा को दलगांव से और जीवन गोगोई को सिसीबरगांव से मैदान में उतारा गया है। इसके साथ ही भाजपा असम विधानसभा की 126 सदस्यीय विधानसभा में 90 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि लखीमपुर से भाजपा के सांसद प्रधान बरुआ की पत्नी को विधानसभा चुनाव में सिसीबरगांव से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सिसीबरगांव सीट लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। हालांकि, पार्टी ने स्थानीय नेता जीवन गोगोई को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा राज्य चुनावों में असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। अगप को 26 सीटें मिलीं, जबकि बीपीएफ को चुनाव पूर्व समझौते के तहत 11 सीटें मिलीं। शेष सीटें भाजपा के हिस्से में हैं। भाजपा और अगप दोनों ने चमारिया सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा ने बृहस्पतिवार को असम के लिए 88 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

### केरल में भाजपा ने जारी की अपने 11 उम्मीदवारों की नई सूची

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 11 उम्मीदवारों की एक नई सूची जारी करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष करमना जयन को तिरुवनंतपुरम से मैदान में उतारा है। नवीनतम सूची के साथ, भाजपा ने नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अब तक 97 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। जयन का मुकाबला एलडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे अभिनेता सुधीर करमना और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी एवं संयुक्त लोकतांत्रिक मार्चा नेता सी पी जॉन से होगा। भाजपा की नई सूची में एक और महत्वपूर्ण नाम व्यवसायी एस राजशेखरन नायर का है, जो नेय्याट्टिनकारा से चुनाव लड़ेंगे। उनका मुकाबला मौजूदा विधायक अनसलान और कांग्रेस उम्मीदवार एन सक्तन से होगा। भाजपा ने एससी आरक्षित चिरायिनकीझू निर्वाचन क्षेत्र से बीएस अनूप और चदयामंगलम से आरएस अरुण राज को भी उतारा है, जो कांग्रेस द्वारा टिकट न दिए जाने के बाद पार्टी में शामिल हुए थे। राजद छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हुए टीएन सुरेश कोवलम से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता विवेक गोपन अरुविक्कारा से चुनाव लड़ेंगे। रवींद्रनाथ वकत्थानम पुथुप्पल्ली से चुनाव लड़ेंगे। पीरुमाडे में वी रथीश, एससी-आरक्षित मवेलिककारा में अजिमोन, एससी-आरक्षित अडूर में पंडालम प्रतापन और चवारा में केआर राजेश को मैदान में उतारा है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 23 मार्च है।

# भाजपा की बी टीम हैं कांग्रेस और राहुल गांधी : विजयन

● केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस को घेरा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए उन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी टीम होने का आरोप लगाया। विजयन ने यह आरोप एक साक्षात्कार के दौरान लगाया। राहुल गांधी ने हाल में टिप्पणी की थी कि देश में केंद्रीय एजेंसियों ने केरल के मुख्यमंत्री को छोड़कर अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया है या पूछताछ के लिए बुलाया है।

गांधी की इस टिप्पणी के बारे में सवाल किए जाने पर विजयन ने कांग्रेस नेता एवं उनकी पार्टी पर भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग अनुभवों से नहीं सीखते। वे सामान्य लोग नहीं होते। वे एक दुर्लभ उदाहरण हैं। ऐसा उन लोगों के साथ होता है जो आमतौर पर चीजों को समझने में असमर्थ होते हैं। राहुल गांधी इसी श्रेणी में आते हैं। विजयन ने कहा कि राहुल गांधी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन अदालत ने उन सभी आरोपों को खारिज कर दिया और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को क्लीन चिट दे दी। वाम नेता ने कहा कि यह राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेतृत्व के लिए एक करारा झटका था। इसके बावजूद, यह दुखद है कि वह वही गलती दोहरा रहे हैं। इसीलिए मैंने कहा था कि वे अपने अनुभवों से सबक नहीं सीखते। विजयन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मामलों का विश्लेषण करने पर हमें यह ज्ञात होता है कि राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस, भाजपा की वास्तविक 'बी-टीम' बन गई है। लेकिन मैं अभी इसके विवरण में नहीं जाऊंगा।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस-भाजपा का गठबंधन राज्य में अतीत में कई बार देखा गया है, लेकिन आगामी चुनावों में क्या परिणाम निकलेंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। विजयन ने कहा कि दोनों दल एक ही तरीके से एलडीएफ (सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा) का विरोध करती हैं।

# डॉ. वंदना दास हत्या मामले में दोषी शिक्षक को उम्रकैद

● अभियोजन ने कहा-आरोपी के लिए मृत्युदंड की करेंगे अपील

कोल्लम (केरल), एजेंसी

केरल में कोल्लम के एक अस्पताल में डॉ. वंदना दास की सनसनीखेज हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए शिक्षक को शनिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई। अभियोजन पक्ष ने कहा कि वह आरोपी के लिए मृत्युदंड दिए जाने का अनुरोध करते हुए अपील दायर करेगा। चिकित्सक के परिवार ने भी फांसी देने की मांग की है। डॉ. दास की मई 2023 में एक तालुक अस्पताल के अंदर जी संदीप ने बेरहमी से हत्या कर दी थी।

विशेष लोक अभियोजक प्रताप जी पडिकल ने बताया कि कोल्लम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने संदीप को भादंसं के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कुल 30 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई और कहा कि इस सजा को पूरा करने के बाद चिकित्सक की हत्या के लिए उसकी आजीवन कारावास की सजा शुरू हो जाएगी। विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष को यह सिफारिश करेंगे कि आजीवन कारावास की सजा को मृत्युदंड में बदलने के लिए अपील दायर की जाए। उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष ने संदीप के लिए अधिकतम सजा की मांग की थी, लेकिन अदालत ने शायद इसे दुर्लभतम मामला नहीं माना और इसीलिए मृत्युदंड नहीं दिया गया। डॉ. दास के पिता ने कहा कि यह फैसला परिवार के लिए राहत की बात है, लेकिन वह निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते कि उनकी बेटी को न्याय मिला है या नहीं। उन्होंने सजा पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सजा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

# ब्रिटेन में दिमागी बुखार का प्रकोप हाई अलर्ट जारी

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा निकाय ने देश के कई हिस्सों में मेनिंजाइटिस (मस्तिष्क ज्वर) के मामलों में अचानक हुई वृद्धि के बाद हाई अलर्ट जारी किया है। पिछले दो हफ्तों में लंदन और दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के कुछ इलाकों में संक्रमण के मामलों में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ गयी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रकोप विशेष रूप से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को प्रभावित कर रहा है। यूकेएचएसए के मुख्य चिकित्सा सलाहकार ने चेतावनी दी है कि मेनिंजाइटिस बी और डब्ल्यू स्ट्रेन के मामले अधिक देखे जा रहे हैं। अधिकारियों ने छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे टीकाकरण की स्थिति की तुरंत जांच करें। ब्रिटिश सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है।

# कर्नाटक : सामाज कल्याण अधिकारी ने की आत्महत्या

● मोबाइल पर बनाया वीडियो वरिष्ठों को दोषी ठहराया

तुमकुर, एजेंसी

तुमकुर जिले में सामाजिक कल्याण विभाग के एक अधिकारी ने अपने वरिष्ठ सहकर्मी पर उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद अपने कार्यालय में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सहायक निदेशक मल्लिकार्जुन का शव शुक्रवार को पावागड़ा कस्बे में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में पंखे से लटका मिला। विभाग के तालुक-स्तरीय अधिकारी ने आत्महत्या करने से पहले अपने मोबाइल फोन पर एक सेल्फी वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त निदेशक कृष्णप्पा द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने बताया कि मल्लिकार्जुन पावागड़ा के गुंडरलाहल्ली का मूल निवासी था। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मां, पत्नी और बच्चों ने उसका अच्छे से ख्याल रखा है। पीड़ित ने दावा किया कि ईश्वर और कानून वरिष्ठ सहयोगी को उनके कृत्यों के लिए दंडित करेंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मल्लिकार्जुन के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सेल्फी वीडियो के आधार पर संयुक्त निदेशक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि संयुक्त निदेशक ने हाल में मल्लिकार्जुन के खिलाफ जांच शुरू की थी।

# नौका पर अमेरिका के हमले में दो नशा तस्करों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लातिन अमेरिका में कथित तस्करों के खिलाफ अभियान के बीच पूर्वी प्रशांत महासागर में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करी नौका पर सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गयी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने शुक्रवार को 'एक्स' पर बताया कि हमले के तुरंत बाद अमेरिकी तटरक्षक को हमले में जीवित बचे तीन लोगों की तलाश के लिए सक्रिय किया गया है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि उसके एक जहाज ने दो शव और एक जीवित व्यक्ति को बरामद कर उन्हें कोस्टा रिका के तटरक्षक बल को सौंप दिया। इस ताजा हमले के साथ सितंबर की शुरुआत से ट्रंप प्रशासन द्वारा मादक पदार्थ आतंकवादियों के खिलाफ अभियान शुरू होने के बाद नावों पर हमलों में मारे गए लोगों की संख्या कम से कम 159 हो गई है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बिताएंगे।

**तुला** — आज व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। आपको बड़ा पद सौंपा जा सकता है। कार्यशैली में परिवर्तन कर सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार से धन लाभ के योग बन रहे हैं। समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ आइडियाज आएंगे।

**मिथुन** — आज पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सफल होंगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु** — आज विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप लोगों के बीच लोकप्रिय रहेंगे।

**कर्क** — आज का दिन नए कार्य की योजना बनाने के लिए शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में साझेदारी करने के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — आज पुरानी उलझनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको अधिक परिश्रम करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आप समाज में लोकप्रिय रहेंगे। विद्वान लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी का विचार बनाएंगे। बच्चों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**कन्या** — आज नए प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इसके कारण आपको अपने खर्चों में कटौती भी करनी पड़ेगी।

**मीन** — आज धन से जुड़े मामलों में देरी हो सकती है। लोन संबंधी मामले उलझने की आशंका है। अपने मन की बातें साझा करने से बचें।

### आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 22 मार्च, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्थी 21.16 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। **ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**- भरणी 20.42 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

### सुडोकू - 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 9 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 3 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |

### सुडोकू -96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 6 | | 8 | 5 | | |
| | 2 | | 9 | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 6 | | 7 | 8 | | | | 3 | |
| | | 2 | | | | 7 | | 9 |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 8 | | 5 | 2 | | | |
| | | 1 | | | | | 6 | |
| | | 9 | 4 | | 6 | | | 7 |

# पंजाब में तस्करी के 6.5 किलो हेरोइन बरामद

**फिरोजपुर।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने शनिवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करते हुए तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर 6.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तान स्थित तस्करों ने जीरो लाइन पार की और सीमा बाड़ के बहुत करीब आ गए। वे अंधेरे का फायदा उठाकर नशीले पदार्थों की खेप को भारतीय सीमा के भीतर धकेलने की कोशिश कर रहे थे।

संगोष्ठी

## सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने किया आह्वान

# लंबित मुकदमों के निस्तारण को बने न्यायिक सुधार आयोग

बेंगलुरु, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने शनिवार को अदालतों में बढ़ते लंबित मामलों को कम करने के लिए एक न्यायिक सुधार आयोग के गठन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों में प्रणालीगत खामी की वजह से न्याय वितरण में देरी हो रही है।

वह यहां सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायिक शासन की पुनर्कल्पना: लोकतांत्रिक न्याय के लिए संस्थानों को मजबूत करना विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। यहां 'लंबित मामलों से त्वरित न्याय की ओर: भारतीय न्यायालयों में न्याय वितरण पर पुनर्विचार' विषय पर आयोजित परिसंवाद का हिस्सा रहीं न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस सुधार आयोग में न केवल उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के सदस्य होने चाहिए, बल्कि बार एसोसिएशन, अटॉर्नी जनरल, सॉलिसिटर जनरल और संस्थागत स्तर पर बार का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ सदस्य, जैसे कि बार अध्यक्ष, और सरकार की ओर से भी सदस्य होने चाहिए ताकि लंबित मामलों को कम करने पर अंतर-संस्थागत संवाद स्थापित किया जा सके।



उन्होंने रेखांकित किया कि विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण, मुकदमे की यथास्थिति से पक्षकार के लाभ जैसे कारणों से कार्यवाही को लंबा खींचने की कोशिश होती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि एक वकील या अधिवक्ता को स्थगन और सुनवाई में देरी पसंद होती है क्योंकि इससे उसे प्रति उपस्थिति और विस्तारित समयसीमा का लाभ मिलता है। सरकारी विभाग हार स्वीकार करने के बजाय अपील करके नौकरशाही संबंधी जोखिम को कम करता है।

### सरकार की भूमिका मुकदमेबाजी का बड़ा स्रोत

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने सरकार की भूमिका को मुकदमेबाजी का सबसे बड़ा स्रोत बताते हुए कहा कि अधिकारी जांच से बचने के लिए अपील दायर करते हैं, यहां तक कि उन मामलों में भी जहां विवादों का निपटारा पहले किया जा सकता था। इसके परिणामस्वरूप मामले अनावश्यक रूप से कई न्यायिक स्तरों से गुजरते हैं। सरकार सार्वजनिक रूप से लंबित मामलों के बारे में चिंता जताती है।





स्टेडियम

बरेली, रविवार ,22 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

हाईलाइट



पोलैंड के टोरून में वर्ल्ड एथलेटिक्स इनडोर चैंपियनशिप की हेप्टाथलॉन 60 मीटर हर्डल्स में हिस्सा लेते जमैका के जेरोम कैंपबेल। एजेंसी

## आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को टी-20 खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैम्पियन भारत 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलेगा। बीसीसीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी। दोनों मैच बेलफास्ट में होंगे जहां भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा टीम इंडिया दो मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये जून 2026 में आयरलैंड जायेगी। उन्होंने कहा पिछले आठ साल में भारतीय टीम ने तीन बार ( 2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है। बेलफास्ट में भारतीय टीम 2007 के बाद पहली बार खेलेगी । इससे दो दिन पहले आयरलैंड के हाई परफार्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इसकी पुष्टि की थी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के बाद इंग्लैंड में एक से 19 जुलाई तक पांच टी20 और तीन वनडे खेलेगी।

## कैमरन ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**शेनजेन (चीन)।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन तैराक कैमरन मैकएवॉय ने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 17 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को शेन्ज़ेन में चाइना ओपन में 20 .88 सेकंड का समय दर्ज किया, जो ब्राजील के खिलाड़ी सेसार सिएलो के पिछले रिकॉर्ड से 0 .03 सेकंड कम है। सिएलो ने 2009 में तैराकी के तथाकथित 'सुपर सूट' युग के दौरान 20 .91 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। बाद में इस तरह की प्रतियोगिताओं को बंद कर दिया गया था। इन प्रतियोगिता में खिलाड़ी की क्षमता बढ़ाई जाती थी जिसके कारण 2009 में लगभग 150 विश्व रिकॉर्ड टूट गए थे। इस तरह की प्रतियोगिताओं पर 2010 में पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## ओलंपिक में पदार्पण को सौरव घोषाल ने ऐतिहासिक बताया

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सौरव घोषाल ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में स्क्वाश को शामिल किए जाने को ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि खेल के विकास के लिए बेहतर कोचिंग और 'इकोसिस्टम' को मजबूत बनाने की जरूरत है। हाल ही में विश्व प्रीमियर स्क्वाश के खेल कमिश्नर नियुक्त किये गए घोषाल ने कहा मैं खुशकिस्मत रहा हूं कि मैने भारत के लिये 20 साल से ज्यादा पेशेवर स्क्वाश खेला है। यह उस सारे अनुभव को साथ लाने का दौर है और मुझे खुशी है कि वैश्विक स्तर पर योगदान दे पा रहा हूं।

# केकेआर को बड़ा झटका, चोटिल आकाशदीप आईपीएल सत्र से बाहर

## पीठ के निचले हिस्से में फिर उभरा दर्द, स्वस्थ्य होने में लग सकते 12 हफ्ते

**कोलकाता, एजेंसी**

चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को शनिवार को तब एक और झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज आकाशदीप पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए। आकाशदीप कम से कम आठ सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे जिससे दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज का जून की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया आकाशदीप की पीठ के निचले हिस्से में दर्द फिर से उभर गया है और उन्हें ठीक होने में आठ से 12 सप्ताह तक लग सकते हैं। वह आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे और उनका अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध है। इस 29 वर्षीय गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के रूप में खेला था। तब वह पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे थे। उन्होंने पहली पारी में केवल 13 ओवर और दूसरी पारी में सात से कम ओवर फेंके थे। तब से वह बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं और उन्होंने बुधवार से यहां शुरू हुए केकेआर के अभ्यास शिविर में हिस्सा नहीं लिया।

सूत्र ने कहा पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने में काफी समय लगेगा। इस तरह की चोट में फिट होने के लिए लगभग 10 सप्ताह का समय लगता है। लेकिन इस मामले में इससे भी अधिक समय लग सकता है। आकाशदीप तीन बार के चैंपियन केकेआर की चोटिल खिलाड़ियों की सूची में नया नाम हैं। इस सूची में भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और 18 करोड़ रुपये में खरीदे गए श्रीलंकाई खिलाड़ी मथीशा पथिराना भी शामिल हैं, जिससे टीम का तेज गेंदबाजी विभाग कमजोर पड़ गया है। आकाशदीप और राणा की अनुपस्थिति में केकेआर को वैभव अरोड़ा, कार्तिक त्यागी और फिट होकर वापसी करने वाले उमरान मलिक पर निर्भर रहना पड़ेगा। राणा पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे। बीसीसीआई के निर्देश के बाद इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करना पड़ा, जिसके बाद केकेआर ने उनके स्थान पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया।



## कोलकाता नाइट राइडर्स की गेंदबाजी में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा : अश्विन

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के गेंदबाजी आक्रमण में अब पहले जैसा खौफ नहीं रहा और उनके 'मिस्ट्री' स्पिनरों में 'नवीनता का तत्व' भी फीका पड़ गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले केकेआर की ताकत और कमजोरी का विश्लेषण करते हुए अश्विन ने कहा कि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर अब काफी जिम्मेदारी होगी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा मुझे नहीं लगता कि केकेआर की गेंदबाजी देखकर विरोधी टीम डरेंगी। 'मिस्ट्री फैक्टर', 'नवीनता' और खौफ, ये सब अब खत्म हो चुके हैं। पहले बल्लेबाज विश्लेषक के कमरे में जाकर गेंदबाज के हाथ को देखते थे या फिर एक रन लेने की बात सोचते थे। उन्होंने कहा वरुण अपने करियर के ऐसे दौर में हैं जहां उन्हें जवाब ढूंढने होंगे। यह हर क्रिकेटर के विकास का हिस्सा होता है। मुझे लगता है कि नवीनता का तत्व अब खत्म हो गया है। अश्विन ने यह भी कहा कि अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण की प्रभावशीलता भी कम हो गई है। उन्होंने कहा सुनील नारायण अब अपने एक्शन की वजह से अपनी तेज गेंद नहीं डाल सकते। ईडन गार्डन्स छोटा मैदान है इसलिए विरोधी टीमों के लिए आक्रामक होना आसान हो गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केकेआर के गेंदबाजों के लिए आक्रामक बल्लेबाजी लाइन-अप को रोकना मुश्किल हो सकता है, खासकर छोटे मैदानों पर। उन्होंने यह भी कहा कि चोटों और खिलाड़ियों में बदलाव के कारण गेंदबाजी इकाई कमजोर हो गई है। उन्होंने कहा नीलामी के बाद मैंने कहा था कि केकेआर की गेंदबाजी मजबूत है। लेकिन अब मुस्तफिजुर रहमान टीम में नहीं हैं। माथिशा पाथिराना चोटिल हैं और हर्षित राणा भी बाहर हो चुके हैं। अश्विन ने कहा केकेआर के पास ब्लेसिंग मुजारबानी हैं जिन्होंने मेहनत की है और मैं उन्हें देखने के लिए उत्साहित हूं। लेकिन इतनी चोटों के बीच किसी को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी और वो कौन होगा, मुझे नहीं दिखता। भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप भी केकेआर के पूरे सत्र के लिए बाहर हो गए हैं। अश्विन ने श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया जिन्होंने 2024 में केकेआर को तीसरा खिताब जिताया था लेकिन टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। उन्होंने कहाकोरबो है, लोरबो है, लेकिन जीतबो नहीं है। केकेआर ने तीन बार खिताब जीता, दो बार गौतम गंभीर के नेतृत्व में और एक बार श्रेयस अय्यर की अगुआई में। अश्विन ने कहा श्रेयस अय्यर की कप्तानी प्रभावशाली रही है। केकेआर का नुकसान पंजाब किंग्स का फायदा बन गया। अय्यर पंजाब किंग्स में शामिल हुए और पिछले साल टीम को एक दशक में पहली बार आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया।



अहमदाबाद के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फी लेते गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ी कुमार कुशाग्र, मानव सुथार व अरशद खान।

## किसी सत्र का एक भी मिनट बर्बाद नहीं करना : कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के करिश्माई बल्लेबाज विराट ने साथी खिलाड़ियों को दी सलाह

करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अपने साथी खिलाड़ियों से 'स्विच आन' करने का आग्रह किया और कहा कि आईपीएल खिताब बरकरार रखने की तैयारी में अब उन्हें अभ्यास सत्र का एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले अभ्यास सत्र के दौरान कोहली ने कहा कि उसी जज्बे को बरकरार रखना है जिसके दम पर उन्होंने पिछले साल खिताब जीता था। कोहली ने कहा हमने पिछले दो तीन सत्र में काफी मेहनत की है जिसके दम पर पिछले साल यह उपलब्धि हासिल कर सके। अब रास्ता और कठिन होगा क्योंकि बाकी टीमें भी पूरी चुनौती देंगी। आरसीबी को 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। कोहली ने कहा हमें समय बर्बाद नहीं करना है। हमें आगे रहना है तो स्विच आन कर लीजिए। किसी भी सत्र का एक मिनट भी व्यर्थ नहीं करना है। हमें अगले ढाई महीने में अपना 120 प्रतिशत देना होगा। आरसीबी ने टीम में वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, जोर्डन कॉक्स, विकी ओस्तवाल और सात्विक देसवाल को शामिल किया है।

मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा नीलामी काफी रोचक थी और हमारी टीम बेहतर हुई है। हमने कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों को लिया है। विराट और रजत की अगुवाई में स्थापित खिलाड़ियों के साथ उन्हें आरसीबी का हिस्सा बनाना रोमांचक होगा। उन्होंने यह भी कहा इस साल बात अलग होगी क्योंकि अब हम खिताब जीत चुके हैं।

## तन्वी का शानदार अभियान सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त

**ओरलियंस।** भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।

भारत की सत्रह वर्षीय खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 की विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के एक रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की थी। लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गईं। तन्वी लगातार लाइन से चूकती रहीं और ब्रेक तक जापानी खिलाड़ी से 6-11 से पिछड़ रही थीं।


## महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं फैनी

**अबुजा, एजेंसी**

- नाइजीरिया इनविटेशनल के एक मुकाबले में 65 गेंदों पर खेली 111 रनों की नाबाद पारी

रवांडा की फैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज़ बनीं। उन्होंने घाना के खिलाफ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी20 टूर्नामेंट के एक मुकाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली।

15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं। इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉलटन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ दूसरा ही अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबला था। दूसरी तरफ इससे पहले महिला टी 20I में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के ख़िलाफ़ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में अभी तक चार बल्लेबाज़ों ने टी20 डेब्यू में शतक लगाया है, लेकिन उसमें से



एक भी पूर्ण सदस्य देश से नहीं हैं। कनाडा के मैथ्यू स्पूर्स ने 2022 में फ़िलीपींस के ख़िलाफ़ 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पुरुष क्रिकेट में फ्रांस के गुस्ताव मैकियोन टी20 में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ हैं जिन्होंने यह रिकॉर्ड 18 साल और 280 दिन की उम्र में बनाया था। उतागुशीमानिंदे के शतक की मदद से रवांडा ने 210 पर 3 का बड़ा स्कोर बनाया और उनके बाद दूसरी सर्वश्रेष्ठ स्कोरर मेर्विल उवासे रहीं जिन्होंने 19 गेंदों में 32 रनों की नाबाद पारी खेली। इसके अलावा 28 रन अतिरिक्त से आए जिसमें 25 वाइड थे। घाना की टीम 20 ओवर में 88 पर 8 का स्कोर ही बना सकी और उन्हें 122 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

## मानव व यशस्विनी ने जीता राष्ट्रीय टेबल टेनिस का खिताब

**इंदौर।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) के मानव ठक्कर और यशस्विनी घोरपड़े ने शनिवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अपना पहला एकल खिताब जीता। पुरुषों के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मानव ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन करते हुए रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के जीत चंद्र पर 4-1 (11-2 11-4 6-11 11-9 11-3) की शानदार जीत हासिल की।

इसके विपरीत महिला एकल के फाइनल में काफी कड़ा मुकाबला देखने को मिला तथा आखिर तक रोमांच बन रहा। आखिर में यशस्विनी ने अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया। उन्होंने फाइनल में पीएसपीबी की युवा खिलाड़ी सिंड्रेला दास पर 4-3 (11-6 12-14 11-5 9-11 13-11 6-11 11-8) से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी और सुहाना सैनी ने अनिकेत बोस और सम्प्रीति रॉय की पश्चिम बंगाल की जोड़ी को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-9 11-7 9-11 13-15 12-10) से हराया।

## जापान ने जीता महिला एशियाई कप



जापान की माइका हमानो के खिलाफ फुटबॉल पर नियंत्रण करने की कोशिश करतीं ऑस्ट्रेलिया की एली कारपेंटर। एजेंसी

**सिडनी, एजेंसी**

- मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया, माइका हमानो ने किया एकमात्र गोल

माइका हमानो के पहले हॉफ में किए गए गोल की बदौलत जापान ने शनिवार को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर महिला एशियाई कप का खिताब जीत लिया।

हमानो चेल्सी से 'लोन' पर टोटेनहम के लिए खेलती हैं। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 17वें मिनट में बाएं ओर से मिले पास पर पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से जोरदार शॉट लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 10 मिनट में बराबरी के लिए पूरा दबाव बनाया, लेकिन जापान की मजबूत रक्षा पंक्ति ने उन्हें लगातार रोके रखा। जापान ने 2014 और 2018 में भी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगातार महिला एशियाई कप जीते थे। इस तरह उसने पिछले चार महाद्वीपीय टूर्नामेंटों में तीसरी बार खिताब जीता है। एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए छह मैचों में सिर्फ एक गोल खाया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 2010 के बाद से यह महाद्वीपीय चैंपियनशिप नहीं जीती है, जब सैम केर (तब 16 वर्ष की थीं) ने फाइनल में गोल किया था। एशियाई कप से छह टीमें अगले साल ब्राजील में होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। मध्य पूर्व युद्ध से प्रभावित ईरानी टीम की भागीदारी के कारण 12 टीमों के इस टूर्नामेंट ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया।

मियामी ओपन

एरीना सबालेंका ने एन ली और एलेना रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को हराया

# सबालेंका और रिबाकिना तीसरे दौर में पहुंचीं

**मियामी, एजेंसी**

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका और वर्ल्ड नंबर दो एलेना रिबाकिना ने शुक्रवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में अपने मियामी ओपन अभियान की विजयी शुरुआत की। सबालेंका ने अमेरिकन एन ली पर 7-6(5), 6-4 से दूसरे राउंड में 1 घंटे, 42 मिनट की जीत हासिल की जबकि रिबाकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को एक घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से हराया।

सबालेंका ने अपनी जीत के बाद माना कि हालांकि वह अपने ओवरऑल खेल के लेवल से खुश नहीं थीं, लेकिन वह मुश्किल हालात में अपने रिस्पॉन्स से खुश थीं। शुरुआत में वह 4-1 से आगे थीं, लेकिन ली ने लगातार तीन गेम जीतकर बराबरी कर ली। जिसमें 4-4 के लिए



एक होल्ड भी शामिल था जिसमें उन्होंने सात ब्रेक पॉइंट बचाए। सेट में बने रहने के लिए दो बार सर्व बचाने के बाद, ली ने बाद में टाईब्रेक के बीच में सबालेंका को लीड किया, लेकिन टॉप सीड ने आखिरी पांच में से चार पॉइंट जीतकर अपनी लीड वापस पा ली। दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार तीन ब्रेक के बाद, सबालेंका ने ली को चौथे सेट के दो मौके देने से मना कर दिया। और बाकी रास्ते में सर्विस पर चार पॉइंट गंवाकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपना लगातार नौवां ओपनिंग मैच जीत लिया। सबालेंका का अगला मैच कैटी मैकनेली से होगा। मियामी में पहले दो पहले राउंड से बाहर होने के बाद, मैकनेली ने रेबेका मासरोवा पर शुरुआती जीत के साथ नंबर 29 सीड वांग शिन्यु को 6-4, 1-6, 6-0 से हराया। रविवार को इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में वर्ल्ड नंबर ए आर्यना सबालेंका से हारने के बाद डब्ल्यूटीए टूर पर अपना पहला मैच खेलते हुए, रायबाकिना ने शुरुआत में ही ब्रेक करके 3-1 की बढ़त बना ली। हालांकि पुतिनत्सेवा, जिन्होंने अपनी पिछली तीन मुलाकातों में से दो जीती थीं, ने 3-3 से बराबरी कर ली, लेकिन रायबाकिना ने आठवें गेम में एक और ब्रेक के साथ जवाब दिया और सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, रायबाकिना ने सातवें और नौवें गेम में ब्रेक करके 1 घंटे, 17 मिनट में 6-3, 6-3 से जीत पक्की कर ली।

> मैं वहां थी, मैं लड़ रही थी, चाहे कुछ भी हो, भले ही मेरा गेम शायद मेरा सबसे अच्छा गेम नहीं था, जहां उन्होंने वर्ल्ड नंबर 39 की भी तारीफ की। उन्होंने आगे कहा उन्होंने ज़बरदस्त टेनिस खेला। वह सुपर एग्रेसिव थीं, उनकी सर्विंग ज़बरदस्त थी, वाह। यह एक शानदार मैच था, एक शानदार लेवल था, और मैं यह बहुत मुश्किल जीत पाकर बहुत खुश हूं।
>
> **–एरीना सबालेंका**

> बहुत खुश हूं, सच कहूं तो यूलिया के खिलाफ मैच हमेशा मुश्किल होते हैं। मुझे खुशी है कि आज मेरी सर्व काम कर रही थी। मुझे कोर्ट के हिसाब से ढलने के लिए भी कुछ समय चाहिए था। मैंने अभी तक यहाँ हिट भी नहीं किया था। इसलिए मैं जीत से बहुत खुश हूँ।
>
> **–एलेना रिबाकिना**

## विंबलडन ने छह कोर्ट पर वीडियो रिव्यू की सुविधा शुरू की

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब ने शनिवार को घोषणा की कि विंबलडन इस साल के टूर्नामेंट में पहली बार वीडियो समीक्षा (रिव्यू) तकनीक का इस्तेमाल करेगा।

सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट में यह तकनीक सेंटर कोर्ट, नंबर एक कोर्ट (क्लब का दूसरा सबसे बड़ा कोर्ट) और चार अन्य कोर्ट पर उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को चेयर अंपायर द्वारा दिए गए कुछ खास फैसलों जैसे ''डबल बाउंस'' का रिव्यू करने की अनुमति होगी। वीडियो रिव्यू ने 2023 अमेरिकी ओपन में ग्रैंड स्लैम टेनिस में अपनी शुरुआत की थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी इस तकनीक का इस्तेमाल करता है।

## कर्स्टन ने छोटे कोचिंग समय के लिए पीसीबी के दखल को जिम्मेदार ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के पूर्व हेड कोच गैरी कर्स्टन ने टीम के साथ अपने छोटे समय के बारे में बात की है, और बताया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बहुत ज़्यादा दखल ने उनके समय से पहले जाने में अहम भूमिका निभाई। कर्स्टन, जिन्हें अप्रैल 2024 में दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर अपॉइंट किया गया था, ने सिर्फ़ छह महीने बाद पाकिस्तान की वनडे और टी 20 टीमों के हेड कोच का पद छोड़ दिया, टीम के ऑस्ट्रेलिया के तय वनडे दौरे से कुछ ही दिन पहले।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर ने कहा कि टीम के मामलों में बाहरी दखल का लेवल ऐसा था जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। कर्स्टन ने टॉकस्पोर्ट क्रिकेट को बताया, "जिस चीज़ ने मुझे सबसे ज़्यादा हैरान किया, वह थी दखल का लेवल। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसे पहले कभी उस लेवल पर देखा है। क्या इससे मुझे हैरानी हुई? मुझे नहीं पता, लेकिन यह काफ़ी था।

उनके इस्तीफे के बाद, पीसीबी ने टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम कोच बनाया, जिसमें छह लिमिटेड-ओवर मैच थे। हालांकि, कुछ महीने बाद गिलेस्पी ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कर्स्टन ने बताया कि लगातार बाहरी दबाव की वजह से खिलाड़ियों के साथ काम करने का एक स्थिर माहौल बनाना मुश्किल हो गया।

उन्होंने कहा जब बाहर से लगातार शोर हो रहा हो, तो कोच के लिए आकर खिलाड़ियों के साथ काम करने का तरीका बनाना काफी मुश्किल होता है। यह मुश्किल था, बाहर से लगातार शोर और खराब परफॉर्मेंस और इस तरह की चीजों के लिए बहुत सारी सज़ा देने वाली कार्रवाई।